4 रायपुर संभाग
एक उम्मीद फिर जगी रीवा-बिलासपुर ट्रेन रायपुर तक हो...

6 अभिमत
आतंकवाद से मुकाबला मोदी का फैसला

09 विविध
ब्लैक मार्केटिंग यूरिया और ग्रोमोर में...

10 संस्कारधानी
फॉर्च्यूनर पार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, धमतरी...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 23 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-331 मूल्य 3.00 ₹

# सदन में गूंजा बलौदाबाजार कांड
## विपक्ष का स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य, हंगामा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन बलौदाबाजार आगजनी कांड पर सदन में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष में जमकर नोक-झोंक हुई। स्थगन को अग्राह्य करते ही विपक्ष ने सदन में नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी सदस्यों ने भाजपा की सुशासन वाली विष्णु सरकार से इस्तीफा मांगा। सदन में गुरू घासीदास बाबा जय के नारे भी गूंजे। विपक्षी सदस्य कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग करते रहे। नारेबाजी और हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आस्था, प्रतीक को तोड़ने का काम किया है। उन्होंने प्रदेश की समरसता और भाईचारा को खत्म करने के षडयंत्र का आरोप लगाया। डॉ. महंन ने कहा राज्य की शांति व्यवस्था भंग हुई है। प्रदेश में हिंसा का वातावरण बना हुआ है। समाज को बांटने का काम किया गया है। उन्होने कहा मेरी जानकारी के मुताबिक कई संगठनों से अब तक 168 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा हम सदन के माध्यम से यह जानना चाहते हैं कि कौन ऐसे लोग जो छत्तीसगढ़ की सद्भावना को मिटाना चाहते हैं। विपक्ष ने इस पर चर्चा की मांग की। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बलौदाबाजार के कलेक्टर-एसपी कार्यालय में आगजनी की गई। देश के इतिहास में इस तरह की घटना पहली बार हुई।



### नेता प्रतिपक्ष महंत ने कहा-बेमौसम बेर कहां से लाये?

सत्तापक्ष और विपक्ष की तीखी नोक-झोंक के बीच हंसी मजाक का भी दौर चलता रहा। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने साय कैबिनेट के अयोध्या यात्रा पर चुटकी ली। महंत ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री को भेंट करने के लिए नारियल धोती लेकर आया हूं। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री शिवरीनारायण का बेर लेकर अयोध्या गए थे। लेकिन अभी बेर का सीजन तो है ही नहीं, कहां का बेर लेकर अयोध्या गए थे? आप लोग अयोध्या होकर तो आ गए लेकिन राम वन गमन परिपथ का काम बंद कर दिया।

भूपेश ने कहा सतनामी समाज के जैतखाम को छतिग्रस्त करने से यह विवाद शुरू हुआ। समाज के आक्रोश के बाद एफआईआर दर्ज की गई। इस मामले में बिहार के तीन मज़दूरों को गिरफ्तार किया गया। जिसके कारण सतनामी समाज में आक्रोश बढ़ता गया। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति सिर्फ मजदूरी नहीं मिलने से जैतखाम को नुकसान नहीं पहुँचा सकता। इस मामले को लेकर सतनामी समाज ने सीबीआई जाँच की माँग की। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि समाज ने आंदोलन की अनुमति मांगी थी। भूपेश बघेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य के बाहर से भी लोग आये थे। उन्होंने कहा नागपुर से भी लोग पहुँचे। दस हज़ार से ज़्यादा की भीड जुट चुकी थी।

एसपी-आईजी, कलेक्टर कोई भी मौके पर मौजूद नहीं थे। यहा तक की सभा स्थल पर ज्ञापन लेने कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। इस मामले में एसपी-कलेक्टर की भूमिका संदेह के घेरे पर है। यहां तक की भोजन और टेंट की व्यवस्था कलेक्टर ने की थी। बघेल ने कहा कि 15 मई से 10 जून तक का समय बीत गया। इस दौरान समाज के आक्रोश को कम किया जा सकता था। देश के इतिहास में कभी कलेक्टर कार्यालय में आगज़नी नहीं हुई। ये घटना एक धब्बा है। सफ़ेद कपड़ा पहने लोगों को पुलिस ने उठाया। भूपेश बघेल ने कहा दुर्भावना में पुलिस काम कर रही है। भाजपा विधायक मोतीलाल साहू का भतीजा भी सिर्फ इसलिए पीटा गया क्योंकि उसने सफ़ेद कपड़े पहने थे। वहीं खरसिया विधायक उमेश पटेल ने कहा कि शैलेंद्र बंजारे नाम के युवा को पुलिस ने उठाया। वह घटना स्थल पर मौजूद ही नहीं था, फिर भी उसे हिरासत में लिया गया। वही सदन में विपक्षी सदस्यों द्वारा कहा गया कि हिरासत में लेने दीपक मीरी के घर पुलिस पहुँची, वह तीन महीने पहले ही वह मर चुका था। कांग्रेस विधायक कविता प्राणलहरे ने कहा, एक बिहारी को मुजरिम बनाकर ला कर खड़े कर दिया गया। आंदोलन हुआ तो हज़ारों की भीड़ में पाँच सौ पुलिस भी नहीं थी। हम सदन में न्याय की मांग करते हैं। वहीं पूर्व मंत्री अनिल भेड़िया ने कहा कि निर्दोष लोगों को मुजरिम बनाकर जेल भेजा जा रहा है। विपक्षी सदस्य द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि अंग्रेजों की पुलिस जिस तरह से काम करती थी, वैसा ही काम पुलिस ने किया है। वही विधायक राम कुमार यादव राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग लगाते रहे।

वही उपमुख्यमंत्री तथा गृहमंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रहे विजय शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह कहना गलत कि अमरगुफा घटना पर करवाई नहीं हुई। उन्होने कहा यह भी कहना गलत कि ज्ञापन लेने अधिकारी मौजूद नहीं थे। घटना में 40 पुलिस कर्मचारी घायल हुए, 14 केस दर्ज हुए हैं। गृहमंत्री शर्मा के वक्तव्य के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य कर दिया।

## क्विक न्यूज

### छह अभियुक्तों की पुलिस रिमांड, बीस अभियुक्तों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

**पटना।** बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में जहां जेल में बंद बीस अभियुक्तों की न्यायिक हिरासत अवधि 05 अगस्त तक बढ़ा दी वहीं एक छात्रा समेत छह अभियुक्तों की पुलिस रिमांड अवधि चार दिन और बढ़ाये जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने हिरासती पूछताछ के बाद सोमवार को इस मामले में गिरफ्तार की गई राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स), रांची मेडिकल की छात्रा सुरभि कुमारी के साथ चार अन्य मेडिकल छात्र चंदन कुमार, कुमार सानू, राहुल आनंद और करण जैन तथा एक बिचौलिए सुरेंद्र शर्मा को विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी धनंजय पांडेय के समक्ष पेश किया। इन छह अभियुक्तों को पेश करने के साथ ही सीबीआई ने एक आवेदन दाखिल कर हिरासती पूछताछ के लिए इन अभियुक्तों की पुलिस रिमांड की अवधि बढ़ाए जाने की प्रार्थना की।

### सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस संसदीय रणनीतिक समूह की बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी की अध्यक्षता में पार्टी की संसदीय रणनीतिक समूह की बैठक हुई जिसमें मानसून सत्र के दौरान सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा हुई। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि आज कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्लियामेंट्री स्ट्रेटजी ग्रुप की बैठक हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में चर्चा हुई कि सदन में किसान, अग्निवीर, नीट तथा देश की जनता से जुड़े हुए मुद्दे उठाए जाएंगे।



### प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते कुपोषण के मामले गहरी चिंता का विषयः यूनीसेफ

**सुवा।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के प्रशांत क्षेत्रीय प्रतिनिधि जोनाथन वेड्च ने कहा कि क्षेत्र में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर सामान्यतः स्थिर है, लेकिन देश में कुपोषण के बढ़ते मामले गहरी चिंता का विषय है। फिजी ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने बताया कि वेड्च ने फिजी और प्रशांत क्षेत्र में बच्चों के बीच कुपोषण और स्वास्थ्य के गंभीर मुद्दों को लेकर व्यापक चर्चा की और उन्होंने कहा कि अगर बच्चों को कम उम्र में उचित पोषण नहीं मिलता है, तो वे जल्दी मौत के शिकार हो सकते हैं।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज सातवीं बार आम बजट करेंगी पेश

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज संसद में चालू वित्त वर्ष 2024-25 का आम बजट पेश कर नया रिकार्ड बनाने जा रही है। वह लगातार सातवीं बार आम बजट पेश करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जायेगी। सीतारमण अब तक छह बार बजट पेश कर चुकी है जिसमें एक अंतरिम बजट भी शामिल है। मुरारी देसाई ने लगातार छह बार बजट पेश किये थे और सबसे अधिक बजट पेश करने का रिकार्ड अब तक उनके नाम है। देसाई ने भी एक अंतिरम बजट पेश किया था। इस वर्ष आम चुनाव के कारण सीतारमण ने एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश किया था। केन्द्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लगातार तीसरी बार सत्ता में आने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीतारमण पर भरोसा जताते हुये उन्हें लगातार दूसरे कार्यकाल में वित्त मंत्री की जिम्मेदारी दी है। सीतारमण लंबे बजट भाषण के लिए भी जानी जाती है। उनका केंद्रीय बजट 2020-21 का भाषण भारतीय इतिहास का सबसे लंबा बजट भाषण है यह 2 घंटे 40 मिनट तक चला था। इससे दौरान उन्होंने केंद्रीय बजट 2019-20 पेश करने के 2 घंटे 17 मिनट के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है। कल (23 जुलाई को) वित्तमंत्री लोकसभा में केंद्रीय बजट पेंश करेंगी। इस बार बजट पेश करने के बाद वित्तमंत्री का नाम एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो जाएगा। वह लगातार सात बार बजट पेश करने वाली देश की पहली वित्तमंत्री बन जाएंगी।

### सुको ने विवादित प्रश्न के उत्तर पर मांगी आईआईटी दिल्ली की राय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने स्नातक स्तर की मेडिकल एवं अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले से संबंधित पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 के एक विवादित प्रश्न का उत्तर जानने के लिए दिल्ली के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के निदेशक को संबंधित विषय के विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय एक कमेटी गठित करने का सोमवार को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विवादित प्रश्न का सही विकल्प जानने के लिए आईआईटी के निदेशक को विशेषज्ञों की एक कमेटी गठित करने और उसकी राय मंगलवार 23 जुलाई दिन के 12 बजे तक अदालत के समक्ष पेश करने का आदेश पारित किया ।



## गुरू के ज्ञान से ही जीवन में मिलती है सफलता : कौशल्या साय

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



बगिया एवं बंदरचुवा के शासकीय हाई सेकेण्डरी स्कूल में गुरू पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मत्नी कौशल्या साय थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा से किया गया। मुख्य अतिथि कौशल्या साय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरू का स्थान ईश्वर से भी ऊंचा होता है। जहां गुरू का सम्मान नहीं होता है,वहां ईश्वर का वास कदापि नहीं हो सकता। उन्होनें कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन बहुत आवश्यक होता है। जब तक छात्र अनुशासित नहीं होगा, वह जीवन में सफल नहीं हो सकता। यहीं कारण है कि शिक्षक सबसे पहले स्कूल में समय पर स्कूल आने, गृह कार्य करने और निर्धारित समय में छुट्टी कर, छात्र को घर भेजते हैं। छात्र जीवन में मिली अनुशासन का यह सबक हमारी सफलता की पहली सीढ़ी का काम करता है। कौशल्या ने कहा गुरू पूर्णिमा का पर्व हमें गुरू की महत्ता और जीवन में उनकी भूमिका का स्मरण कराता है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं भी गुरू पूर्णिमा के दिन बनोरा आश्रम पहुंच कर अपने गुरू का आर्शिवाद लिया। कार्यक्रम में अतिथियों ने स्कूल के सेवानिवृत्त शिक्षकों का साल और श्रीफल देकर सम्मानित किया।

## हाईकोर्ट ने भाटिया वाइन फैक्ट्री से 2 सप्ताह के भीतर मांगा जवाब

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



शिवनाथ नदी में मछलियों और जलीय जीवों की मौत मामले पर सोमवार को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने भाटिया शराब फैक्ट्री के संचालकों से पर्यावरण प्रदूषण रोकने के उपायों की जानकारी मांगी है। इसके लिए कंपनी को दो सप्ताह का समय दिया है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान शराब कंपनी के वकील की ओर से कहा गया कि, फैक्ट्री के केमिकल की वजह से मछलियों की मौत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि, मछली पालक किसानों ने ही नदी में मरी हुई मछलियां फेंकी है। उनके इस तर्क पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि, पर्यावरण प्रदूषण मंडल के नोटिस का पहले जवाब दें, फिर कार्रवाई तय होगी। मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। बता दे कि धुमा स्थित वाईन फैक्ट्री द्वारा प्रदूषित जल को नदी में बहाने के कारण लाखों की संख्या में जलीय जीवों की मौत हो गई। उक्त खबर को राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर ने प्रमुखता से उठाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया। जिस पर सोमवार को सुनवाई की गई। इसके पूर्व फैक्ट्री प्रबंधन पर दूषित पानी छोडने के आरोप लगते रहे है। स्थानीय एसडीएम ने भी प्रबंधन को नोटिस जारी किया। वहीं स्थानीय निवासियों ने शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए चुनाव का भी बहिष्कार किया था। हाईकोर्ट ने वाईन फैक्ट्री को फटकार लगाते हुए पर्यावरण के नियमों का पालन करने कहा है।

## छत्तीसगढ़ में शिक्षकों और विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात राष्ट्रीय अनुपात से बेहतर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा में प्रश्नकाल में स्कूल शिक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में शिक्षकों और विद्यार्थियों का अनुपात राष्ट्रीय अनुपात से बेहतर है। उन्होंने बताया कि देश में 26 विद्यार्थियों के पीछे एक शिक्षक हैं जबकि प्रदेश में 21 विद्यार्थियों के पीछे एक शिक्षक है। शिक्षकों की पदस्थापना में अब तक कुछ अव्यवस्थाएं थी। जिसके कारण शिक्षकों की कमी परिलक्षित हो रही थी। इन कारणों से सर्वप्रथम युक्तियुक्तकरण करना पहली प्राथमिकता होगी। कुछ स्कूलों में जहां विषय संकाय है वहां शिक्षक नहीं है जहां विषय संकाय नहीं है वहां शिक्षक हैं। कुछ स्थानों पर राज्य के अनुपात से भी बहुत कम विद्यार्थियों पर शिक्षक है। कुछ स्थानों पर तो 4-5 विद्यार्थी पर एक शिक्षक है। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया हेतु ऐसे स्कूलों का चिन्हांकन किया जा रहा है और शीघ्र ही सभी स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना कर दी जाएगी। इससे सभी स्कूलों में शिक्षक उपलब्ध हो जाएंगे और शिक्षा का स्तर और भी अच्छा हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शिक्षकों की व्यवस्था के साथ ही अधोसंरचना विकास पर भी हम काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में शिक्षक और विद्यार्थियों का अनुपात राष्ट्रीय औसत से भी बेहतर है। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूरी होने से सभी स्कूलों में शिक्षक मिल सकेंगे। साय सरकार द्वारा किये जा रहे युक्तियुक्तकरण का सकारात्मक असर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर पड़ेगा और ऐसे स्कूलों में भी शिक्षक मिल जाएंगे जहां शिक्षकों की कमी की वजह से शिक्षा प्रभावित हो रही है।

### जिला प्रशासन ने दिखाई तत्परता, हटाया गया मलवा

## 11 सी खदान का तटबंध टूटा, किरंदुल में हुआ जलभराव





पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी की किरंदुल पहाड़ी में स्थित 11 सी लौह अयस्क खदान का तटबंध टूटने से अचानक आई बाढ़ ने जमकर तबाही मचाई। रविवार दोपहर तीन बजे इस घटना में पहाड़ी के ऊपर से पानी का सैलाब मलबा लिए हुए शहर में घुसा और देखते ही देखते कुछ समय के लिए जल प्रलय जैसी स्थिति बन गई। छोटे वाहन, मवेशी बाढ़ के पानी में बहने लगे। सोमवार को भी 11:30 बजे एवम 04 बजे के करीब खदान की ओर से तेज बहाव के साथ पानी आ रहा था लेकिन कोई नुकसान नहीं हुआ। मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 1997 में ठेकेदार सुरेंद्र नायर के घर के पास ऊपर की ओर एनएमडीसी द्वारा चैक डैम बनाया गया था। जिसकी क्षमता 6500 क्यूबिक मीटर हैं। प्रतिवर्ष एनएमडीसी टेंडर के माध्यम से डैम साफ करवाती थीं। लेकिन एनएमडीसी व नगरपालिका के आपसी विवाद के कारण पिछले 02 वर्षों से चैकडैम की सफाई नहीं की गई। जिसकी वहज से डैम में ओवरफ्लो होने के कारण नगर में जलभराव हुआ और लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। बता दें सुभाष नगर में पोदीया मरकाम का पूरा घर पानी में बह गया, बादल विश्वास, किशोर मंडल, विनोद प्रसाद सिंह,उष्मा देवी, राधे कृष्ण सिंह एवम बंगाली कैम्प के सैकड़ों घर टूटने के साथ ही घरेलू सामग्री क्षतिग्रस्त हो गई। घरों में लाल मिट्टी मलबा जमा हुआ हैं। सोमवार को एनएमडीसी द्वारा 11 बी मार्ग में जमे मलवा को साफ किया जा रहा हैं। वहीं वार्डों में पानी की सप्लाई बाधित है। जिसकी मरम्मत नगरपालिका द्वारा करवाया जा रहा हैं। साथ ही नगर के बंगाली कैम्प, सुभाष नगर, गाडर पुलिया, भरतपुर कैम्प, मलप्पा कैम्प के सड़को एवम घरों में जमे मलबे को एनएमडीसी, नगरपालिका व जिला प्रशासन द्वारा साफ करवाया गया।






### संसद का यह सत्र सकारात्मक और सृजनात्मक हो : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को सावन के पहले सोमवार पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रावण के पहले दिन पर संसद का सत्र शुरू हो रहा है और उन्हें उम्मीद है कि यह सत्र देश के लोगों के सपनों को साकार करने में एक मजबूत नींव साबित होगा। मोदी ने सोमवार को संसद सत्र शुरू होने से पहले संसद भवन परिसर में संवाददाता सम्मेलन में कहा सावन का पहला सोमवार है। इस पवित्र दिवस पर एक महत्वपूर्ण सत्र प्रारंभ हो रहा है और सावन के इस पहले सोमवार की मैं देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा, संसद का मानसून सत्र भी आरंभ हो रहा है। देश बहुत बारीकी से देख रहा है कि संसद का ये सत्र सकारात्मक हो, सृजनात्मक हो और देशवासियों के सपनों को सिद्ध करने के लिए एक मजबूत नींव रखने वाला हो।



## संघ की गतिविधियों में सहभागिता पर रोक हटाया जाना सराहनीय : आरएसएस

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सरकारी कर्मचारियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर रोक हटाये जाने की सराहना करते हुए कहा है कि यह निर्णय भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने वाला है। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गत 99 वर्षों से सतत राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में संलग्न है। राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता-अखंडता एवं प्राकृतिक आपदा के समय में समाज को साथ लेकर संघ के योगदान के चलते समय-समय पर देश के विभिन्न प्रकार के नेतृत्व ने संघ की भूमिका की प्रशंसा भी की है। आम्बेकर ने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थों के चलते तत्कालीन सरकार द्वारा शासकीय कर्मचारियों को संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में भाग लेने के लिए निराधार ही प्रतिबंधित किया गया था। शासन का वर्तमान निर्णय समुचित है और भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है।

### कांवड़ यात्रा मार्गों पर दुकानदारों, कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कांवड़ यात्रा मार्गों पर दुकानदारों को अपने और अपने यहां काम करने वाले कर्मचारियों के नाम सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित करने के आदेश पर सोमवार को रोक लगाते हुए संबंधित राज्यों को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने ये आदेश जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई शुक्रवार को करेगी। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया।

# छत्तीसगढ़ विधान सभा की कार्यमंत्रणा समिति की हुई बैठक



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधान सभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक विधान सभा परिसर स्थित मुख्य समिति कक्ष में विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के सभापतित्व में संपन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी, आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, विधायक गण, मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, अमिताभ जैन एवं विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा उपस्थित थे।

# पूरे षड्यंत्र का होगा पर्दाफाश, अभी होंगी और कार्रवाइयां : विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार हिंसा और आगजनी पर उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मान रहे हैं कि षड्यंत्र हुआ है, इसलिए इसकी जांच चल रही है. जांच एजेंसियां जांच कर रही हैं। पूरे षड्यंत्र का पर्दाफाश होगा और अभी कार्रवाइयां होंगी।


उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा में बलौदाबाजार हिंसा को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश में सामाजिक लोगों की एक समिति भी बनाई गई है। समिति ने भी प्रतियुक्त सौंपा है। कांग्रेस के स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के संबंध में विजय शर्मा ने कहा कि चर्चा करने का समय ही नहीं है। न्यायिक जांच के चलते स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकती। सदन में जितना बोला गया है, उतना ही विषय है। वहीं बलौदाबाजार हिंसा में दस्तावेजों के नुकसान पर कहा कि फॉर्मेट्स काफी जले है, लेकिन रिकॉर्ड्स जले हैं। कलेक्टर ने इसकी जानकारी दी है।

## शिवरीनारायण के बेर पर कही यह बात

शिवरीनारायण के बेर अयोध्या ले जाने पर सदन में हुई बयानबाजी पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि एक बार मार्केट में देख लें कि मिलता है या नहीं। भगवान के दरबार जाना था तो शिवरीनारायण से बेर ले गए थे। अगर कल्पना होगी कि उस वृक्ष से ले गए हैं, तो यह अलग मामला है। शिवरीनारायण के बेर भगवान को समर्पित किए गए। इसलिए किए गए, क्योंकि यह भावना की बात थी। भूख मिटाने की बात है तो छत्तीसगढ़ की मातृत्वशक्ति में है।

# सरकारी कर्मचारी भी संघ(आरएसएस) के कार्यक्रम में अब शामिल हो सकेंगे

*केंद्र सरकार ने बदला 58 साल पुराना आदेश*



OFFICE MEMORANDUM

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में अब सरकारी कर्मचारी भी भाग ले सकेंगे। केंद्र सरकार ने 58 साल पुराने प्रतिबंध को हटा लिया है। संघ ने इस देशव्यापी निर्णय का स्वागत किया है। गौरतलब है कि संघ ने देश में कई आपदाओं में जिस तरह से मानव सेवा की है वो भी काफ महत्वपूर्ण है। भूकंप आपदा, बाढ़ के समय संघ के स्वयंसेवक अपनी जान की परवाह न करते हुए बेहद विपरीत स्थिति में लोगों की जान बचाने व नुकसान की भरपाई में कई बार स्थानीय प्रशासन से भी आगे निकल कर काम करते दिखाई दिए हैं।

# रायपुर के नुक्कड़ कैफे में 'फर्जी मुशायरे' का आयोजन

*ठहाको भरी शाम, चाय की चुस्की और मजाकिया शायरी का आनंद उठाया दर्शकों ने*



**रायपुर।** रविवार की शाम नुक्कड़ कैफे में 'फर्जी मुशायरे' का आयोजन किया गया, जहां स्टैंड अप कॉमेडी और शायरी के हुनर का मज़ेदार संगम देखने को मिला। जहां टॉमसन गौर, दिव्यजीत सिंह और हर्ष दुबे ने मजाकिया अंदाज में लोगों को लोटपोट किया, वही पल्लवी विश्वकर्मा और सना तमकीन उर्फ़ शायरा नूरी के नज़ाकत भरे अंदाज़ और तंज़िया शायरी ने दर्शकों को ठाहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। किसी ने मीम ट्रेंड पर शायरी सुनाई तो किसी ने बेतुकी तुकबंदी से लोगों का मनोरंजन किया. इस कार्यक्रम के टिकट कुछ ही दिनों में bookmyshow.com पर बिक गए। शो हाउसफुल रहा और इसकी खूब सराहना हुई।

# श्री महाकाल की सवारी में आदिवासी कलाकारों के शामिल होने पर यादव ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर की श्रावण के पहले सोमवार को निकलने वाली सवारी में आदिवासी लोक कलाकारों के शामिल होने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बधाई प्रेषित की है। डॉ यादव ने अपने बयान में कहा कि श्रावण सोमवार को महाकाल नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं। मां क्षिप्रा के किनारे से पूरे नगर में निकलने वाली सवारी का उत्साह और उमंग देखने लायक होता है। भक्ति भावना का ये उत्सव और उमंग का एक सागर उमड़ता है। डॉ यादव ने कहा कि सरकार ने इस सवारी में और चार चांद लगाने के प्रबंध किए हैं। राज्य के आदिवासी अंचल के निवासियों ने इसमें शामिल होने की इच्छा जताई थी। इस वर्ष धार, झाबुआ के दल ने अपनी उपस्थिति

# आर्थिक सर्वेक्षण भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का दस्तावेज : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल में आम बजट से पहले सोमवार को पेश किये गये आर्थिक सर्वेक्षण को भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का दस्तावेज बताया है।

मोदी ने आर्थिक सर्वेक्षण पर प्रतिक्रिया करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी एक पोस्ट में कहा , आर्थिक सर्वेक्षण हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती का उल्लेख करता है। यह सरकार द्वारा किये गये विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी



सामने रखता है। इसमें विकसित भारत की दिशा में बढ रहे भारत के लिए भविष्य में वृद्धि तथा प्रगति वाले क्षेत्रों की पहचान की गयी है।

उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया , जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत और वैश्विक उठापटक को झेलने में सक्षम बताते हुये चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि दर 6.5 से सात प्रतिशत तक रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

# शिवपुरी में स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में पुलिस ने मादक पदार्थो के तस्करी के मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फिजिकल कॉलेज थाना क्षेत्र में दो स्थानों पर धेराबंदी कर कल रात दो मादक पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से स्मैक जप्त की है। इस मामले में शिवपुरी निवासी विकास राठौर और राजस्थान निवासी रामेश्वर को गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों के पास से करीब 20 लाख रुपये के 90 ग्राम स्मैक बरामद किया है।

# पवित्र नदियों के किनारों को हरा भरा करेगी योगी सरकार

पायनियर संवाददाता ‹ लखनऊ
www.dailypioneer.com





उत्तर प्रदेश में 30 सितंबर तक चलने वाले 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान- 2024' के तहत गंगा, यमुना, हिंडन समेत कई प्रमुख नदियों के किनारों पर पौधरोपण किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि गंगा तट पर 5096.42 हेक्टेयर में 77.51 लाख पौधरोपण होगा तो यमुना किनारे 534 स्थल चिह्नित किए गए हैं, जहां पौधरोपण कराए जाएंगे। नदियों के किनारे कुल 2556 स्थल चिह्नित किए गए हैं, इनके किनारे 25061.84 हेक्टेयर में तीन करोड़ 72 लाख, 66 हजार पौधरोपण होगा। इसके संरक्षण के लिए नोडल अफसर भी नामित किए गए हैं। उन्होने बताया कि गंगा नदी के किनारे 676 स्थल चिह्नित किए गए हैं। गंगा किनारे 5096.42 हेक्टेयर में पौधे लगाए जाएंगे। वहीं इसके किनारे लगाने वाले पौधों की संख्या 77.51 लाख रहेगी। गंगा किनारे के वन प्रभागों प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशांबी, फतेहपुर, वाराणसी, गाजीपुर, मीरजापुर, भदोही, काशी वन्यजीव व बलिया में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा वित्त पोषित किसानों के खेतों में औषधीय पौधों की खेती के लिए प्रोत्साहन योजना भी संचालित है। इस योजना में 17 विभागीय पौधशालाओं व 50 कृषक पौधशालाओं की स्थापना कराते हुए 2500 हेक्टेयर क्षेत्रफल किसानों की निजी भूमि पर औषधीय व सगंध प्रजाति के पौधों की खेती भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाभियान के नोडल (वन विभाग) को निर्देश दिया कि यमुना, हिंडन समेत अन्य नदियों के किनारे भी हरियाली को विकसित किया जाए। इस पर वन विभाग ने यमुना किनारे 534 स्थलों को चिह्नित किया है। इनके 6581.32 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 98.47 लाख पौधे लगाए जाएंगे। हिंडन नदी के किनारे 54 स्थान चिह्नित किए गए हैं। इनके 270.13 हेक्टेयर में 4.14 लाख पौधरोपण किए जाएंगे। वहीं अन्य नदियों के किनारे भी पवित्र धारा पौधरोपण के तहत 1392 स्थलों पर 13113.97 हेक्टेयर में 192.54 लाख पौधे लगाकर यूपी की हरियाली में वृद्धि का प्रयास निरंतर होगा। कुल 2656 स्थलों को चिह्नित कर नदी किनारे 25061.84 हेक्टेयर में इस वर्ष तीन करोड़ 72 लाख 66 हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। नदियों के पुनरुद्धार के लिए वन विभाग व जलशक्ति-सिंचाई विभाग ने आपसी समन्वय से रूपरेखा भी तैयार की है। नदी के किनारे नीम, सहजन, इमली, अर्जुन, जामुन, बेल, आम, महुआ, सागौन, शीशम, गुटेल, बांस, पीपल, पाकड़, बरगद आदि प्रजातियों के पौधे रोपे जाएंगे। नदियों के किनारे व कैचमेंट में पौधरोपण व संरक्षण कार्य के लिए नोडल अफसर नामित अपर मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह ने बताया कि नदियों किनारे पवित्र धारा पौधरोपण के लिए तेजी से कार्य हो रहे हैं। यहां पौधरोपण करने व इनके संरक्षण के लिए नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं।

# दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाया पटवारी ने

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसके जरिए कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। पटवारी ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए कहा कि भिंड जिले में तीन कांग्रेस नेताओं के घर तोड़ने के बाद पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के निवास को निशाना बनाया जा रहा है। यह कार्य दुर्भावनापूर्ण राजनीति को दर्शाता है।

# सरकारी विद्यालय के 200 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

**गोड्डा।** झारखंड में गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी प्रखंड परिसर में झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा के द्वारा सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के 200 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद विजय हांसदा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी (सुंदरपहाड़ी), प्रमुख, उपप्रमुख ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। इस अवसर पर सांसद हांसद ने कहा,राज्य में विकास की गंगा बह रही है। लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है।

# यूपी में बन रहा है लिंक एक्सप्रेस-वे का जाल

पायनियर संवाददाता ‹ लखनऊ
www.dailypioneer.com



सात साल पहले अच्छी फोर लेन सड़कों के लिए तरसने वाला उत्तर प्रदेश आधा दर्जन से अधिक एक्सप्रेस-वे (ई-वे) के जरिए द्रुत गति से सूबे के जिलों को आपस में कनेक्ट कर रहा है। बीते सात साल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश में यूपी में ई-वे का लंबा जाल बिछ चुका है। इसके साथ ही लिंक ई-वे और संपर्क ई-वे की भी बड़ी श्रृंखला प्रदेश में कायम हो रही है, जिनके जरिए छोटे जनपदों को भी बड़े ई-वे के साथ जोड़ा जा रहा है। इससे जहां यात्रा तो आरामदायक होगी ही, साथ ही सफर की देरी भी घटेगी। प्रदेश में इस वक्त बलिया लिंक ई-वे (131 किमी) के अलावा चित्रकूट लिंक ई-वे (15.20 किमी), आगरा लखनऊ ई-वे से पूर्वांचल ई-वे तक लिंक एक्सप्रेस-वे (61.60 किमी), गंगा एक्सप्रेस-वे से आगरा एक्सप्रेस-वे वाया फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस-वे (93 किमी), यमुना एक्सप्रेस वे से गंगा एक्सप्रेस-वे वाया बुलंदशहर लिंक एक्सप्रेस-वे (84 किमी) निर्माणाधीन या प्रस्तावित हैं।

इन लिंक ई-वे के किनारों पर जहां सोलर पार्क डेवलप किये जाएंगे, वहीं इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन और जनसुविधा केंद्रों को भी विकसित किया जाएगा। प्रदेश सरकार बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस-वे और लिंक एक्सप्रेस-वे का जाल बुन रही है। बात बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे की करें तो यह गाजीपुर से बलिया के बीच की दूरी तय करेगी। इसके लिए 1600 करोड़ रुपए एनएचएआई द्वारा उपलब्ध कराए गये हैं। वहीं चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे जो कि शुरुआत में 4 लेन का होगा और जिसे आगे चलकर 6 लेन का बनाया जाएगा। ये बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को अहमदगंज से जोड़ेगा। वहीं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेस-वे शुरुआत में 6 लेन का होगा, जिसे आगे चलकर 8 लेन का बनाया जाएगा। 61.60 किलोमीटर लंबे इस लिंक एक्सप्रेस-वे की लागत तकरीबन 45 सौ करोड़ रुपए होगी। इसी प्रकार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के बीच वाया फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस-वे भी शुरुआत में 6 लेन का होगा, जिसे आगे चलकर 8 लेन का बनाया जाना है। 93 किलोमीटर लंबे इस लिंक एक्सप्रेस-वे की अनुमानित लागत 65 सौ करोड़ रुपए आंकी गई है। ऐसे ही जेवर एयरपोर्ट से निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे को जोड़ने वाले बुंदेलखंड लिंक एक्सप्रेस-वे की लंबाई भी 84 किलोमीटर होगी, जिसके निर्माण पर 6 हजार करोड़ की लागत आएगी।




# नगर सेना की टीम ने दो गर्भवती महिलाओं को रेस्क्यू कर सुरक्षित पहुंचाया अस्पताल



पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com

### बाढ़-आपदा के दौरान प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद

बीजापुर जिले में लगातार बारिश होने से नदी-नाले उफान पर है ऐसे प्रशासन पूरी तरह तत्परता और मुस्तैदी के आपदा पीड़ितों को हर संभव मदद के लिए तैयार है। इसी क्रम में आज दिनांक 21 जुलाई 2024 को आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोंगला के आश्रित ग्राम कमकानार में बाढ़ के कारण 02 गर्भवती महिला फंसे होने की सूचना मिलने पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास कुमार गवेल के नेतृत्व में तत्काल प्लाटून नगर सेना निर्मल साहू से संपर्क कर टीम के साथ रेड्डी पहुंचे तथा दोनो गर्भवती महिलाओं रामबाई उईका 35 वर्ष एवं सन्नी पुलसुम 25वर्ष को सुरक्षित नदी पार कराया गया एवं स्वास्थ्य जांच कर आगे ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगालूर पहुंचाया गया है। इस दौरान डॉ विकास कुमार गवेल बीएमओ बीजापुर , नरेंद्र कुमार कौशिक आरएमए, एम नागेश्वर राव बीडीएम, सुनीता बी सी, अनिता झाड़ी एएनएम, शारदा एमटी, रामेश्वर एवं अजय वाहन चालक के साथ साथ बाढ़ आपदा दल से ब्रम्हानंद कुंजाम , गोरला नारायण, जागर गट्टैया, हरीश कांडिक निर्दोष बारला, रूपलाल बेलगाया, संदीप भगत, हूंगा ताती तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कर्मी छोटा, कारनामें बड़े



पायनियर संवाददाता दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा जिले के कुख्यात तकनीकी सहायक के विषय में अनेक समाचारों का प्रकाशन किया गया। लेकिन हमेशा की तरह ये बच निकलते हैं। एक छोटे से संविदा कर्मी के बड़े कारनामों से जिला भ्रष्टाचार की दिशा में कीर्तिमान स्थापित करते जा रहा है। ये पंचायतों के कार्यो का भौतिक मूल्यांकन करते हैं लेकिन मजाल है कि कोई सरकार या प्रशासन इनके कार्यो या संपत्ति का भौतिक मूल्यांकन कर सके कम समय में इनके द्वारा विभिन्न स्थानों में चल-अचल संपत्ति अर्जित की गई है जो हैरत करने वाली है। यह दीगर बात होगी कि छद्म नाम से यह उल्लेखित हो। कहना जरुरी है कि कटेकल्याण ब्लॉक में इनके पदस्थ होने के बाद से ही इनके कारनामें चर्चा में हैं। एकलव्य कन्या परिसर के निर्माण के बाद इनकी गिनती भी रसूखदारों में होने लगी। पोंदुम शेड निर्माण में भी इन्होंने भ्रष्टाचार का लोहा मनवाया है.वर्तमान में ये नियद नेल्लानार में चांदी काटने को तैयार बैठे हैं। देखना होगा कि कांग्रेस के बाद भाजपा सरकार में इनकी तगड़ी सेटिंग जनपदों के पंचायतों में क्या गुल खिलाती है? अगले अंक में इनके अन्य कारनामें आंकड़ों के साथ प्रकाशित किये जायेंगे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा उत्सव का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता किरन्दुल
www.dailypioneer.com

गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में दिनांक 22 जुलाई को डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल के सभागार में गुरु पूर्णिमा उत्सव का भव्य आयोजन सरस्वती वंदना ,गुरु वंदना, दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विद्यार्थियों के द्वारा तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। गुरु की महिमा का बखान करते हुए विद्यालय की शिक्षिका नीति सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया।वरिष्ठ शिक्षिका विद्या त्रिपाठी के द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरु शिष्य संस्कृति पर प्रकाश डाला गया एवं इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न वर्गो के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्राचीन काल में प्रचलित गुरुकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव विषय पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्रीअजय झा ने अपने संभाषण में प्राचीन गुरुकुल परंपरा के अंतर्गत घर परिवार समाज एवं राष्ट्र निर्माण का संदेश विद्यार्थियों को दिया ।

कक्षा दसवीं की छात्रा मान्यता दुबे ने गुरु संस्मरण पर संभाषण देते हुए गुरु का अर्थ एवं उसकी महत्ता के विषय में अपना विचार व्यक्त की।कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के प्राचार्य पी एल वर्मा ने गुरु की महिमा को अनंत बताते हुए आज के परिपेक्ष्य में प्राचीन गुरु शिष्य परंपरा की आवश्यकता से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए संदेश दिया कि गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती।

# सर्व आदिवासी समाज गीदम ब्लॉक ईकाई गठित सर्व सम्मति से जितेंद्र बने अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता दंतेवाड़ा/गीदम
www.dailypioneer.com



सर्वआदिवासी समाज का बैठक आदिवासी भवन गीदम में आहूत की जिसमे गीदम ईकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया चुनाव प्रक्रिया में जिले से नियुक्त पर्यवेक्षक कोया समाज के जिला अध्यक्ष महादेव नेताम सर्व आदिवासी समाज के जिला महासचिव धीरज राणा जिले के सचिव बुधराम नाग संभागीय कर्मचारी प्रकोष्ठ से सुदरु नेताम वरिष्ठ मुंगडु कड़ती के दिशा निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुआ समाज के चुनाव प्रक्रिया के पूर्व ब्लॉक के सभी गांवों में जोनवार बैठक किया तथा सभी जोन से एकटुएक प्रभारी मानोनित कर प्रक्रिया पूर्ण किया गया ज्ञात हो की सामाजिक पदाधिकारियों का चुनाव प्रत्येक तीन वर्ष में होता है इसी तारगम्य में नई कार्यकारिणी गठित करते हुए अध्यक्ष जितेन्द्र वेट्टी उपाध्यक्ष- रामनाथ पुजारी, रविन्द्र टीकम, बीजू राम कश्यप अनिल वेको बलराम कश्यप, श्री मति दिनेश्वरी मांझी को बनाया गया सचिव - बलराम कश्यप सह सचिव -विशनाथ भारद्वाज,सत्यवान भास्कर तथा कोषाध्यक्ष -सुदरु नेताम , जे आर नुरेठी, रवि प्रकाश ठाकुर तथा कार्यालय सचिव - रामलाल नेताम,सचिव देवीचंद मंडावीमीडिया प्रभारी - जयदेव मरकाम,सह मीडियाट्ठ प्रभारी बोटी कोवासी सलाहकार - सुदरु कड़ती,सुदराम भास्कर संगठन प्रमुख - बालसिंग कोरसा,बल्ली राम लेकाम, जसवीर नेगी संगठन प्रभारी शैलेश अटामी,राकेश मंडावी सुखमन कश्यप मुख्य प्रवक्ता -भुनेशवर भारद्वाज, सुश्री अन्ती वेक को बनाया गया.संरक्षक -पिसे वट्टी,मुगडू कड़ती, चैतराम अटामी,मडडा राम वेक,बैसु मंडावी,खुड़ी नाग,मनकू लेकाम को बनाया गया .जोन प्रभारी - गोपी राम वेक,रति राम वेक,मासा राम लेखाम,लखमू कश्यप, अर्जुन भास्कर, बिंदू कश्यप, बीमा कश्यप, विजय कश्यप, सुंदर कश्यप, रूपा मुरामी, मिथुन कश्यप, अनिल तामो को बनाया गया.जिला कार्यकारिणी सदस्य में मन्नी राम मुरामी, आशा राम जुर्री, सत्य भामा कश्यप, सुनील भवानी, कमलेश वेक अनेश सोरी को बनाया गया।

# इंटर डिस्ट्रिक्ट स्टेट जूनियर गर्ल्स फुटबॉल चैंपियनशिप में डीएफए बीजापुर उप-विजेता

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com



एनटीपीसी कोरबा ई 2024 तक आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट स्टेट जूनियर गर्ल्स फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 के अंतर्गत प्रतियोगिता का फाईनल मैच डीएफए बीजापुर एवं डीएफए बस्तर के बीच खेला गया जिसमें डीएफए बस्तर ने 5 - 0 से जीत दर्ज किया। इससे पहले लीग मैच में डीएफए बीजापुर ने डीएफए रायपुर एवं डीएफए दुर्ग को हराकर फाईनल में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला डीएफए बस्तर से हुआ। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल के आधार पर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ टीम का चयन किया जाना था। जिसके कैम्प के लिये तीस खिलाड़ियों का चयन किया गया जिसमें बीजापुर के आठ खिलाड़ियों का चयन हुआ है। कैम्प के पश्चात तीस खिलाड़ियों में से बाईस खिलाड़ियों का चयन स्किल के आधार पर नेशनल टीम के लिये किया जायेगा। छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ द्वारा छत्तीसगढ़ टीम की सलेक्शन के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया था इस समिति में सलेक्टर की भूमिका में बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी की कोच ज्योति यादव भी शामिल थी, जिनको नेशनल टीम की कोच की जिम्मेदारी भी दी गई है।

# बरगद का पेड़ गिरा, बाल-बाल बचे लोग



पायनियर संवाददाता दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

गीदम हारमपारा में शनिवार-रविवार रात तीन बजे विशालकाय बरगद का पेड़ मकानों पर गिर गया। पेड़ की जद में चार मकान आये लेकिन खुशकिस्मती रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। पेड़ गिरते अफरा-तफरी रही। मकान क्षतिग्रस्त हो गए.संपत्ति का बड़ा नुकसान जरूर हुआ लेकिन फिर भी बड़ा हादसा नहीं हुआ. उल्लेखनीय है कि यह पेड़ बहुत पुराना था जिसे काटे जाने की बात भी कुछ अरसे से उठी थी। बहरहाल, अब प्रभावित परिवारों के लिए राहत देने का समय है। नुकसान का आंकलन के साथ सहायता पहुंचाने की जरुरत है.

# गौवंश की तस्करी करते तीन आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के आदेशानुसारं एवं अति. पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डाण्डे के निर्देश पर एवं श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के मार्गदर्शन में लगातार गौवंस तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है इसी कम में चौकी बासकोट पुलिस को दिनांक 21.07.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि कुछ व्यक्ति ग्राम मारंगपुरी तिलक साहु का मरहान कि ओर कृषक योग्य पशुओं जिसमें (1) गाय 33 नग (2) बछिया 12 नग (3) बैल 04 नग (4) बछड़ा 44 नग कुल 93 नग किमती जुमला 468000 /- (चार लाख अड़सठ हजार रु) को इकट्ठा करके रस्सी में बांधकर पशुओं को घास चारा व पानी उपलब्ध न कराते हुये कुरता पूर्वक व्यवहार करते हुये लंबी दूरी पैदल ले जाने की सूचना पर हम0 स्टाफ स.उ.नि रामनंदन कोरोटी आर.क. 313 केशकुमार शोरी, आर.क. 1005 सरजन मरापी 983 सत्येन्द्र नेताम के साथ रवाना होकर ग्राम मारंगपुरी तिलक साहु का मरहान के पास पहुंचकर मुखबीर के बताये स्थान पहुंचकर घेराबंदी कर तीन व्यक्तियों को कृषि योग्य



पशुओं को हांकते हुये ले जाते मिले जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे थे जिसे पकड़कर नाम पता पूछने पर अपना नाम (1) रतो बघेल उर्फ रता हरीजन पिता स्व0 मंगलू बघेल उर्फ मंगारू हरिजन उम्र 45 वर्ष निवासी भंडारीगुड़ा थाना कोसागुण्डा जिला नवरंगपुर राज्य उड़ीसा (2) बलधर बघेल उर्फ जलधर हरीजन पिता बैदनाथ जाति हरिजन उम्र 35 वर्ष निवासी बन्सुली थाना कोसागुण्डा जिला नवरंगपुर राज्य उड़ीसा (3) बिगनो बघेल उर्फ बिगनाधर हरीजन पिता बैदनाथ जाति हरिजन उम्र 25 वर्ष निवासी बन्सुली थाना कोसागुण्डा जिला नवरंगपुर राज्य उड़ीसा बाकी दो लोग मनीराम नेताम पिता खगपती नेताम निवासी तेलीगुड़ा एवं बलराम बघेल पिता भिखराम बघेल निवासी भंडारीगुड़ा पुलिस को देखकर घटना स्थल से भाग गये बाकी तीन व्यक्तियों को कृषक पशुओं के बारे में पुछताछ करने पर उक्त कृषक पशुओं को कय कर बुचड़ खाना उड़ीसा व तेलंगाना ले जाने रस्सी में बांधकर ले जाने बताये उक्त व्यक्तियों को कृषक पशुओं कि खरीदी बिको परिवहन व रखने के सबंध में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु मौके पर धारा 34 की नोटिस दिया गया उक्त पशु के संबंध में किसी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज नही होना लिखित रूप में पेश करने पर कुल 93 नग गौवंस अनुमानित किमती 468000 रू (चार लाख अड़सठ हजार) रूपये को जप्त किया गया व आरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर 4, 6, 10 छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004, 11 (1) घ पशु के प्रति क्रूरता का निवा. अधि. 1960 का पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध अपराध कमांक 42/2024 अपराध कायम कर आरोपियों को दिनांक 21/07/2024 को कमश 13ः10, 13ः15, 13ः20 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# आगामी पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा उत्तर मंडल की कार्यसमिति बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com



अटल सदन में भाजपा कोंडागांव जिले कि उत्तर मंडल कि बैठक जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा मंडल के प्रभारी जितेन्द्र सुराना मंडल अध्यक्ष मीनू कोर्राम कि उपस्तिथि में मंडल कार्यसमिति कि बैठक आगामी पंचायत चुनाव को लेकर रखी गईं दीपेश अरोरा जी ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हमने आप सभी कार्यकर्ता कि मेहनत से जीत मिली और अब आगामी चुनाव आप लोगों का हैं आप सभी कार्यकर्ता अभी से जूट जाएं और सभी मतदान केंद्र में मां के नाम से पेड़ लगाएं द्य जितेन्द्र सुराना ने कहा कि भाजपा कि सरकार राज्य और केंद्र में आप सभी कार्यकर्ता कि मेहनत से बनी हैं इसलिए अब आगामी चुनाव कार्यकर्ताओं का है अभी से तैयारी में लग जाए क्योंकि सभी पंचायत में भी हमारी सरकार बने जिससे विकास भी तिगुनी हो सके द्य इस बैठक में प्रमुख रूप से महेंद्र पांडे, खेम नेताम, दिलीप दिवान, महेंद्र नेताम, रैमल दिवान, हरी देवांगन, रामलाल सलाम, प्रकाश तिवारी, रामचन्द नेताम, चंदर पोयम, बिहारी दास, कनेस्वर पांडे, सुकली बाई, मनहर, हीरा नेताम, बैजू नेताम, मया राम, पुनि दास, महेंद्रा पांडे, लक्ष्मी नाथ, घेणवा मंडावी , रूपसिंह नेताम उपस्थित थे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान, विधायक ने पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिलाई शपथ




पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कांकेर विधायक श्री आषाराम नेताम द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शपथ दिलाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन पर आधारित इस अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी विद्यालय परिसर, छात्रावास एवं खेल मैदान में लगभग 70 फलदार, औषधियुक्त एवं छायादार पौधे रोपित किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, छत्तीसगढ़ मत्स्य विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ व एन.एस.एस. के कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी दो दिवसीय हड़ताल पर

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com

22 जुलाई से 23 जुलाई तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी एवं एड्स नियंत्रण के कर्मचारी अपनी दो दिवसीय ध्यानाकर्षण प्रदर्शन पर जा रहे हैं, जिससे राज्य/जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह चरमरा सकती है, जिला-अस्पताल, शहरी स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर इसका सीधा प्रभाव देखने को मिलेगा, जहां कई संस्थाएं लगभग बंद मिलेंगे। यह एनएचएम कर्मचारियों के लिए दोहरी चिंता का विषय है, कि वह पहले सरकार से 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग करें जो उन्हें 01 साल पहले ही मिल जानी चाहिए थी या नियमितिकरण की, जो डबल इंजन सरकार ने, मोदी की गारंटी में कहा था। समस्त छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम एवं एड्स नियंत्रण कर्मचारी संघ के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी लंबित 27त्न वेतन-वृद्धि एवं नियमितीकरण सहित 18 बिंदु मांग के संबंध में प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय ध्यान आकर्षण किया जाएगा. एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विगत 06 माह में वर्तमान सरकार को 24 बार से अधिक ज्ञापन एवं आवेदन-निवेदन दिया जा चुका है,



इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण उक्त कर्मचारीयों में भारी रोश व्याप्त है। जिससे आंदोलन में जाने विवश हो रहे हैं, ज्ञात होगी पिछले जुलाई 2023 में बजट सत्र के दौरान अनुपूरक बजट में 37000 संविदा कर्मचारियों के लिए 27त्न वेतन-वृद्धि प्रदान किया गया था, कर्मचारियों द्वारा बताया गया-कि उक्त वेतन वृद्धि लाभ स्वच्छता मिशन, मनरेगा, समग्र शिक्षा विभाग को मिल गया है जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के 16000 संविदा कर्मचारियों को 27त्न वेतन-वृद्धि अब तक आप्राप्त है जिसके कारण कर्मियों में भारी निराशा एवं रोश व्याप्त है, जिससे विवश होकर एनएचएम एवं एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी बड़ी संख्या में लोग रायपुर में ध्यान आकर्षण प्रदर्शन किया जाएगा, विधानसभा चुनाव पश्चात प्रदेश में नई सरकार गठन के बाद से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, स्वास्थ्य मंत्री, वित्त-मंत्री सहित तमाम सांसदों एवं विधायकों से मिलकर 24 से अधिक बार ज्ञापन दिया गया है, और जब मांग पूरी नहीं हुई तो अब हताश होकर दो दिन के ध्यानआकर्षण प्रदर्शन के लिए 22 और 23 जुलाई को रायपुर में इकट्ठा होंगे। इससे प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा सकती है और आम जनता की तकलीफ बढ़ेगी। लगभग 16000 की संख्या वाले इस संगठन में डॉक्टर, नर्स, ए एन एम, सी एच ओ, आर एम ए, पैरामेडिकल स्टाफ, एमपीडब्ल्यू, चतुर्थ वर्ग, काउंसलर, फार्मासिस्ट टीबी/वेक्टर बोर्न सुपरवाइजर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लेखा प्रबंधक, लैब टेक्नीशियन, प्रबंधकीय संवर्ग के लोग हैं। प्रांतअध्यक्ष डॉ.अमित कुमार मिरी ने बताया के अनुसार-कार्य कर रहे कर्मचारियों के लिए अनुपूरक बजट 19 जुलाई 2023 में 27 प्रतिशत संविदा वेतन वृद्धि की घोषणा विधानसभा में की गई थी, जिसके लिए 350 करोड़ का प्रतिवर्ष बजट भी रखा गया था, कई अन्य विभागों/योजनाओं में यह प्राप्त भी हो चुका है किंतु आज दिनांक 01 साल बीत जाने पर भी इसका लाभ एनएचएम कर्मचारियों को नहीं मिला है, अल्प-वेतन में काम कर रहे कर्मचारियों को घोषित वेतन-वृद्धि का लाभ ना देना यह सरकार/अधिकारियों की नियत पर संदेह पैदा करता है। करोना काल मे इन्ही संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी ने पूरा जिम्मा संभाल के रखा था जिसमें कोरोना टेस्टिंग आइसोलेशन वार्ड , करोना टीकाकरण सहित भी कार्य अपने जान में जोखिम डालकर कार्य किए हैं यह स्वास्थ्य सेवाएं होंगी प्रभावित-- संस्थागत प्रसव, टीकाकरण कार्य, गर्भवती माता जांच, दवाई वितरण सभी जांचे, उच्च संस्थानों में रेफर, काउंसलिंग कार्य, आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण, सिकल सेल स्क्रीनिंग, हेल्थ मेला, शिशु संरक्षण कार्यक्रम, ओपीडी, आईपीडी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय कार्यक्रम टीबी टेस्ट, डेंगू नियंत्रण, चिरायु कार्यक्रम, यू-विन पोर्टल में एंट्री, समस्त ऑनलाइन एंट्री, एनीमिया जांच, बीपी/शुगर जांच एवं दवा वितरण, मलेरिया, गर्भवती महिलाओं का रूटीन टेस्ट, एचआईवी ऐड्स टेस्ट-जांच एवं काउंसलिंग, डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम प्रभावित हो सकता है।

# पहले पांच थे अब दर्जन भर हो गए हैं विधायक?

### भाजपा जिलाध्यक्ष में देरी है जरुरी

पायनियर संवाददाता दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कुछ लोग कहते थे कि पांच विधायक हैं वे अब चुप किसलिए हैं? वास्तव में अब विधायक दर्जन भर हो गए हैं. भाजपा के जिलाध्यक्ष में हो रही देरी भी इन्हीं महोदयों के कारण हैं. यह तो अंडरस्टूड है कि भाजपा का जिलाध्यक्ष कितना पावरफुल होगा? यदि जनता और जमीनी कार्यकर्त्ता की पसंद से जिलाध्यक्ष बनता है तो न केवल संतुलन होगा बल्कि कार्यकर्ताओं में उत्साह होगा. इसके साथ शेष गैर निर्वाचित विधायकों पर भी नियंत्रण हो सकेगा. वर्तमान में जिलाध्यक्ष को लेकर अघोषित चुप्पी इस बात का इशारा जरूर करती है कि कुछ नया हो सकता है.अन्यथा जिलाध्यक्ष को अब तक थोप दिया जाता. चर्चा यह भी है कि भाजपा संगठन अंदरूनी तौर पर जिलाध्यक्ष तलाश चुकी है केवल सही समय पर घोषणा की जा सकती है.हालांकि भाजपा संगठन की बात लीक होती नहीं है लेकिन लोग अफवाहे उड़ाकर राजनीतिक रोमांच पैदा करने से बाज नहीं आते. बहरहाल, कोई भी भाजपा का जिलाध्यक्ष बने लेकिन उम्मीद यह किया जायेगा कि विधायकों की संख्या न बढ़े. विधायक एक ही रहे तो जनता और जमीनी कार्यकर्त्ता उन तक पहुंच अपनी बात रख सकते हैं एकाधिक विधायक होने के परिणाम सबने देखें है।

# एक उम्मीद फिर जगी रीवा-बिलासपुर ट्रेन रायपुर तक हो सकती है विस्तारित

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com




संसद सत्र प्रारंभ हो गया है और इस मानसूत्र सत्र में आम बजट के साथ ही पेश होने वाले रेल बजट में अंचल के लोगो को फिर एक बार आस जगी है कि इस बार तो रीवा से बिलासपुर तक चलने वाली 18247/18248 एक्सप्रेस ट्रेन रायपुर तक बढ़ सकती है,क्योंकि इस एक ही ट्रेन के लिए चार सांसदों ने भी रेल मंत्री को पत्र लिखकर रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस को दुर्ग या फिर रायपुर तक विस्तारित करने की मांग की है। रीवा से बिलासपुर के मध्य रोजाना चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को रायपुर या दुर्ग तक बढ़ाने की मांग काफी लंबे समय से की जा रही है। बलोदाबाजार भाटापारा जिला सहित रायपुर और दुर्ग जिले में बड़ी संख्या में रीवा के लोग रहते हैं और रीवा की ट्रेन पकड़ने के लिए इन्हें बिलासपुर तक का सफर करना पड़ता था। इस ट्रेन को पकड़ने के लिए किसी दूसरी ट्रेन या फिर अन्य साधन से बिलासपुर पहुंचना होता है। जिस कारण से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और कई बार ट्रेन भी छूट जाती है। ऐसे में इस ट्रेन को लंबे समय से रायपुर या दुर्ग तक विस्तारित करने की मांग की जा रही है। संसद का सत्र चालू हो गया है ऐसे में इस बार फिर इस सत्र को लेकर अंचल के लोगो में एक आस जगी है कि इस बार तो रीवा बिलासपुर एक्सप्रेस का विस्तार रायपुर दुर्ग तक हो जाएगा।अंचल के यात्रियों ने बताया कि 18248 रीवा से रात 10 बजकर 15 मिनट को रवाना होती है और दूसरे दिन प्रातः9 बजकर 20 मिनट को बिलासपुर पहुंच जाती है और 10 घंटे वासिंग यार्ड में खड़े रहने के बाद यह ट्रेन 18247 बिलासपुर से रात 7 बजकर 20 मिनट को रवाना होती है तथा दूसरे दिन सुबह 5 बजकर 55 मिनट को रीवा पहुंच जाती है और लगभग 16 घंटे बाद पुनः वापस होती है।लोगो ने बताया कि इस ट्रेन को विस्तारित करने की मांग जनहित में रीवा से सांसद जनार्दन मिश्रा, दुर्ग सांसद विजय बघेल, बिलासपुर सांसद और कैन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ ही महासमुंद की सांसद रुपकुमारी चौधरी ने भी रेल मंत्री को पत्र लिखकर 18247/18248 एक्सप्रेस ट्रेन को रायपुर या फिर दुर्ग स्टेशन से चलाने की मांग की है । अंचल के लोगो को इस सत्र से काफी उम्मीद जगी है और सत्र में इस ट्रेन को विस्तारित किया जाता है तो दुर्ग,रायपुर,भाटापारा के रेल यात्रियों को कटनी,मैहर,सतना के लिए एक अतिरिक्त ट्रेन की सुविधा भी मिल जाएगी जिसका उन्हें बेसब्री से इंतजार था।

# पदमश्री फूलबासन यादव के हाथो छग महतारी महिला एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं का सम्मान

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com





दिव्य गोपाल धाम प्रज्ञा भवन तेलीनसत्ती में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मुख्य अतिथि पद्म श्री फूलबासन यादव के हाथो छत्तीसगढ़ महतारी महिला एसोसियेशन की समस्त कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया साथ ही शिक्षा, स्वास्थ,महिलाओं को रोजगार महिलाओं को स्वालंबन बनाना, महिलाओं को देशी घरेलू, जैसे गोबर से बनी वस्तु के बारे में प्रशिक्षण देना, धमतरी की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही सिलाई ,पार्लर , होम्यो थैरेपी,योग,गोबर से बनी वस्तुओं के बारे में प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रही पद्म श्री फूलबासन यादव, पोषण सिन्हा गौ वंश रक्षक प्रदेश अध्यक्ष योगा ट्रेनर उमा पटेल, होम्यो थैरेपी रानू साहू, दिव्य तपस्वनी मोर बाजार के डारेक्टर प्रशांत यादव, छत्तीसगढ़ महतारी महिला एसोसियेशन की प्रदेश अध्यक्ष मोहनी साहू, कार्यकर्ता समीना अंजुम, भावना मरकाम, कनक शाह, रीता सोनी, मालती देवी ,सुनीता साहू, सेख सोहेल, राहुल सोनी, आयुर्वेद के डॉक्टर सावित्री साहू, खिलेश साहू, गणपत अग्रवाल ,फलेंद्र पटेल ,संजय साहू, अंजू सिन्हा, खिलेश्वरी सिन्हा ने कहा कि समाज के क्षेत्र में उनका पूरा पूरा सहयोग रहेगा। पद्म श्री फूलबासन दीदी ने करीब पांच लाख महिलाओं को रोजगार देकर आत्म निर्भर बनाया है साथ ही उन्होंने पांच हजार से ज्यादा देशी फलों का वृक्षा रोपण किया है उनके साथ साथ बहुत से महिलाओं को रोजगार देकर आत्म सम्मान के साथ जीना सिखाया है दीदी का जीवन एकदम सादगी में है हर महिलाओं के लिए दीदी प्रेरणा है।

# कांग्रेस के भीष्म पितामह कहे जाने वाले याकूब भाई को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा के जाने माने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व क्रिकेटर याक़ूब जालियावाला जी की पूर्ण तिथि पर आज कांग्रेस भवन मे आठवी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसके बाद परिवार्जनों द्वारा स्टेशन मे आम जानो को भोजन वितरण किया गया। आम जनमानस के प्रति समर्पित और छेत्र के पहले ऐसे नेता जिन्होंने राजकुमार कॉलेज से शिक्षा प्राप्त कर अपना जीवन जनता के लिए समर्पित किया। अपने समय मे विद्याचरण के खास माने जाने वाले हाजी याक़ूब भाई जालियावाला ने कई विधानसभा लोकसभा नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों मे अपने नेतृत्व मे पार्टी को सदैव आगे रखा । सुनील माहेश्वरी ने कहा की याकूब भाई के साथ रहने का स्वभाग्य तो नहीं मिला मगर याकूब भाई से मिलने का और उनकी बात लोगो से सुनने को बहुत मिला की याकूब भाई राजनीति के चाणक्य थे और कहा याकूब भाई ने 81 साल का जीवन जिया उसमे से 60 कांग्रेस की सेवा कि आज पार्टी के बुरे वक्त में याकूब भाई की कमी महसूस होती है । सतीश अग्रवाल ने कहा कि याकूब चाचा ने मुझे बहुत प्रेम दिया याकूब चाचा कमी हमेसा खलती है सतीश ने कहा की याकूब चाचा अंत तक कांग्रेस में ही रहे और भाटापारा से रायपुर राजकुमार कॉलेज में पढ़ने वाले पहले स्टूडेंट थे राजकुमार कॉलेज में राज महाराजा परिवार वालों का ही दाख़िला होता था जालियावाला परिवार बहुत ही लोकप्रिय परिवार रहा है याकूब चाचा कभी पैसे की परवाह नहीं किया हमेसा दिल खोल के सबकी मदद करते थे। राजकुमार शर्मा ने कहा की ज़िंदगी ज़िंदा दिली का नाम है मुर्दा दिल के ख़ाक जिया करते थे याकूब भाई की ज़िंदगी ज़िंदादिली की मिशाल थी । याकूब भाई ने राजनीति में ही नहीं अपने मुस्लिम समाज में भी अपनी अलग पहचान बनाई। याकूब भाई के पोते ज़िला महासचिव शादाब ने कांग्रेस परिवार का आभार करते हुए कहा दादा जीने कभी कांग्रेस को पार्टी नहीं कहा परिवार कहा और मुझे बहुत ख़ुशी है की मैं भी इस परिवार का हिस्सा हूँ शादाब ने कहा आज ग़रीब लोग भोजन कर रहे है उसको देख के मेरे दादा जी की रूह बहुत ख़ुश हो रही होगी पूरे जालियावाला परिवार की तरफ़से मे आप सभी लोगो का दिल से आभारी हूँ । इनके श्रद्धांजलि कायक्रम मे छेत्र के बड़े बड़े नेता उपस्थित हुए जिसमे सुनील माहेश्वरी, सतीश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, त्रिलोक सलूजा, नानू सोनी, राजेंद्र वर्मा, मुकेश साहू,अजय ठाकुर, मनमोहन कुर्रे, गोपालशर्मा, अय्यूब बठिया, मोहन निसाद, आदिल चानीजा, अल्ताफ़ ख़ान, समीर ख़ान, अली, ईस्वर सेन, संतोष यादव ने श्रद्धांजलि दी।

# बिंद्रावन स्कूल में गुरुपूर्णिमा मनाया

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद/नर्रा
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन स्कूल में गुरु पूर्णिमा मनाया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे सेवानिवृत शिक्षक कमल प्रसाद पांडे रहे कार्यक्रम की शुरुवात अतिथि एवं शिक्षकों के द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती जी की पूजा अराधना कर की गई।तत पश्चात छात्र छात्राओ के द्वारा मुख्य अतिथि का गुलाल लगाकर शाल एवं श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिए । इस अवसर पर शिक्षक रामप्रसाद साहू द्वारा राज्य शासन के योजना गुरु पूर्णिमा पर गुरु पूर्णिमा के इतिहास के बारे में बच्चो को जानकारी दी । वही मुख्य अतिथि कमल प्रसाद पांडे द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को पहला गुरु अपने माता पिता को बताया वही दुसरा गुरू शिक्षक को बताया । इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक गोविन्द सिंह चक्रधारी के द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व को बताया । इस अवसर पर शाला के शिक्षक वैशाली निगम डगौरी यादव अशोक कुमार बरिहा एवं छात्र छात्राऐं उपस्थित रहे ।

# संकूल स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने नवोदय के खिलाड़ी हुए रवाना

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नवोदय विद्यालय छिन्दपाली से बास्केट बाल संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विनय कुमार पाण्डे, स्कॉट व प्रोत्साहन हेतु अवधेश विक्रम सिंह, मार्गदर्शक राजेंद्र कुमार पाठक कार्यालय अधीक्षक साथ में विभिन्न वर्गों से खिलाड़ी रवाना हुए। प्रतियोगिता में अंडर-14 से संस्कार व लोमेश, अंडर-17 से वेद आर्यन व तरुण एवं अंडर-19 से निखिल व तरुण भाग लेंगे। प्राचार्य प्रशांत जी रहाटे ने खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम बधाई दी।

# नेवरा पुलिस की सक्रियता से तिल्दा में इंडिया नंबर वन के एटीएम चोरी होने से बचा







पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

तिल्दा सिमगा मुख्य मार्ग पर सासाहोली तिग्गड़ा चौक विश्राम गृह के पहले इंडिया नंबर वन का एटीएम लगा हुआ है । जहां पर बीती रात्रि लगभग 1.30 बजे अज्ञात चोरों द्वारा उक्त एटीएम को चोरी करने का प्रयास किया । अज्ञात चोर सबसे पहले आसपास लगे सीसी टीवी कैमरे को निकाल कर उक्त एटीएम को उखाड़ कर ले जाने का प्रयास कर रहे थे । जहां पर पुलिस की सतर्कता से एटीएम चोरी होने से बच गया। बता दें अज्ञात लुटेरे एटीएम मशीन में भरे लाखों रुपए के उक्त मशीन को उखाड़ कर बाहर निकाल लिए थे इसी बीच रात्रि नेवरा पुलिस की गस्त टीम निकली हुई थी, पुलिस के वाहन में लगे सायरन को सुनकर अज्ञात चोर एटीएम मशीन को बाहर ही छोड़कर फरार हो गए। यहां बताना लाजमी होगा की इसके पहले तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सरोरा में उक्त इंडिया नंबर वन के एटीएम मशीन को अज्ञात चोर उखाड़ कर ले गए जिसका सुराग अभी तक नहीं मिला है। तिल्दा में पुनः घटना की पुनरावृत्ति हो रही थी जो कि पुलिस की सतर्कता से बच गई। उक्त इंडिया नंबर वन कंपनी के एटीएम लगा तो दिया गया है । लेकिन गार्ड की व्यवस्था नहीं की गई है । साथ ही कई बैंकों में भी एटीएम लगा हुआ है , जहां भी गार्ड की व्यवस्था नहीं है , गार्ड नहीं होने से एटीएम मशीन लूटने वाले गिरोह एटीएम को निशाना बना रहे है। तिल्दा नेवरा में उक्त एटीएम पुलिस की सतर्कता से तो चोरी होने से तो बच गया लेकिन इस घटना से एक बार फिर आमजन दहशत में है।

# खाद बीज की उपलब्धता एवं गुणवत्ता को लेकर कृषि केंद्रों का सतत निरीक्षण जारी

## 7 दुकानों में मिली अनियमितता,नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले के कृषकों को गुणवत्ता युक्त एवं उचित दर पर खाद, बीज एवं कीटनाशक उलब्ध कराने के उद्देश्य से उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा विकासखण्ड-भाटापारा के कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें कृषि दुकानों द्वारा अनियमिता बरतने के चलते 7 दुकानों को नोटिस जारी किया गया है। नायक ने ग्राम देवरी के साहू कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया जिसमें प्रोप्राईटर अनुपस्थित पाया गया एवं विक्रय केन्द्र व्यवस्थित न होने के कारण, ग्राम तरेंगा के न्यू साहू कृषि केन्द्र में कालातीत बीज एवं कीटनाशक का नियमानुसार भण्डारण नहीं पाये जाने के कारण नोटिस जारी किया गया है।विकासखण्ड सिमगा के निरीक्षक आर.ए. राठौर द्वारा सिमगा के सांई कृषि केन्द्र, सोनकर कृषि केन्द्र, किसान कृषि केन्द्र एवं आकाश कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान विक्रय केन्द्रों में बिल बुक एवं स्टॉक पंजी उचित संधारण नहीं पाये जाने के कारण, कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह विकासखण्ड कसडोल में उर्वरक निरीक्षण धनेश्वर साय द्वारा आचार्य कृषि केन्द्र, कसडोल का निरीक्षण किया गया, जिसमें एमएफएसएम आई.डी.में उपलब्ध का भौतिक स्कंध में मिलान नहीं होने के कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उप संचालक कृषि, बलौदाबाजार द्वारा कृषि केन्द्रों के संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई है कि वे शासन के द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करते हुए कृषि केन्द्रों का संचालन करें, तथा कृषकों को गुणवत्ता युक्त एवं उचित दर पर आदान सामग्री उपलब्ध करायें। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता बरती जाती है, तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। साथ ही कृषकों से भी अपील की गई है कि उनके द्वारा क्रय सामग्री का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें. तथा उर्वरक आवश्यकतानुसार ही पॉस मशीन के माध्यम से क्रय करें।

# महतारी वंदन योजना के बाद अब महतारी सदन की स्थापना स्वागत योग्य हैं : उमेश साहू

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने बताया कि विष्णु सरकार में महतारी वंदन योजना के बाद अब महतारी सदन की स्थापना की जायेगी। मोदी की गारंटी में महतारी वंदन योजना की बात कहीं गई थी जिसके तहत विवाहित महिलाओं को प्रति माह हजार रुपए देने की बात कहीं गई थी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने इस बात पर अमल भी किया और अब छत्तीसगढ़ की हर विवाहित महिलाओं के खाते में सीधा एक हजार रुपए प्रति माह दिया जा रहा हैं। इस बीच विष्णु के सुशासन की कड़ी में राज्य सरकार ने महिलाओं को सम्मान दिलाने का बड़ा फैसला किया हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव की पहल पर अब महिलाओं को गांव में ही रोजगार दिलाने की योजना हैं। इसके लिए छत्तीसगढ़ की हर गांव में महतारी सदन की स्थापना की जायेगी। महतारी सदन ग्रामीण महिलाओं के एकत्र होने का स्थान होगा। वही यहां पर वे पारस्परिक रूप से पारिवारिक,सांस्कृतिक व व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन कर सकेगी। इस सदन के माध्यम से महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे जिससे वह स्वावलंबी बन सकेगी। छत्तीसगढ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनुसार छत्तीसगढ के ऐसे पंचायत जहां की जनसंख्या 3 हजार से अधिक है वहां महतारी सदन की स्थापना की जाएगी। महिलओं के लिए समर्पित इन सदनों से पारस्परिक, पारिवरिक,सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जाएगी। पहले चरण में प्रदेश के 146 ब्लॉक में 10 महतारी सदन बनाए जाएंगे। इस तरह विभाग पहले 1460 सदन बनाने पर काम कर रहा है। पांच साल में सरकार सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन बनाएगी।

# सामूहिक गुरु वंदना, सरस्वती वंदना कर गुरु पूर्णिमा के महत्व पर डाला प्रकाश

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com




स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव के अवसर पर सामुहिक सरस्वती वंदना ,गुरु वंदना करते हुए प्रार्थना सभा में शिक्षकों के द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं प्राचीन काल से चली आ रही गुरु शिष्य परंपराओं के संबंध में प्रकाश डाला गया । प्राचीन काल में प्रचलित गुरुकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव विषय पर निबंध लेखन किया गया साथ ही इस अवसर पर गुरुजनों का विशेष सम्मान विद्यार्थियों ने किया । विद्यार्थियों द्वारा गुरु संस्मरण पर संभाषण भी किया गया जो काफ़ी अनुठा रहा। गुरु पूर्णिमा उत्सव के तहत गुरु शिष्य परंपरा का चित्रांकन कर प्रथम स्थान पर अंजू नर्मदा,द्वितीय स्थान पर तन्वी नर्मदा एवं कोमल साहू सातवीं,तृतीय स्थान पर बीना पटेल रहीं । निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्वाति यादव, द्वितीय अपूर्वा पटेल तृतीय अखिल देव डडसेना तथा समृद्धि नायक रहीं। गायत्री पटेल ने गुरू वन्दना किया वहीं अनुष्का प्रधान ने कविता के माध्यम से गुरू महिमा वर्णन किया। अनिष्मा परवीन,अखिल देव डडसेना,आदित्यानंद जायसवाल ने भाषण दिया। आशिति माधवन ने एकल नृत्य किया एवं आर्या महापात्र, संतोषी बेहरा,कमल नयनी सिंह ने ग्रुप डांस कर गुरुओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया। सृष्टि शर्मा एवं अपूर्वा पटेल ने श्लोक वाचन किया। भुमिजा नायक, बरखा,अतिका फातिमा ने चित्र उकेर कर अपनी कला कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सेजेस प्राचार्य मनोज पटेल ने कहा कि वक्त के साथ स्वयं को अपडेट रखना जरूरी है। उन्होंने गुरू शिष्य परंपरा के संबंध में सारगर्भित जानकारी दी। प्रभारी प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने संबोधन में कहा कि गुरू,शिष्यों को दिशा देकर उचित मार्गदर्शन सहित उनकी दशा सुधारने,उत्तरोत्तर प्रगति हेतु सार्थक प्रयास सतत रूप से करते हैं इसलिए गुरुओं का सम्मान जरूरी है। साथ ही कार्यक्रम के उद्देश्य,महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन छात्रा महक गर्ग एवं अनुष्का प्रधान ने किया। कार्यक्रम को मीना एस प्रकाश, रेखा पुरोहित, रश्मि राजा, हिमाद्री प्रधान, मंजिला चौधरी ने लीड किया। इस ख़ास अवसर पर प्राचार्य मनोज पटेल, व्याख्याता लता साहु, प्रदीप नारायण सेठ, नरेश पटेल, सुब्रत प्रधान,प्रवीण तिवारी,मीना एस प्रकाश, रेखा पुरोहित, उमा नायक,लक्ष्मी चौधरी, हरिश चौधरी, ज्योति सलूजा, मंजिला चौधरी, हिमाद्री प्रधान, प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी, वरिष्ठ शिक्षक विनोद कुमार चौधरी, श्यामसुंदर दास, रश्मि राजा, गजानन प्रधान, विशिकेशन नैरोजी,अक्षय भोई, साकेत राजवाड़े, रोहित मुन्ना, सविता सिदार,केशव चौहान, गीती बरीहा आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

# किसी साधक के लिए एकांत और अंधकार दोनों घातक होता है : विशुद्ध सागर जी

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com






परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म.सा. ने अपने प्रवचन में कहा कि हमे हमेशा वर्तमान में जीना चाहिए। दुर्गुणों को निकाल कर सद्गुणों को ग्रहण करते हुए आत्मा को हमेशा संभव में रमण करना चाहिए। किसी साधक के लिए एकांत और अंधकार दोनों घातक होता है। हमे जिस वस्तु की आदत हो जाती है या जिसके बिना हम रह नहीं सकते उसे ही व्यसन की श्रेणी में रखा जाता है। मिथ्यात्व के पांच कारण होते है,जिसमें पहला कारण है प्रमाद अर्थात आलस्य । इसे दूर करने का पुरुषार्थ स्वयं को करना पड़ता है। हमारी आत्मा से मिथ्यात्व का पर्दा तभी हट सकता है जब हम आलस्य का त्याग करे। हमे प्रति दिन कुछ समय ऐसा व्यतीत करना चाहिए जिसमें मुझे कोई नहीं चाहिए और कुछ नहीं चाहिए क्योंकि यही चाह ही दुख का कारण है। हमे परमात्मा की भांति अपने मन को सदा जागृत रखने का प्रयास करना चाहिए। आज से यह सावन माह अर्थात श्रवण माह प्रारंभ हो रहा है। सभी धर्मो में इसे पवित्र माह माना गया है। यह श्रवण अर्थात सुनने का माह है । इस माह में अपने पापो के शमन को दामन करने का अवसर मिलता है। जैन परंपरा में इस माह में तप त्याग अधिक होता है। तप के माध्यम से आत्म के कषायो को दूर करना हैं जैसे छत मे जमी धूल या मैल पहली वर्षा के साथ धूल और मैल साफ हो जाता है वैसे ही आत्मा में लगे मैल को धोने के लिए जिनवाणी रूपी वर्षा की आवश्यकता होती है। जो अपने चेतन के प्रति जागरूक हो और जिन्हें अपने चैतन्य को जगाना हो वही जिनवाणी श्रवण करने आता है। इस कार्य के लिए विनय का होना अत्यंत आवश्यक है। विनय का पहला कार्य होता है जैसा कहा गया हो वैसा ही करना। जैसे गंदे कपड़े को साफ करने के लिए साबुन और पानी की जरूरत होती है ठीक उसी प्रकार आत्मा से कषाय रूपी मैल को साफकरने के लिए तप रूपी साबुन और जिनवाणी रूपी पानी की जरूरत होती है। इस श्रवण माह में परमात्मवाणी का अधिक से अधिक श्रवण करना चाहिए। जो जानबूझ कर वरन करते है उसे जानवर कहते है। जानवर जब मिल जाए तब खाने लग जाता है, हम मानव है ,हमे निश्चित समय पर भोजन करना चाहिए। ये चातुर्मास आत्मा की सफाई का समय है। अगर हमे आगे बढ़ना है तो इस चातुर्मास में कम से कम एक कदम आगे जरूर बढ़ना है। श्रावक के छह सामान्य कर्तव्य में पहला कर्तव्य में पहला कर्तव्य परमात्म पूजा है। अपने कर्तव्य का पालन करने वाला ही पूज्यनीय बनता है। उपकारी के उपकार को उपकृत करने के लिए उपयोग करना है। परमात्म पूजा के लिए कभी भी मुहूर्त नहीं देखना चाहिए। हमे परमात्मा से मांगना चाहिए कि हे परमात्मा जो आपका भूतकाल था वो मेरा वर्तमान काल है। और जो आपका वर्तमान है वो मेरा भविष्य बन जाए। हे परमात्मा मुझे वह दृष्टि देना जिस दृष्टि से आप संसार को देखते है। अपने भावना की ज्योत को परमात्मा के लिए जलाना है ।अपने मन से कषायए व्यास और मिथ्यात्व को बाहर निकालना होगा तभी हृदय में परमात्मा का अंदर प्रवेश हो सकता है। परमात्म भक्ति स्वयं के परमात्मा बनने का सबसे सरल मार्ग है।

# नाली के उपर अतिरिक्त निर्माण कर सीढ़ी, चबूतरा व सामान रखने के लिए बनाया रैम्प,चला बुलडोजर

■ आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा अवैध कब्जा हटाने के दिये निर्देश :राजस्व विभाग एक्शन मोड़ पर

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम दुर्ग का अतिक्रमण हटाओ मुहिम जोर पकड़ा है। सुगम यातायात तथा व्यवस्थित पार्किंग के तहत नगर निगम का यह अभियान चल रहा है। नगर निगम क्षेत्र में अतिक्रमण व अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं, ताकि ऐसे अनाधिकृत कार्य करने वालों पर लगाम लगायी जा सके।निर्देश के बाद सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोईर के नेतृत्व में राजस्व विभाग अमला द्वारा चंडी चौक के आसपास फल,सब्जी सहित ठेले खोमचे आदि दुकानों पर कार्रवाही की गई।साथ ही शराब भट्टी से 500 रुपये फाइन किया गया।तालाब में अवैध अतिक्रमण को हटवाने की बात कही।इसी प्रकार प्रतिबंधित झिल्ली पन्नी के लिए 1000 रुपये का जुर्माना किया गया।इसके अलावा जिला अस्पताल के सामने तथा गौरव पथ किनारे लगे ठेले खोमचे हटाने की कार्रवाई की गई।उसके बाद शाम को इंदिरा मार्केट क्षेत्र पहुचकर बाजार क्षेत्र स्थित अग्रवाल मिष्ठान भंडार के सामने की नाली को बन्द कर कई दुकानदारों द्वारा किए गए दुकान के विस्तार हटाने कहा गया और दुकान की सीमा क्षेत्र में ही दुकान लगाने की बात कही। इस बीच नाली खुलवाने निगम की जेसीबी का भी इस्तेमाल किया गया। दुकानदारों को कहा गया है कि नाली को कब्जा से मुक्त करें नही तो नगर निगम द्वारा बड़ी कार्रवाई की जाएगी,जिसके लिए दुकानदार स्वयं जिम्मेदार होंगे.नगर निगम द्वारा अतिक्रमण करने वालों पर शिकंजा कसते हुए उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है.निगम क्षेत्र में नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम ने सड़क किनारे नाली पर अतिरिक्त निर्माण और बांस, बल्ली व टीन से अस्थाई रूप से कब्जा कर व्यवसाय करने की शिकायत पर अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए तोड़फोड़ की। अतिक्रमण व अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं, ताकि ऐसे अनाधिकृत कार्य करने वालों पर लगाम लगायी जा सके.सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि बाजार क्षेत्र, हॉस्पिटल क्षेत्र मरचुरी मार्ग पर सड़क के किनारे अतिक्रमण की शिकायत मिली थी. इस पर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. भीड़ वाले इलाके में अवैध कब्जे से ट्रैफिक जाम होता था इसलिए कार्रवाही किया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि बाजार क्षेत्र व्यवसायिक क्षेत्र होने से वहां पर भारी संख्या में वाहनों की आवाजाही होती रहती है. हमेशा भीड़ भाड़ वाले इस मार्ग पर बड़े-छोटे सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही दिनभर होती रहती है. इस कारण ट्रैफिक का दबाव रहता है.क्षेत्र में कई व्यवसायिक प्रतिष्ठानों ने भी अतिक्रमण कर लिया था. इस कारण वहां अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी. इंदिरा मार्केट के व्यवसायियों के द्वारा नाली के ऊपर अतिरिक्त निर्माण कर आने-जाने के लिए सीढ़ी, चबूतरा व सामान रखने के लिए रैम्प बनाया लिया था।

# दुकानों से हटाया अतिक्रमण, दुकानदारों को चेतावनी

## अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



राजस्व विभाग एवं अतिक्रमण विभाग टीम ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर चंडी मंदिर चौक से लेकर मान होटल तक अतिक्रमण हटाओं अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने कार्रवाही के मौके पर दुकानदारों को दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने की हिदायत दी।सड़क किनारे रखें ठेले को जेसीबी की मदद से तोड़कर हटाया गया।अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया।उन्होंने ने दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि दुकानदार दुकानों के सामने अतिक्रमण न करें। अगर कोई दुकानदार अतिक्रमण करते पाया जाता है तो उसके खिलाफ चालान कर सख्त कार्यवाही की जाएगी। हथठेले व सड़क घेरकर पसरा लगाकर सब्जी बेचने वालों को चेतावनी दी कि अगर वह सड़क पर दिखाई देंगे तो कार्रवाई क जाएगी।जेसीबी से चंडी मंदिर रोड पर अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया। इस मौके पर राजस्व विभाग संजय मिश्रा, लक्ष्य, शिवा परिहार,राजदीप कसार, विनीत वर्मा, नीरज, कपिल,मन्नी, धनेश, उमेश पात्रे व अतिक्रमण तोड़ूदस्ता टीम के कर्मचारीगण मौजूद रहे।अतिक्रमण हटाओ मुहिम जोर पकड़ा है।सुगम यातायात एवं व्यवस्थित पार्किंग के तहत नगर निगम का यह अभियान चल रहा है। कार्रवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि चंडी मंदिर से मान होटल रोड भीड़ वाले इलाके में अवैध कब्जे से ट्रैफिक होता था जाम इसलिए कार्रवाही किया जा रहा है।उन्होंने ने बताया कि बाजार क्षेत्र व्यवसायिक क्षेत्र होने से वहां पर भारी संख्या वाहनों की आवाजाही होती रहती है. हमेशा भीड़ भाड़ वाले इस मार्ग पर बड़े-छोटे सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही दिनभर होती रहती है. इस कारण ट्रैफिक का दबाव रहता है,इस कारण वहां अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी।जिसके अलावा दुकानदारों द्वारा नाली के उपर अतिरिक्त निर्माण कर आने-जाने के लिए सीढ़ी, चबूतरा व सामान रखने के बनाया लिया था. दुकानों के सामने बेतरतीब तरीके से वाहनों की पार्किंग होने से भी आवागन बाधित होता था.इस समय कार्रवाही कर अवैध निर्माण सीढ़ी, चबूतरा को ध्वस्त किया गया।

# पावर हाउस शासकीय आईटीआई में बॉयज एंड गर्ल्स हॉस्टल के छात्रों के साथ ड्राई डे मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com




रविवार के दिन फाइट द बाइट, मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जोन -4 अन्तर्गत खुर्सीपार में स्थित आई टी आई (औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान) के बालक एवं बालिका छात्रावास में ड्राई डे मनाया गया। नगर निगम की टीम दिन में 10:00 बजे पहुंच कर सभी कमरों में, प्रांगण में स्प्रेयर पंप द्वारा पानी मिश्रित मैलाथियान का छिड़काव कार्य संपादित किया। कूलर, गमले, पानी का टब, आदि को खाली किया गया। छत पर बरसाती जमाव पानी में जला आइल का छिड़काव किया गया। छात्रावास में निवासरत सभी बालक एवं बालिकाओं को प्रत्येक सप्ताह रविवार के दिन ड्राई डे मनाते हुए, सभी संग्रहित किए गए पानी पात्रों को साफकर, सूखाकर ही नया पानी भरकर उपयोग करने की समझाइश दी गई। छात्र-छात्राओं को समझाइए दी गई कि छात्रावास के प्रांगण में कहीं भी बरसाती पानी का जमाव नहीं होने दें, बरसाती जमाव पानी में जला आइल का छिड़काव करें। छात्रावास के प्रांगण में पड़े अनावश्यक अनुपयोगी कबाड़ पात्रों को तत्काल हटवाया गया, ताकि बरसाती पानी का जमाव नहीं हो। अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर, स्वस्थ और डेंगू/मलेरिया मुक्त शहर बनाने में अपना अमूल्य सहयोग करें। इलेक्ट्रिक डिपार्टमेंट के सेकंड ईयर की छात्रा काजल ने अतिरिक्त डस्टबिन की मांग की जिससे रविवार के दिन सफाई करके उसमें कचरा डाल सके। चर्चा के दौरान यह तय हुआ कि रविवार तक इंतजार क्यों प्रत्येक दिन सफाई हो सुबह 7:00 बजे नगर निगम का रिक्शा हॉस्टल जाएगा छात्राएं छात्र-छात्राएं गिला एवं सूखा कचरा कचरा अलग करके रिक्शा वाले को दे देंगी।

जिससे स्वच्छता बनी रहे। अभियान के दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्ष के. के. सिंह, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सुदामा परगनिया अपने दल के साथ उपस्थित रहे।

# जिले में मलेरिया के नियंत्रण और बचाव के लिए दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच रही स्वास्थ्य विभाग की टीम

## मलेरिया के रोकथाम के लिए लोगों को किया जा रहा जागरूक

■ ग्रामीणों को दवाईयों के साथ मच्छरदानी का भी किया जा रहा वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



विषम भौगोलिक परिस्थियों और घने जंगलों से आच्छादित होने के कारण बारिश के दिनों में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में मलेरिया के केस बढ़ने की संभावना रहती है। लोगों को मलेरिया से बचाने एवं मलेरिया प्रकरण नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया रोकने के लिए सक्रियता से अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के बसाहटों में पहुंच रही है। घने जंगलों एवं नदी-नालों को पारकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिन की टीम गांवों में पहुंचकर लोगों को मलेरियारोधी दवाईयों के साथ मच्छरदानी का भी वितरण कर रही है। साथ ही लोगों को मलेरिया से बचाव के लिए किये जाने वाले आवश्यक उपाय के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग पूरी जिम्मेदारी और तत्परता से कार्य करते हुए मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रयास कर रही है। मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए गत वर्षों में जहां मलेरिया के अधिक प्रकरण मिले थे उन 60 ग्रामों में डी.डी.टी. का छिड़काव किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले के तीन विकासखंडों (गरियाबंद, छुरा एवं मैनपुर) में मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में वर्ष 2022 में कुल 75 हजार 77 मच्छरदानी तथा वर्ष 2023 में 37 हजार 499 मच्छरदानी वितरित की गई थी।

# पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज ने ली एसीसीयू की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग ने कार्यालय के सभागार कक्ष में एसीसीयू दुर्ग के अधिकारियों/कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला भी मौजूद रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीसीयू रिचा मिश्रा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपराधों पर की गई कार्यवाही के बारे में विस्तार से बताया। पुलिस महानिरीक्षक ने सायबर फ्रॉड के मामलों में गम्भीरता के साथ मॉनिटरिंग और सुपरविजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सायबर संबंधी प्रशिक्षण हेतु विशेष रूप से JCCT (ज्वाइंट सायबर क्राइम ट्रेनिंग) आयोजित करने पर जोर दिया। बैठक में जिले के अनसुलझे प्रकरणों को गहन अध्ययन कर निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस महानिरीक्षक ने अधिकारियों से इन मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आह्वान किया। चेन स्नेचिंग के मामलों पर इसके रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चेन स्नेचिंग की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए आवश्यक है कि पुलिस नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाए और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखे। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ने कहा, हमारा उद्देश्य संपत्ति संबंधी अपराधों पर सख्ती से नियंत्रण रखना और सायबर फ्रॉड के मामलों को गंभीरता से लेना है। इसके लिए सभी अधिकारियों को एकजुट होकर काम करना होगा। संपत्ति संबंधी अपराधों पर फोकस कर क्राइम प्रिवेंशन के निर्देश दिए। बैठक में डीएसपी शिल्पा साहू, एसीसीयू प्रभारी तापेश्वर नेताम सहित एसीसीयू (एंटी क्राइम एंड क्रिमिनल यूनिट) के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी के लिए संचालित प्रयास कोचिंग का नया बैच 1 अगस्त से

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रयास कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में प्रातः 06 बजे से 11 बजे तक एवं शाम 04 बजे से 07 बजे तक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। प्रयास कोचिंग का नया बैच 01 अगस्त से शुरू हो रहा है है। प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी के लिए इच्छुक व्यक्ति पंजीयन कराकर कक्षाएं ज्वाइन कर सकते हैं। उक्त कोचिंग में पंजीकृत विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास एवं कला संस्कृति, भारतीय भूगोल और अर्थशास्त्र, भारत का संविधान व सामान्य विज्ञान, पर्यावरण एवं समसमायिकी घटनाक्रम इत्यादि विषय का अध्यापन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा निरंतर किया जा रहा है साथ ही समय-समय पर जिले में पदस्थ प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों द्वारा भी कक्षायें ली जा रही है। जिला प्रशासन गरियाबंद का प्रयास है कि कोचिंग में अधिक से अधिक विद्यार्थी प्रवेश लेकर प्रतियोगी परीक्षा की ईमानदारी एवं पूर्ण मेहनत के साथ तैयारी करें। जिससे कि जिले में प्रतियोगी परीक्षा के लिए एक अच्छा वातावरण तैयार किया जा सके। साथ ही जो विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए जिला स्तर पर ग्रंथालय स्थापना का प्रयास भी कोचिंग संस्था द्वारा किया जा रहा है। जिससे कि प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित पुस्तकों एवं अध्ययन सामग्री आसानी से तैयारी हेतु उपलब्ध कराया जा सके। कोचिंग के नए बैच में 01 अगस्त 2024 से प्रतियोगी परीक्षा के पाठ्यक्रम अनुसार कक्षाएं संचालित की जानी है। जो अभ्यर्थी उक्त कोचिंग के माध्यम से तैयारी कर प्रशासनिक सेवा में चयनित होकर अपना कैरियर निर्माण करना चाहते हैं वे 01 अगस्त 2024 से प्रारंभ होने वाले कक्षा में उपस्थित हो सकते हैं।

# निचली बस्तियों में जल भराव होने पर तत्कालिक व्यवस्था करने के बारे में बैठक





पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

निगम भिलाई क्षेत्र में मानसूनी बारिश लगातार रूक-रूक के हो रही है, जिससे नालो में जल स्तर बढ़ रहा है। निगम भिलाई क्षेत्र के निचली बस्तियो में अधिक वर्षा होने पर जल भराव की संभावना बन जाती है। जिससे वहां के निवासियो को परेशानी हो जाती है। नागरिको को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, किसी का भी जान मान का नुकासान न हो। इसी को देखते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम सभागार में बैठक आहूत की, जिसमें सभी जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, अभियंताओ को निर्देश कियें। जल भराव क्षेत्र में रहने वाले निवासियो के लिए समुचित व्यवस्था पूर्व से करके रखी जाए। जिन्हे आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक रूप से व्यवस्थापित किया जा सके। अन्य बिन्दुओ में स्वच्छता, पेयजल पाईप लाईन लिकेज की व्यवस्था सुदृढ़ हो। बारिश के समय में मौसमी बिमारियॉ फैलती है जिसे रोकने के लिए प्रारंभिक रूप से तैयारी की जावे। स्वच्छता सर्वेक्षण से पूर्व सभी माप दण्डो पर तैयारी की जावे। जिसमें प्रमुख बिन्दुओ पर चर्चा की गई। जल भराव होने पर वहां के नागरिको को जहां पर रोका जायेगा उनके खाने पीने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था निर्धारित करने करके रखी जाए। जर्जर हो चुकी पानी टंकियों के आस-पास चेतावनी बोर्ड चलाया जाए और घेरे से मार्किंग भी किया जाए। जिससे किसी प्रकार का दुर्घटना से बचा जाए। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। नाली चोंक न हो, नाली के उपर अवैघ कब्जा न हो, पुराने मकान तोड़ कर बनाने पर निकलने वाले मलवे सीएनडी को व्यवस्थित ढंग से निपटान जाए। सामुदायिक शौचालय की साफ -सफाई, पानी सप्लाई व्यवस्थित होनी चाहिए।

# जीई फाउंडेशन ने बालक हॉस्टल में शिक्षण सामग्री के साथ-साथ खेल का सामान भी दिया, बताई गुरू की महत्ता



■ अपना भविष्य गढ़ने के साथ-साथ तंदरुस्त भी रहेंगे बच्चे

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



सामाजिक सेवा संस्थान गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन की पहल पर सांदीपनि बालक हॉस्टल फरीद नगर में शिक्षण सामग्री और खेल का सामान वितरित किया गया। इस दौरान यहां रह रहे बालकों ने इन उपहारों के लिए खुशी जाहिर की और फाउंडेशन के पदाधिकारियों तथा जिला शिक्षा विभाग से आए अधिकारियों से वायदा किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी पूरा ध्यान देंगे। जीई फाउंडेशन ने अपने शिक्षा अभियान का चौथा चरण समग्र शिक्षा अभियान के तहत सांदीपनि बालक हॉस्टल फरीद नगर में आयोजित किया। जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने यहां बच्चों के बीच पहुंच कर उनसे संवाद किया और करियर मार्गदर्शन दिया। सहायक परियोजना अधिकारी गीता शर्मा ने बच्चों को गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि यदि गुरु ने हमें ज्ञान दिया है तो उसकी तुलना में पृथ्वी में कुछ भी नहीं है। हास्टल अधीक्षक धर्मजीत साहू ने कहा कि गुरु का सम्मान सर्वोपरि है। इस दौरान जीई फाउंडेशन की ओर से के वी विनोद और अजीत सिंह ने बच्चों को खेलों में ध्यान देने प्रोत्साहित किया।

## बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी, लिमिटेड सेक्टर-4 ने विदाई दी रिटायर कर्मियों को

# सेवानिवृत्ति पर सम्मान से भावुक हुए बीएसपी के वरिष्ठ कर्मी

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com




बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक समारोह में माह जून 2024 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इन रिटायर कर्मियों को अध्यक्ष अशोक परगनिहा व पदाधिकारियों ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने सभी रिटायर कर्मियों को जीवन के नए पड़ाव पर शुभकामनाएं दी और सभी के स्वस्थ्य व खुशहाल जीवन की कामना की। इन रिटायर कर्मियों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से नरेंद्र पाल सिंह, इंदरवीर सिंह आनंद, निदेशक प्रभारी सचिवालय से अशोक कुमार सिंह, रिसर्च एंड कंट्रोल लैब से पी मोहन राव, मटेरियल रिकवरी विभाग से भूषण लाल गौर, अखिलेश कुमार, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से सतीश चंद्र सोनी, मुन्ना कुमार मेश्राम, नोहर सिंह कुर्रे, रिफ्रै क्ट्री मटेरियल प्लांट-1 से रामलाल, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से सुशील कुमार शर्मा, जोगिंदर, जीएडी से वीरेंद्र कुमार चंद्रवंशी, मेडिकल से बृजनंदन प्रसाद बंजारे, विजय कुमार श्रीवास्तव, जैसी जॉन के श्यामलम्मा राव, भानु प्रकाश बंजारे, अनिता, प्लेट मिल से अरुण कुमार ताम्रकार, कृपाराम गजेंद्र, ब्लास्ट फर्नेस से राजेश कुमार अग्रवाल, नरेश कुमार, कैपिटल हैवी मेंटेनेंस-3 से तामेश्वर, रघुवंशी, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से परऊ राम ठाकुर, मर्चेंट मिल से नेतराम साहू, रमेश कुमार लोधी, वायर रॉड मिल से राजू नामदेव, विष्णु सिंह, नंदिनी मैकेनाइज्ड माइंस से रामकृष्ण यादव, विनोद, स्टोर्स से संजय कुमार मिश्रा, प्लांट व्हीकल पूल से रविंद्र कुमार मेंढे, पर्सनल मैनेजमेंट से के. श्याम शेखर, शिक्षा विभाग से ज्योति यादव, प्रोडक्शन प्लैनिंग एंड कंट्रोल से राजेंद्र कुमार शर्मा, पीएनई जनरल से जानकी बाई, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से भूषण दास साहू और माइंस मुख्यालय से अब्दुल मजीद शामिल है। सम्मान समारोह में रिटायर कर्मियों ने भी अपनी बातें रखीं और सम्मान के लिए आभार जताया।

रिटायर कर्मियों में ज्यादातर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए भावुक हो गए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, आसमां परवीन,संचालक मंडल सदस्यगण विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, पूरन लाल देवांगन, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, शशिभूषण सिंह,नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी और सोसायटी के कर्मियों में पीयुष कर, सुदीप बनर्जी, नारायण साहू और सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन विपिन बंछोर ने किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक राठौर तथा आभार प्रदर्शन विपिन बंछोर एवं पूरन देवांगन ने किया।

# निगम भिलाई का अतिक्रमण विरुद्ध एवं संपत्ति कर वसूली अभियान जारी

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त के निर्देशानुसार सभी जोन मे विगत माह कुर्की वारंट जारी किये गये थे। जिसकी वसूली सभी जोन मे नियमित रूप से की जा रही है। इसी कड़ी मे जोन क्रमांक 3 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम के साथ मे राजस्व विभाग की टीम द्वारा विगत दिनो नंदिनी रोड पावरहाउस के बकायादारो से 1,25,684/- रुपये की राशि वसूल की गई। सड़क पर अनाधिकृत तरीके से सामान रखने वाले व्यापारियो का सामान जब्त किया गया। साथ में चालानी कार्रवाई भी की गई। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव द्वारा सभी व्यापारियो से अपने आबंटित व अधिकृत स्थान पर ही सामान रखकर व्यवसाय करने का निर्देश व्यापारियों को किया गया है। ताकि सामान जब्ती और जुर्माना संबंधी कार्यवाही से सभी व्यापारी बच सके। व्यापारी वर्ग अपने आदत से मजबूर होने के कारण सामान बाहर निकाल कर सड़क जाम कर देते हैं। इससे आवाज गवन में परेशानी होती है । उन्होने सभी जोन के सहायक राजस्व अधिकारियो को कड़ाई से लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली एवं अतिक्रमण करके सड़क वालों के व्यापारियों के प्रति कढ़ाई करने का निर्देश भी दिये है।

## संपादकीय

### आतंकवाद से मुकाबला मोदी का फैसला

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने आतंकवाद से मुकाबले के लिए जम्मू कश्मीर में 'पूर्ण तैनाती' के आदेश दिए हैं। यह नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्वागत योग्य निर्णय है। आतंकवाद पर बढ़ती चिन्ता को संबोधित करने तथा सुरक्षा मजबूत करने की दिशा में निर्णायक कदम के रूप में प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू क्षेत्र में सुरक्षा बलों की समग्र तैनाती का निर्णय किया है। यह रणनीतिक निर्णय भारत के एक सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्र में शांति और स्थायित्व सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता प्रकट करता है। आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्र के वर्तमान समय में जारी संघर्ष में जम्मू का महत्वपूर्ण स्थान है। हालिया वर्षों में इस क्षेत्र में अनेक हिंसक घटनायें हुई हैं जिनके चलते सतर्कता तथा सुरक्षा बलों की प्रतिक्रिया बढ़ाने की जरूरत पड़ी है। प्रधानमंत्री का हालिया निर्देश क्षेत्र में बढ़ती आतंकी गतिविधियों तथा यहां स्थिरता समाप्त करने के प्रयासों के संदर्भ में आया है। हाल ही में चार सैनिक डोडा में शहीद हुए जिससे ऐसी घटनाओं पर फौरन लगाम लगाने की आवश्यकता सामने आई। 'पूर्ण तैनाती' के अंतर्गत जम्मू क्षेत्र को आबंटित संसाधनों तथा वहां सैनिकों की संख्या में वृद्धि होगी। इस कार्रवाई में न केवल अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती होगी, बल्कि विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाया जाएगा जिनमें खुफिया एजेंसियां, अर्धसैनिक बल तथा स्थानीय कानून-व्यवस्था एजेंसियां शामिल हैं।

तैनाती की रणनीति में कुछ प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। पहला, निगरानी बढ़ाने तथा खुफिया सूचनायें एकत्र करने पर जोर दिया जाएगा ताकि आतंकी गतिविधियों का पहले से अनुमान लगा कर उनको



होने से रोका जा सके। दूसरा, सुरक्षा बलों को जोखिम वाले क्षेत्रों में गश्त बढ़ानी होगी ताकि अन्य संभावित खतरों को रोका जा सके तथा स्थानीय जनता को सुरक्षा का आश्वासन मिले। इसके साथ ही स्थानीय समुदायों से सहयोग प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा ताकि महत्वपूर्ण सूचनायें मिलें तथा उनमें विश्वास पैदा हो। यह प्रभावी आतंकवाद-विरोधी कार्रवाइयों के लिए जरूरी है। कोई आश्चर्य नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्णय को विभिन्न क्षेत्रों से समर्थन मिला है जिनमें राजनेता, सुरक्षा विशेषज्ञ तथा आम जनता शामिल है। सरकार ने जोर दिया है कि यह कदम एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है जिसका उद्देश्य आतंकवाद द्वारा पैदा चुनौतियों को संबोधित करना तथा जम्मू में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। एक बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसे खतरों को देखते हुए सतर्कता बढ़ाने तथा दृढ़ रहने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया है कि सरकार का प्रमुख लक्ष्य क्षेत्र में लोगों का जीवन बचाना तथा शांति बनाए रखना है। जम्मू में पूर्ण तैनाती आतंकवाद से मुकाबले में भारत के वर्तमान प्रयासों में महत्वपूर्ण कदम है। उम्मीद है कि सुरक्षा बलों की बढ़ी हुई उपस्थिति तथा बेहतर समन्वय से आतंकी गतिविधियों का मुकाबला करने तथा क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने में सहायता मिलेगी। बदलती स्थिति को देखते हुए जीवन्त सुरक्षा ढांचे के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर सबकी नजर रहेगी। बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की प्रभावशीलता रेखांकित रणनीतियों के सफल क्रियान्वयन तथा उभरती चुनौतियों के अनुसार स्वयं को ढालने की क्षमता पर निर्भर करेगी। 'पूर्ण तैनाती' का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आदेश आतंकवादियों के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि भारत अपने क्षेत्र में किसी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं है और वह आतंकवादियों का सफाया कर देगा।

# बैंकिंग क्षेत्र में सुधारों की उम्मीद

**पिछले वर्षों में भारतीय बैंक घोटालों, डूबे कर्जों तथा बढ़ते एनपीए से निपटते रहे हैं। हालिया सरकारी पहलों से कर्जों की वसूली में उल्लेखनीय वृद्धि तथा एनपीए में कमी आई है।**



**विवेक शुक्ला**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



पिछले वर्षों में भारतीय बैंक घोटालों, डूबे कर्जों तथा बढ़ते एनपीए से निपटते रहे हैं। हालिया सरकारी पहलों से कर्जों की वसूली में उल्लेखनीय वृद्धि तथा एनपीए में कमी आई है। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुन: सरकार बनने से बैंकिंग क्षेत्र को ज्यादा पारदर्शी तथा सक्षम बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाने की उम्मीद बढ़ी है। हालिया वर्षों में भारतीय बैंकों को किसी अन्य देश के बैंकों की तुलना में काफी अधिक उतार-चढ़ावों का सामना करना पड़ा है। 2014 में पहली बार मोदी सरकार बनने से पहले भारतीय बैंकों को अनेकानेक घोटालों, कर्ज देने में धोखाधड़ी, घोटालों, बढ़ती गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए तथा कर्ज माफी की गलत नीतियों का शिकार होना पड़ा था। इसके कारण कुछ बैंक डूब गए थे या उनमें भारी घाटा हुआ था। हालांकि, मोदी के सत्ता में आने से पहले भी केन्द्र सरकारों ने इन मुद्दों से निपटने के लिए कुछ कदम उठाए थे, पर उनके आधे-अधूरे क्रियान्वयन के कारण इच्छित परिणाम सामने नहीं आए थे। सौभाग्य से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने तेजी से कदम उठाते हुए बैंकिंग क्षेत्र में व्याप्त अनियमितताओं को संबोधित किया। इन कदमों तथा सरकार द्वारा निर्धारित नीतियों के सटीक व प्रतिबद्ध क्रियान्वयन से धीरे-धीरे भारतीय बैंकों की स्थिति में सुधार आया। मोदी के नेतृत्व में 2019 में पुन: केन्द्र सरकार बनने के बाद बैंकिंग व्यवस्था के सुधार में और तेजी आई। इसके परिणामस्वरूप आज अधिकांश बैंकों की स्थिति पहले की तुलना में बहुत अच्छी हो गई है।

मोदी सरकार की नीतियों के चलते अनेक बैंक न केवल अपने नुकसान की भरपाई कर सके हैं, बल्कि वे मुनाफे की ओर भी बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने घोटालों पर लगभग पूर्ण विराम लगा दिया है। धोखाधड़ी करने वाले अनेक लोगों की परिसंपत्तियां जब्त कर कर्जों की वसूली की गई है, बैंकों का पुन: पूंजीकरण किया गया है तथा एनपीए के बोझ में भारी कमी आई है। यह एक अत्यन्त सकारात्मक स्थिति है। 2013 से 2017 के बीच जहां एनपीए 12.47 प्रतिशत था, वहीं यह धीरे-धीरे घट कर सितंबर, 2023 में केवल 3.2 प्रतिशत रह गया। हालांकि, इस कमी में सरकार द्वारा बैंकों के पुन: पूंजीकरण के प्रयासों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। वर्तमान समय में सवाल यह है कि क्या बैंकों में सुधार की वर्तमान स्थिति आगे बढ़ेगी अथवा 'लौट के बुद्धू घर को आए' वाली कहावत फिर सही सिद्ध होगी। अतीत में भारतीय बैंक इस बात की गवाही बने हैं कि स्वतंत्रता के पहले और उसके बाद भी अनेक बैंक भारी घाटे के कारण डूब रहे थे। इस उथलपुथल वाली स्थिति से हमें यह सोचने पर मजबूर होना पड़ रहा है कि जब तक लंबे समय तक बैंकों में सुधारों की प्रक्रिया जारी नहीं रहती है तब तक समस्या का स्थाई समाधान सामने नहीं आएगा।

वरिष्ठ लेखक श्रीपाल जैन ने अपनी हालिया पुस्तक 'भारतीय बैंकों का बदलता चेहरा' में बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ी अनेक उपलब्धियों, समस्याओं और परिघटनाओं का विस्तृत विश्लेषण किया है। इस पुस्तक में घोटालों, बड़े-बड़े घोटालेबाजों, घोटालों के तरीकों, बैंकिंग व्यवस्था में साइबर अपराधों, 'यस बैंक' के उत्थान और पतन, एनपीए का संजाल, आदि का विस्तृत विवरण पेश किया है। उन्होंने आजादी के पहले और बाद में बैंकिंग संस्थानों की स्थिति का वर्णन किया है। इसके साथ ही पुस्तक में बैंक निजीकरण पर मचे शोर, कृषि कर्जों की माफी के अर्थशास्त्र, नोटबंदी, जन-धन योजना, भारतीय रिजर्व बैंक की स्वायत्तता तथा डिजिटल बैंकिंग की बढ़ती लोकप्रियता व इसके जोखिमों, आदि का भी विस्तृत वर्णन किया गया है।

स्वतंत्रता के बाद देश में निजी व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक थे, पर उनके भीतर अनेक घोटाले होते रहते थे और वे अनेक मामलों में विफल रहते थे। इसके बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आर्थिक वृद्धि तथा बिजनेस विस्तार की प्रमुख कुंजी बने हुए थे। निजी बैंक आमतौर से साधारण लोगों के खाते नहीं खोलते थे। जुलाई, 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से आम जनता की बैंकों तक पहुंच बढ़ी। इस कालखंड में अनेक बैंकों का विलय हुआ जिसके कारण कुछ सकारात्मक नतीजे सामने आए। लेकिन धीरे-धीरे भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी तथा सार्वजनिक बैंकों में राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण भारी मात्रा में असली और फर्जी कंपनियें को कर्ज दिए गए। इनमें से अनेक कर्जों की या तो वापसी नहीं हुई या उनकी केवल आंशिक वसूली ही संभव हुई। इसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक तथा निजी बैंकों को भारी घाटा हुआ। 1990 के दशकारंभ में 'उदारवादी नीतियां' स्वीकार की गईं और इसके थोड़े समय बाद एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक, आदि निजी बैंक अपनी आधुनिक तकनीकों के कारण लोकप्रिय हो गए। इन तकनीकों से पैसा जमा करने, पैसा निकालने, चेकों की तेजी से क्लियरिंग, बीमा, म्यूचुअल फंड, आदि खोलना शामिल था। निजी बैंकों के नए उत्पादों, योजनाओं और आधुनिक तकनीकों ने सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के सामने भारी प्रतियोगिता पैदा की। इसके कारण सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों तथा निजी क्षेत्र के अन्य बैंकों को नए उत्पादों, योजनाओं और आधुनिक तकनीकों को लागू करने के लिए मजबूर किया। इसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों की स्थितियों में सुधार आया, लेकिन उदारीकरण की लहर ने भी अनेक घोटालों, रिश्वतों, भ्रष्टाचार तथा राजनीतिक हस्तक्षेप को जारी रखा।

इसके कारण सार्वजनिक व निजी क्षेत्र बैंकों को अनेक घोटालों का सामना भी करना पड़ा। हर्षद मेहता व केतन पारिख जैसे घोटालेबाजों द्वारा किए गए विशाल घोटालों तथा 'ग्लोबल ट्रस्ट' जैसे बैंकों के डूबने की परिघटनायें भी इस कालखंड में सामने आईं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार के पहले कार्यकाल में पीएनबी बैंक, पीएमसी बैंक व अन्य सहकारी बैंकों तथा यस बैंक आदि में हुए घोटालों तथा बड़े घोटालेबाजों के विदेश भाग जाने से काफी बड़ा संकट पैदा हुआ। इस कारण बैंकों पर एनपीए का बोझ रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया। इस संदर्भ में छोटे बैंकों के बड़े सार्वजनिक बैंकों में विलय का प्रशंसनीय कदम उठाया गया जिससे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों की संख्या घटी। इस बीच भारत का व्यापार तेजी से बढ़ रहा था जिससे बैंकों में पूंजी तरलता लगातार पैदा हो रही थी। मोदी सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक की निगरानी को ज्यादा प्रभावी बनाया, नोटबंदी की, जनधन योजना व आवास योजनायें शुरू कीं तथा आत्मनिर्भर भारत, विनिर्माण व अन्य क्षेत्रों को तेजी से आगे बढ़ाया।

इस बीच कोविड-19 वैश्विक महामारी का हमला हुआ जिसने अर्थव्यवस्था को तगड़ा धक्का दिया। लेकिन कुछ ही महीनों में मोदी सरकार ने आर्थिक मोर्चे पर नियंत्रण के लिए मजबूत कदम उठाए। महामारी के दौरान बैंकिंग में डिजिटल लेनदेन तेजी से बढ़े और उन्होंने सारी दुनिया के रिकार्ड तोड़ दिए। मोदी सरकार के प्रयासों से वैश्विक महामारी तथा इस दौरान लाकडाउन के कालखंड में देश के सबसे गरीब लोगों की आजीविका तथा मूलभूत आवश्यकतायें मोटेतौर से पूरी की जा सकीं। इसमें जनधन योजना, आधार कार्ड तथा यूपीआई ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

वर्तमान समय में यूपीआई न केवल भारत, बल्कि विदेशों में भी अपनी छाप छोड़ रही है। लेकिन इन सबके बावजूद बैंकों के स्वास्थ्य के प्रति निश्चिन्त नहीं हुआ जा सकता है। आज भी कभी-कभी बैंक घोटाले सामने आते हैं, डिजिटल बैंकिंग घोटाले बढ़ रहे हैं तथा बैंकिंग क्षेत्र में साइबर अपराधियों का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके कारण न केवल बैंकों, बल्कि खाताधारकों को भी भारी नुकसान हो रहा है। इस मुद्दे पर अभी फूलप्रूफ लगाम नहीं लगी है। श्रीपाल जैन ने अपनी उपरोक्त पुस्तक के समापन में कहा है, 'वर्तमान समय में अनेक बैंक मुनाफे की ओर बढ़ रहे हैं। मोदी सरकार ने समस्याओं और चुनौतियों को अवसरों में बदला है जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक की निगरानी का महत्वपूर्ण योगदान है।' लेकिन जब तक फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भ्रष्टाचार जारी है तथा बैंकिंग में साइबर अपराधियों की घुसपैठ नहीं रोकी जाती है, तब तक बैंकों को मजबूत करने तथा फूलप्रूफ सुरक्षा देने का वादा पूरा नहीं होगा।

# एफएसएसएआई की विकास-यात्रा : वर्तमान और भविष्य

**- जे.पी. नड्डा**
**केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री**



एनडीए शासन के दौरान दूसरी बार स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री बनने के बाद, पिछले सप्ताह जब मैंने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) का दौरा किया, तो मुझे 2014 में स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपने शुरुआती कार्यकाल का स्मरण हो आया। यह वह समय था जब FSSAI खुद को देश के खाद्य-सुरक्षा नियामक के रूप में स्थापित कर रहा था और उस पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी के लिए खाद्य मानक और नीतियाँ तय करने की बड़ी ज़िम्मेदारी थी।

22 अगस्त 2016 को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम (FSSA), 2006 के एक दशक पूरा होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जब मैंने पहली बार FSSAI टीम और विभिन्न हितधारकों से मुलाकात की, तो FSSAI का दृष्टिकोण स्पष्ट था। उनका लक्ष्य नीतियों को मज़बूत करना, उभरती चुनौतियों का समाधान करना तथा नागरिकों और खाद्य व्यवसायों के बीच सामाजिक और व्यावहारिक परिवर्तन को बढ़ावा देना था। इन पहलों को 'ईट राइट इंडिया मूवमेंट' के तहत खूबसूरती से एकीकृत किया गया है, जिसने सभी भारतीयों के लिए 'सुरक्षित, स्वस्थ और सतत' भोजन सुनिश्चित करने के लिए एक समग्र 'संपूर्ण प्रणाली दृष्टिकोण' अपनाया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय और FSSAI हमारे देश के खाद्य-सुरक्षा परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। एक मज़बूत खाद्य-सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र केवल मज़बूत खाद्य-नीतियों और मानकों की नींव पर ही बनाया जा सकता है। यह जानकर खुशी होती है कि FSSAI के वैज्ञानिक पैनल और विशेषज्ञ समितियों में काफ़ी विस्तार हुआ है, जिसमें 88 संगठनों के 286 विशेषज्ञ शामिल हैं। इससे वैश्विक मानकों के अनुरूप मानकों और नीतियों के विकास की गति में उल्लेखनीय तेज़ी आई है।

FSSAI की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि मिलेट के मानकों का सृजन है, जिन्हें 2023 में वैश्विक मिलेट (श्री अन्न) सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किया गया था। ये मानक कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग के साथ साझा किए गए हैं, जिससे मिलेट के वैश्विक मानकों के विकास और भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने के लिए नीतियों और मानकों के विकास के साथ-साथ उनका प्रवर्तन और परीक्षण भी उतना ही आवश्यक है। पिछले आठ वर्षों में FSSAI के खाद्य-परीक्षण बुनियादी ढाँचे में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, कैबिनेट ने राज्य खाद्य-परीक्षण प्रयोगशालाओं को मज़बूत करने के लिए ?482 करोड़ की मंज़ूरी दी। FSSAI ने 'फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स' नाम से मोबाइल फूड लैब उपलब्ध कराकर दूरदराज़ के इलाकों तक पहुँचना शुरू कर दिया है।

इन उपलब्धियों का उत्सव मनाते समय, हमें वैश्विक स्तर पर उभर रहे रुझानों, जैसे कि प्लांट बेस्ड प्रोटीन, प्रयोगशाला में विकसित मांस आदि को भी स्वीकार करना चाहिए। FSSAI ने नई श्रेणियों, जैसे - वीगन खाद्य पदार्थों, जैविक उत्पादों और आयुर्वेदिक आहार के लिए सक्रिय रूप से मानक विकसित किए हैं और यह खाद्य-सुरक्षा के उभरते रुझानों के अनुरूप निरंतर अनुकूलन कर रहा है।

जैसे-जैसे वैश्विक खाद्य व्यापार का विस्तार हो रहा है, FSSAI कोडेक्स जैसे विभिन्न मंचों पर अंतरराष्ट्रीय नियामकों के साथ साझेदारी कर रहा है। इसका उद्देश्य बढ़ती आबादी के लिए सुरक्षित और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और सामंजस्यपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करना है। FSSAI ने 2023 में दिल्ली में पहला वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन (GFRS) भी आयोजित किया, जो खाद्य नियामकों के लिए उभरती खाद्य-सुरक्षा चुनौतियों के बारे में मिलने और विचार-विमर्श करने के लिए अपनी तरह का पहला सहयोगी मंच है। FSSAI आने वाले महीनों में GFRS के दूसरे संस्करण के लिए तैयार है।

जब हम खाद्य-सुरक्षा पर बात करते हैं, तो उपभोक्ताओं और नागरिकों को साक्ष्य-आधारित जानकारी के माध्यम से विभिन्न खाद्य-सुरक्षा मुद्दों पर सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। तभी हमारा काम समग्रता से पूर्ण होगा। यहीं पर FSSAI का 'ईट राइट इंडिया' अभियान महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, यह सुनिश्चित करके कि उपभोक्ताओं तक हर स्तर पर ज़रूरी जानकारी पहुँचे। इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम को हमारे आउटरीच को मज़बूत करने और व्यावहारिक बदलाव को प्रोत्साहित करने के लिए बढ़ाया जा रहा है, जो उपभोक्ताओं को सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य विकल्पों की मांग करने के लिए सशक्त बनाता है और खाद्य व्यवसायों को बेहतर विकल्प प्रदान करने के लिए प्रेरित करता है।

FSSA, 2006 खाद्य-उत्पादों के लिए व्यापक मानकों को अनिवार्य बनाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वे उपभोग के लिए सुरक्षित हैं। साथ ही, फूड-लेबलिंग के नियम उपभोक्ता को एक सूचित विकल्प (informed choice) बनाने में सशक्त करते हैं। विज्ञापन और दावों के लिए नीतियाँ यह भी सुनिश्चित करती हैं कि खाद्य व्यवसायों द्वारा खाद्य-उत्पादों पर कोई भ्रामक दावा नहीं किया जा रहा है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (CPA) 2019 उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज करने के लिए पर्याप्त तंत्र प्रदान करके उनके सामने आने वाली आधुनिक चुनौतियों का समाधान करने में सहायक रहा है, विशेष रूप से भ्रामक विज्ञापनों, असुरक्षित या घटिया भोजन से संबंधित शिकायतों के सन्दर्भ में।

खाद्य-सुरक्षा एक सामूहिक प्रयास है, और FSSAI विभिन्न सरकारी विभागों और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहा है। यह सम्पूर्ण सरकार (whole-of-government) और सम्पूर्ण प्रणाली (whole-of-system) दृष्टिकोण को अपना रहा है। FSSAI खाद्य-सुरक्षा और स्वास्थ्य पहलों में उद्योग और अन्य हितधारकों को शामिल करके एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रहा है। FSSAI ने पिछले दस वर्षों में भारत की खाद्य-सुरक्षा स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से बदला है। साथ ही, यह उभरती चुनौतियों का समाधान करने और उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। FSSAI का लक्ष्य अपनी प्रतिबद्धता और समग्र दृष्टिकोण से भारत को खाद्य-उत्पादन में ही नहीं, बल्कि खाद्य-सुरक्षा और स्थिरता में भी वैश्विक गुरु बनाना है।

## आप की बात

### उचित आदेश

**उत्तर प्रदेश और हरिद्वार** में जारी आदेश के मुताबिक कांवड़ यात्रा के पूरे रूट पर दुकान लगाने वाले तमाम लोगों के लिए अपनी पहचान सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय पूरी तरह उचित है। कांवड़ यात्रा के मार्ग पर लगाई गई दुकानों पर मलिक का नाम लिखने में किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिये। देखने में आया है कि कुछ अल्पसंख्यक हिंदू नाम रखकर दुकानें खोल लेते हैं। यह एक प्रकार से हिंदुओं की आस्था पर प्रहार है। अनेक शाकाहारी लोग मांसाहारी लोगों के हाथ का बना खाना अपवित्र समझते हैं। ऐसे में उन्हें धोखे से खाना खिलाना सरासर गलत है। कुछ लोग पूजा सामग्री, हार, फूल, प्रसाद की दुकान भी अपनी पहचान छुपा कर लगा लेते हैं। इसका खुलासा कई बार हो चुका है। गलत बोर्ड लगाकर हिंदुओं को भ्रमित करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। इस मसले पर राजनीति करना उचित नहीं है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि अनेक स्थानों पर मुस्लिम अपनी पूरी पहचान के साथ खाने-पीने व मिठाइयों की दूकानें लगाते हैं और बड़ी संख्या में उनके ग्राहक हिंदू भी हैं। अत: इस आदेश को किसी प्रकार मुस्लिम-विरोधी नहीं कहा जा सकता है।

**–सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बाइडेन की दुविधा

**जो बाइडेन** ने निसंदेह अपने कार्यकाल में अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तराष्टीर्य मामलों को ठीक से हैंडल किया। खासकर उनके प्रयास से ही यूक्रेन अब तक रूस के साथ संघर्ष के मैदान में टिका हुआ है। लेकिन वे इस समय बढ़ती उम्र तथा अनेक शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। लेकिन वे चुनाव में ट्रम्प को टक्कर देने से पीछे नहीं हटना चाहते हैं। हालांकि, पिछले सप्ताह तीसरी बार कोविड होने के बाद कहा कि अगर उनके डॉक्टर कहेंगे तो वे चुनाव मैदान से हटने के बारे में सोचेंगे। लेकिन वे इसमें जितना समय लगाएंगे उतना ही फायदा ट्रम्प को होगा। इसलिए अब बिना समय गंवाए जो बाइडेन को कमला हैरिस या किसी और का नाम प्रस्तावित कर देना चाहिए। अब तक 40 से ऊपर डेमोक्रेटिक नेताओं ने उनसे मैदान से हटने की विनती की है। यहाँ तक उनके बॉस रह चुके बराक ओबामा ने भी कह दिया है कि बाइडेन को निर्णय लेने में देरी नहीं करनी चाहिए। जो बाइडेन की दुविधा उनके, उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी तथा संभवत: बाकी दुनिया के लिए भी घातक सिद्ध हो सकती है। अनेक राजनीतिक विश्लेषक साफ-साफ कह चुके है कि ट्रंप न केवल अमेरिका, बल्कि सारी दुनिया के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

**– जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### रेल दुर्घटना

**उत्तर प्रदेश** में गोंडा के पास एक्सप्रेस की 3 बोगियां पलटने से 4 यात्रियों की दुखद मृत्यु और अनेक घायल हो गए। रेलवे द्वारा मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर घायलों को 2.50 लाख व घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। हादसे के बाद राजनेताओं की अनेक प्रतिक्रियायें आई हैं जो उनके पक्ष या विपक्ष में होने पर निर्भर करती हैं। लेकिन रेलवे में होने वाली दुर्घटनाओं पर गंभीरता से विचार कर एक समग्र नीति बनाने की आवश्यकता है। इससे पहले भी कुछ ही महीनों में कई ट्रेन दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें काफी जान-माल का नुकसान हुआ है। हालिया दुर्घटना का कारण पटरी की खराबी बताया गया है, जबकि पहले की अनेक दुर्घटनायें ड्राइवरों या लाइनमैनों की गलतियों तथा ट्रेनों के टकराने से हुई हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुछ समय पहले ट्रेनों को टकराने से बचाने वाले स्वचालित साफ्टवेयर कवच का सभी ट्रेनों में प्रयोग अनिवार्य करने की बात कही थी। लेकिन सारी ट्रेन दुर्घटनाओं का यही कारण नहीं है। इसलिए कवच प्रयोग के साथ ही पटरियों व सिग्नलों के रखरखाव तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से रेलवे में सुरक्षा सबंधी सभी पदों को जल्द से जल्द भरना भी यात्रियों की सुरक्षा हेतु जरूरी है।

**–शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### पौष्टिक भोजन जरूरी

**देश** में विश्वविद्यालयों का नियमन करने वाली संस्था विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कॉलेजों को निर्देश दिए हैं कि कॉलेज की कैंटीन में पिज्जा, बर्गर और समोसे जैसे जंक फूड की बिक्री पर रोक लगाई जाए। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि खिलाड़ियों व पहलवानों के लिए शक्तिदायक आहार की तरह पढ़ने वाले छात्रों के लिए भी पौष्टिक भोजन जरूरी है। अपना शहर और परिवार छोड़ कर पढ़ने के लिए अन्य शहरों में गए लगभग सभी विद्यार्थी फास्ट फूड, पिज़्ज़ा, बर्गर, नूडल्स आदि खाकर भूख मिटाते हैं। लेकिन इसका दुष्प्रभाव उनके शरीर पर भी पढ़ता है। आंखों व दिमाग पर भी पड़ता है। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का यह निर्देश उचित है। लेकिन इसके साथ ही फास्ट फूड के विकल्प के रूप में ऐसे खाद्य पदार्थों को प्रोत्साहन देना जरूरी है जो पैकिंगों में उपलब्ध हों, लंबे समय तक सामान्य तापमान पर रखे जा सकते हों, स्वाद में बेहतर तथा पौष्टिक होने के साथ ही नौजवानों के लिए स्वीकार्य हों। अनेक स्थानीय व देशी खाद्य पदार्थ आसानी से फास्ट फूड का विकल्प बन सकते हैं।

**– विभूति बुपक्या,** खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# भारी बरसात के बीच जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होकर लोगों ने दिखाई रुचि

## मूसलाधार बारिश के बीच शिविर में पहुचे कलेक्टर, लोग हुए गदगद–

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com





ग्राम जगन्नाथपुर सांकरा/ज में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का, और ऐसे में लगातार हो रही झमाझम बारिश। इस भारी बरसात के बावजूद भी शिविर का आयोजन संपन्न हुआ, और आयोजित शिविर में जिले के संवेदनशील कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल पहुचे और स्वंय जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए। लगातार हो रही बारिश के बावजूद कलेक्टर को अपने बीच पाकर ग्रामीणों का खुशी का ठिकाना नही रहा। हालांकि बारिश के दौरान शिविर में व्याध्यान उत्पन्न जरूर हुआ। लोगों को बारिश कर चलते और आयोजन स्थल में भरे पानी की वजह से परेशानियो का सामना जरूर करना पड़ा। लेकिन कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ सहित तमाम विभाग के आलाधिकारियों को अपने बीच पाकर ग्रामीणजन उक्त शिविर में आवेदन लेकर पहुचे। शिविर का आयोजन सावन के पहले सोमवार को बालोद ब्लॉक के ग्राम जगन्नाथपुर सांकरा/ज में सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक हुआ। और इस दौरान लगातार बारिश होती रही। भारी बारिश के बावजूद भी जिला स्तरीय जनसमस्या शिविर को लेकर खासा उत्साह नज़र आया। और भला उत्साह क्यो न हो, जिन अधिकारियों से मिलने उन्हें जिला मुख्यालय बालोद और कलेक्ट्रेट के चक्कर काटने पड़ते थे। आज वही अधिकारी उनके समक्ष उनके द्वारा पहुचे है। शिविर में 200 से अधिक आवेदन आए। आवेदन लेने बकायदा पंजीयन काउंटर बनाया गया था। जहाँ ग्रामीण भरे बरसात में अपनी मांग, शिकायत लेकर पहुचे थे। लोगों को असुविधा न हो इसका ध्यान रखते हुए सभी विभागों के अलग अलग काउंटर बनाये गए थे, आवेदन पंजीयन काउंटर में पंजीयन होने के बाद संबंधित विभाग के काउंटर में आता और सक्षम अधिकारी उसके निराकरण की प्रक्रिया में लग जाते। जो तत्काल होने लायक प्रकरण थे, उसे तत्काल निराकरण किया गया और जो प्रकरणों का निराकरण नही हुआ उस आवेदन में समयावधि के अंतर्गत निराकरण करने की बात सम्बंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कही गई। यही नहीं शिविर में कई ग्रामीण हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ भी हासिल हुआ।

### पीएम आवास के सर्वाधिक आवेदन

आयोजित उक्त शिविर में विभिन्न विभागों के अलग-अलग आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें मांग व शिकायत।के आवेदन थें। उन आवेदनों में सबसे अधिक पीएम आवास की मांग थी। जिसके बाद राजस्व मामले से सम्बंधी आवेदन आये। आवेदन पंजीयन करने जनपद पंचायत बालोद से ग्राम पंचायत सचिवों की ड्यूटी लगाई गई थी। जैसे जैसे आवेदन का पंजीयन होता, उसके बाद जिस भी विभाग से सम्बंधित आवेदन रहते, उसे कोटवार के द्वारा उस विभाग के अधिकारी को सौप दिया जाता था।

### सीसीबी नोडल मोबाइल में टाइम पास करते आए नजर

एक ओर जहां जिले के संवेदनशील कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने शिविर का निरीक्षण किया। लोगों की समस्याएं सुनी। और अधिकारियों को आवेंदनो का निराकरण करने की बात कही। तो वही दूसरी ओर कुछ अधिकारी जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में मोबाइल में समय व्यतीत करते नज़र आये। सीसीबी नोडल अधिकारी चिंता राम रावटे आयोजित शिविर के दौरान पूरे समय मोबाईल में टाइम पास करते दिखे। जिस नज़ारे को नई दुनिया ने अपने कैमरे में कैद किया। आयोजित पूरे शिविर के दौरान सीसीबी नोडल मोबाइल से ही चिपके रहें।

### भारी बारिश में भी शिविर पर पहुचे लोग– कलेक्टर


कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने पायनियर से चर्चा में कहा कि यह जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का दूसरा पड़ाव था, भारी बारिश के बीच भी काफी संख्या में लोग उपस्तिथ हुए। सुबह से ही बारिश हो रही है, बावजूद इतने संख्या में लोग यहां आए। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर को लेकर लोगो मे उत्साह देखा गया हैं। करीबन 200 आवेदन शिविर में प्राप्त हुए, जिसका मौके पर निराकरण हो पाया, उस आवेदन का मौके पर ही निराकरण किया गया। बाकी आवेंदनो का आने वाले समय में निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इतनी भारी बारिश के बावजूद भी लोग इस जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हिस्सा बने, अपनी रुचि दिखाई। हम उन लोगों का अभिनंदन करते है। सभी अधिकारी भी अपनी ड्यूटी पर यहां उपस्तिथ रहें।

# मनरेगा के कार्य में अनियमितता बरतने वाले रोजगार सहायक बर्खास्त

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जिले में रोजगार मुखी एवं जल संवर्धन के काम दु्रत गति से कराए जा रहे हैं । जिले के पंजीकृत परिवारों को उनकी मांग के अनुसार नियमित रूप से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। माह जुलाई तक जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त कर लिया गया है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत योजना क्रियान्वयन के संबंध में प्राप्त शिकायतों का निराकरण भी जिला प्रशासन द्वारा त्वरित रूप से किया जा रहा है । इसी क्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा के आदेशानुसार जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल ने जनपद पंचायत साजा के ग्राम पंचायत हाथीडोब में मनरेगा के कार्य में अनियमितता बरते जाने संबंधी शिकायत सही पाए जाने पर सर्व संबंधितों (सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक ,तकनीकी सहायक) से अनियमित भुगतान राशि की वसूली की जाकर सचिव ग्राम पंचायत की आगामी एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोक दी गई है। साथ ही तकनीकी सहायक हेमलता सिन्हा को मनरेगा में संपादित नाली निर्माण कार्य में प्राप्त शिकायत की जांच में महात्मा गांधी नरेगा प्रावधानो के विपरित कार्य करते हुए अनियमितता बरती गई है। शासकीय कार्य में अनियमितता व लापरवाही बरतने हेतु उनके सेवा अवधि में किसी प्रकार की वृद्धि नही की जाने की कार्यवाही की गई हैं 7 रोजगार सहायक हेमलता सिन्हा की सेवा समाप्त कर जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि योजना में किसी प्रकार की गड़बड़ी सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इनके स्थान पर महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत कार्यो के संपादन हेतु सुलेश्वर वर्मा ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत पथरीखुर्द को ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत हाथीडोब का अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त तक सौंपा गया है।

# अन्य राज्य के पशु पालक को कार्यवाही करने के बजाए दे रहे है संरक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला में वन संपदा की मात्रा प्रचुर है और यहां पर इमारती लकड़ी, औषधी वनस्पतियां , जड़ी बूटियों, पौधे सहित विभिन्न प्रकार के जीव ,जंतु ,वन्य प्राणी, तितली , मोर,हिरण मौजूद है बावजूद लगातार वनों की रकबा में कमी आ रहा है जिसके चलते सभी खतरे में दिखाई दे रहे है । प्रतिवर्ष गर्मियों के दिनों में वन्य प्राणी मौदानी इलाको में दिखाई देते और अपनी जान भी गवां रहे है इसका कई तरह के कारण हो सकते लेकिन मुख्य रूप से वनों की विनाश ही है। जहां पर अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं होने के कारण सुरक्षित स्थान की तलास में निकल पड़ते है ।

### लगातार वनों की रकबा में कमी

कबीरधाम जिले के वनों की रकबा में लगातार कम होती दिखाई दे रहा है। जिसके पीछे प्रत्यक्ष , अप्रत्यक्ष रूप वन अमला ही जिम्मेदार है । ऊंची पहाड़ो के टीले पर भी वनवासियों को खेती करते देखे जा सकते हैं। वनवासी वनों पर अति मण करने के लिए पेड़ो पर पहले गैडलिंग करते है फिर सुख जाने पर काटते है फिर कब्जा करते हैं । उन पर विभाग कोई कठोर कार्यवाही करने में फिसड्डी साबित हो रहे हैं। वर्षो से जमे कार्यालयीन कर्मचारी और मैदानी अमला भी इसका एक प्रमुख वजह हो सकते है । कठोर कार्यवाही करने के बजाए ज्ञान बाटकर दिखावा की कार्यवाही करते हुए खाना पूर्ति करते दिखाई देते है ।

### कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति

वन अमला जंगल की सुरक्षा को लेकर गंभीर दिखाई नहीं देता है। कार्यवाही तो लगातार हो रहा है लेकिन महज खानापूर्ति कर अपनी जिम्मेद्दारी का निर्वाहन कर खूब वाहवाही लूटने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। जो मीडिया और सोशल मीडिया पर दिखाई दे रहा है।ऐसा बहुत से मामला छुपा हुआ है जिसमे आरोपी को पकड़े जाने के बावजूद अज्ञात पी ओ आर की कार्यवाही करते है । कुछ में तो वन अमला लेन देन कर मामला को आपस में ही सुलझाकर सहानभूति देते दिखाई पड़ता है ।

### भेड़ बकरियां ऊट पालक के सामने बेबस

गुजरात और राजस्थान से भेड़ बकरियां ऊट लेकर पशुपालक वर्षो से कबीरधाम जिला और पड़ोसी जिले में आकर अपनी जीविका चलाते हैं। इनके द्वारा बरसात और ठंड के दिनों में जंगल में रहकर अपने पशुओं को चारा चराते है । भेड़ बकरियां जंगल के छोटे छोटे पौधा और उनके कोमल पत्ते को खा कर अपनी पेट भरते है वही ऊट बड़े बड़े पेड़ो की ढगलियो को तोड़कर अपना पेट भरता है । इसकी जानकारी सभी जिम्मेदार को है । उनको जंगल से भागने के बजाए एक जगह से दूसरे जगह खदेड़ने और समझाइश देने तक सीमित हो जाते है । छोटी मोटी चराई की कार्यवाही कर अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन कर लेते है जबकि वन अमला को मालूम है कि आखिर ये अन्य राज्य से कबीरधाम के जंगल में ही रहते है और हजारों की संख्या में भेड़ बकरियां ऊट एक एक पशु पालक के पास हजारों की संख्या में मौजूद है तो ये मौदनी इलाको में नही जा सकते क्योंकि खेतो में किसानो के द्वारा फसल की बुआई किया गया है ।

### वन औषधी खतरे में

कबीरधाम जिला के जंगल में औषधि गुणों से भरपूर पेड़,पौधे वनस्पतियां , जड़ी बूटियों प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं जिसको लेकर विभाग लाखो रुपए खर्च कर बड़े बड़े प्रसंस्करण लगाया है लेकिन इन्ही पेड़ो और पौधे , औषधी वनस्पतियों को ही भेड़ बकरियां ऊट अपनी भूख मिटाने के लिए चारा के रूप में चट कर रहे है जिसके चलते आधिकांश प्रसंस्करण बंद हो चुका है और इन्ही के चलते ये योजनाएं सफल नहीं हो पा रहे है ।

### एक तरफ पौधा रोपण दूसरी ओर चट कर रहे भेड़ बकरियां

वन विभाग का कुछ वर्षो किए गए पौधा रोपण का आंकड़ा देखा जाए और उसमे जीवित पौधा की मात्रा देखा जाए तो काफी अंतर दिखाई देगा । जिसका मुख्य वजह भेड़ बकरियां ऊट ही है जो छोटे छोटे पेड़ पौधे को अपना चारा बना लेता है फिर पौधा रोपण की खाली जगह पर कब्जा धारियों की नजर पड़ जाता है । उक्त स्थान पर पौधा की जगह किसानो का फसल लहलहाने लगता है ।जो एक गंभीर चिंतनीय समस्याओं को पैदा कर रहा है ।

# बहेरघट में गुरु पूर्णिमा पर स्फटिक मणि शिव का सामूहिक रुद्राभिषेक




पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा नगर के समीप ग्राम बहैरघट में आदि शंकराचार्य विद्यापीठ सेवा संस्थान एवं चंद्र मौलेश्वर मंदिर निर्माण स्थल में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व में संस्था के संस्थापक आचार्य प्रवर राम प्रताप शास्त्री महाराज के सानिध्य में समग्र छत्तीसगढ़ से पधारे हुए सैकड़ो भक्त वृंदों के द्वारा गुरु पूजन स्फटिक मणि शिव जी का सामूहिक रुद्राभिषेक एवं सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड का पाठ अनेक वैदिक विद्वानों के सानिध्य में संपन्न हुआ तत्पश्चात प्रकृति के संरक्षण के लिए आश्रम में वृक्षारोपण पर्व भी सभी भक्त वृंदों के द्वारा मनाया गया एवं प्रकृति के संरक्षण के लिए अपने गुरु के आदेश से सभी भक्तों ने एक-एक वृक्षारोपण का संकल्प लिया और अपने हाथों से वृक्षारोपण किया महाराज ने कहा कि एक वृक्ष हमारे अनेक पीडिया को अपना फल अपनी छाया और सुखने के बाद भी अपनी लकडियों से हमारे पेट भरने की व्यवस्था करते हैं इसलिए सदा उनके कृतज्ञ रहते हुए वर्षा काल में अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण हम सबको करना चाहिए ऐसा संदेश उन्होंने गुरु पूर्णिमा पर्व में प्रसारित किया और अनेक क्षेत्र के भक्त समुदाय ने भारी संख्या में उपस्थित होकर के इस पावन पर्व का लाभ प्राप्त किया बेमेतरा के विजय सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका अपने सभी साथियों राजेश शर्मा राकेश मोहन शर्मा विकास तम्बोली गौरव साहू रोशन दत्ता गोलू कोसले अश्विन ठाकुर संजय निषाद मोनू साहू के साथ गुरुदर्शन वृक्षारोपण करने पहुंचे।

# आयरन ओर वेटलिफ्टिंग क्लब ,राजहरा माइंस के तत्वावधान में वृक्षा रोपण कार्यक्रम का आयोजन





पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

आयरन ओर वेटलिफ्टिंग क्लब ,राजहरा माइंस के तत्त्वाधान में एक पेड़ माँ के नाम व शत वृक्ष अभियान के तहत वृक्षा रोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि एस.डी.एम. आर.के.सोनकर, अध्यक्षता कृष्णा सिंह अध्यक्ष आयरन ओर वेटलिफ्टिंग क्लब , राजहरा एवं समापन अनिता शिंदे सचिव आयरन ओर वेटलिफ्टिंग क्लब ,राजहरा माइंस राजहरा के द्वारा सपन्न किया गया तथा इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सी.जी.एम. माइंस आर.बी.गहरवार, विशेष मुख्य नगरपालिका अधिकारी आर.के.साहू थे । अन्य अतिथियों में राजेश दसोड़े जिला मंत्री भा.ज.पा, सौरभ लूनिया भा.ज.पा.नेता, मनोज दुबे भा.ज.पा.नेता, मेवा पटेल भा.ज.पा.नेता, रामेश्वर साहू पूर्व भा.ज.पा.युवा मोर्चा अध्यक्ष, राजकुमार साहू पूर्व सैनिक संघ जिला अध्यक्ष , जयप्रकाश यादव, राजेश्वर सिंह ठाकुर, निवास राव, दुष्यंत , जनार्दन भा.ज.पा.नेता व शत वृक्षम अभियान की संरक्षिका शिल्पी रॉय शिक्षिका (कुंआ गोंदी) व आयरन ओर वेटलिफ्टिंग क्लब के खिलाड़ी उपस्थित रहे ।

# सावन में लीनेश क्लब प्रेरणा बेमेतरा ने मनाया तीज मिलन समारोह



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया लीनेस क्लब बेमेतरा के द्वारा एक रेस्टोरेंट में बीओडीकी मीटिंग रखी गई जिसमें पूर्व अध्यक्ष रश्मि ताम्रकार ललिता साहू का सम्मान किया गया एवं आय व्यय की जानकारी दी गई तथा सावन के महीने में तीज मिलन एवं होने वाले अन्य कार्यक्रमों की सूची बनाई गई। उक्त कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष विनोद राघव सचिव रामेश्वरी साहू रश्मि ताम्रकार शारदा तिवारी उमा तिवारी शशि तिवारी निम्मी पटेल कनकलता मिश्रा वीणा शर्मा आरती साहू नेहा साहू मुमताज रवानी रानी रवानी उपस्थित हुए।

# अंकिता देवांगन का गठिया रोग विशेषज्ञ की पढ़ाई के लिए हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में चयन

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



अंकिता देवांगन का गठिया रोग विशेषज्ञ की पढ़ाई के लिए हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में सलेक्शन हुआ है। डां.अंकिता देवांगन की पढाई डीएवी स्कूल दल्ली राजहरा से 2014 में कक्षा 12 वीं में 96? लेकर उत्तीर्ण की , 2020 में रायपुर एम्स से एम. बी.बी.एस.की पढ़ाई की तथा रायपुर एम्स में गोल्ड मेडलिस्ट रही । 2023 में काशी मेडिकल कॉलेज बनारस से जनरल मेडिसिन की पढ़ाई उत्तीर्ण की, 2024 में नायर अस्पताल मुम्बई में 6 माह सेवा दी . आंल इंडिया एम्स में मात्र दो शीट थी . जिसमें एक शीट डांक्टेड आंफ मेडिसिन हिमाचल प्रदेश बिलासपुर में गठिया रोग विशेष की पढ़ाई के लिए जुलाई 2024 में सलेक्शन हुआ है । इस सफलता का श्रेय अंकिता ने अपने पिताजी विजय देवांगन बीएसपी कर्मचारी, माँ दीपप्रभा देवांगन गृहणी, भाई डां . राहुल देवांगन मेडिकल आफीसर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डी लोहारा, स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखूराम साहू, , शिक्षकों को दिया।

# जिला अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण कर वृक्षों को बचाने का लिए शपथ



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पर्यावरण संरक्षण हेतु गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ड्रीम सनराइज वेलफेयर सोसायटी बेमेतरा द्वारा जिला अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण किया गया और पर्यावरण को बचाने की मुहिम के साथ ये शपथ भी लिया गया कि अपनें आस पास वृक्ष लगाकर जीवन पर्यंत उसका देखभाल करेंगे, तथा अपने दैनिक जीवन से समय निकालकर प्रत्येक रविवार को पेड़ लगाओ जीवन बचाओ के तहत श्रम दान करेंगे, वृक्षारोपण के इस कार्य म में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि जीवन के लिए वन का होना बहुत ज़रूरी है ऐसे प्रयास होते रहने चाहिए वही पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिंहा ने कहा कि ड्रीम सनराइज की पूरी टीम बधाई के हकदार हैं वे समाज हित में हमेशा कुछ न कुछ कार्य करते रहते हैं समिति के संयोजक जगजीत सिंघ और नरेन्द्र सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उन्हे सम्मानित किया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिती के संयोजक जगजीत सिंह अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह समिती के सचिव गोबिंद साहू , कोषाध्यक्ष धर्मेंद साहू , विष्णु साहू, अमित यादव, राजीव भुआल,फन्नी राव, कमल साहू, बंटी पटेल,साहिल रिज़वी, दारा अग्रवाल, वांकेश्वर साहू रामकुमार टंडन , अभिनव ठाकुर, सुकन्या सिंह रेणुका अग्रवाल नीलम साहू , भाग्य पोल वर्षा चोबे, भावना टंडन,रंजना तंबोली वर्षा गौतम ,तीजन साहू , किरण मिश्रा, ममता गुरुपंच , नीलिमा साहू ने महती भूमिका निभाई।

# गुरु पूर्णिमा पर श्री शिव धाम सल्धा में रोपा गया रुद्राक्ष एवम चंदन

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला मानस संघ के तत्वावधान में स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में श्री शिव धाम सल्धा में देव वृक्ष रुद्रच्छ , चंदन , बेल रोपित किया गया पश्चात पादुका पूजन गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया गया । कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा सिन्हा ने कहा की मां भगवती सीता का जन्म भू गर्भा से हुई है प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी का दायित्व बनता है जिससे व्यक्ति के अंतकरण में भक्ति का संचार हो इस हेतु जिले के सभी तहसीलों में जिला मानस संघ द्वारा वृक्षारोपण रोपण किया गया उक्त कार्यक्रम वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश वैष्णव महेंद्र सिंह चौहान राजकुमार ताम्रकार मदन सिंहा छगन साहू , महेश नवागढ़ शिव साहू , गजेंद्र वर्मा मनोज चक्रधारी अभभन सेन विष्णु साहू शारदा इश्वर सिन्हा बिहारी यादव उत्तम साहू तिवारी जी पप्पू सेन कल्याणी सेन भारत साहू सहित बड़े संख्या में समस्त पदाधिकारी एवम मानस मंडली के संचालक गन उपस्थित थे । यह जानकारी विष्णु साहू ने दिया

# पुलिस अधीक्षक ने जिला अस्पताल में किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक जिला-बेमेतरा द्वारा 21 जुलाई को जिला अस्पताल बेमेतरा परिसर में एक पेड़ मॉ के नाम महाअभियान में वृक्षारोपण किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि मॉ और धरती मॉ दोनो हमारे जीवन के अनमोल हिस्से है दोनो ही हमें जीवन देती है पोषित करती है और हमारी सुरक्षा करती है दोनो ही हमारे जीवन के आधार है जिनकी हमेशा कद्र करनी चाहियें मॉ वो है जो हमें जन्म देती है हमारे सुख दुख में हमारे साथ रहती है हमें प्यार और स्नेह देती है और हमें जीवन में सही मार्गदर्शन करती है मॉ का प्यार निस्वार्थ औ असीम होता है वही धरती मॉ हमारे अस्तीत्व का आधार है यह हमें भोजन पानी वायू और सभी प्रकार के प्राकृतिक संसाधन प्रदान करती है इस धरती को प्रदूषण से बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधें व वृक्षारोपण करने जिससे की हमें शुद्ध वायू आक्सीजन मिल सके तथा एक पेड़ मॉ के नाम वृक्षारोपण करने हेतु संकल्प लिया गया कार्यक्रम में उपस्थित विषिष्टजन एवं गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने अपील की गई इस अवसर पर ड्रीम सनराईस वेलफेयर सोसायटी के मेंबर जगजीत सिंह नरेन्द्र सिंह कमल साहू साहिल सुकन्या सिंह वर्षा चैबे रेणुका अग्रवाल धर्मेन्द्र अमित भावना टंडन निलम साहू रचना तंबोली भाग्य पोल बंटी रामकुमार टंडन उपस्थित रहें।

# प्रसूति एवं स्त्री रोग संबंधी नर्सिंग विषय में सिजो कोशी को मिली डॉक्टरेट की डिग्री

**दल्लीराजहरा।** नगर की सिजो कोशी प्राचार्या मारुति नर्सिंग कॉलेज दानीटोला के द्वारा



थीसिस शीर्षक चयनित अस्पतालों में भर्ती प्राइमिपारा माताओं के बीच सुरक्षित और आरामदायक भोजन के संबंध में एर्गोनॉमिक रूप से विकसित स्तनपान सहायक उपकरण की तुलनात्मक प्रभावकारिता का मूल्यांकन एमएस द्वारा प्रस्तुत एक यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण। सिजो कोशी जिसके लिए शोध अध्ययन प्रसूति एवं स्त्री रोग नर्सिंगविभाग,एसआरएमएमसीओएन, डीएमआईएचईआर (डीयू), सवांगी (एम), वर्धा में प्रोफेसर डॉ. सौनित्रा इनामदार, प्रोफेसर, प्रसूति विभाग के मार्गदर्शन में किया गया था। एवं स्त्री रोग, डीएमएमसी, नागपुर-नर्सिंग विज्ञान संकाय के अंतर्गत प्रसूति एवं स्त्री रोग विषय में पर्यवेक्षक के रूप में, और सह-पर्यवेक्षक सुश्री मंजूषा महाकालकर, एसो. ओबीजीवाई नर्सिंग विभाग,एसआरएमएमसीओएन के प्रोफ़ेसर ने मूल्यांकन के बाद इसे इस विश्वविद्यालय के उपनियमों के शासी प्रावधानों के अनुरूप पाया और अनुमोदित किया गया है। सिजो कोशी विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह में नर्सिंग विज्ञान संकाय के तहत प्रसूति एवं स्त्री रोग संबंधी नर्सिंग विषय में डॉक्टरेट डिग्री (पीएचडी) प्रदान की गई।

# फ्लाई एश की डस्ट से हो रहे राहगीर परेशान, फिर आंदोलन की तैयारी

## बेलगाम हो गए ओवरलोड फ्लाईएश की गाडियां, कब होगी इन पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



धरमजयगढ़ की सड़कों पर बेलगाम दौड़ रही फ्लाईएश की गाडियों से सड़क पर गिर रहे डस्ट से राहगिर परेशन हो रहे हैं, और इन बेलगाम वाहनों पर लगाम लगाने स्थानीय प्रशासन किसी भी प्रकार की कोई कोशिश नहीं कर रहे हैं। धरमजयगढ़ क्षेत्र में बेलगाम हो चूके फ्लाईएश की वाहनों पर लगाम लगाने सत्ता पक्ष के नेताओं ने चक्का जाम तक किया था लेकिन इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन सत्ता पक्ष के नेताओं की मांग पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं किया। कार्रवाई नहीं होने से बेलगाम सड़कों पर दौड़ रहे फ्लाईएश की गाडिया और भी अधिक बेलगाम हो गये हैं, फ्लाईएश की वाहनों में ओवरलोड़ एवं सही ढंग से तिरपाल नहीं बांधने के कारण फ्लाईएश सड़क में गिर रहा है, फ्लाईएश का डस्ट सड़क में गिरने के कारण राहगीरों को सड़क में चलने में परेशानी उठाना पड़ रहा है। फ्लाईएश की ओवरलोड गाडियों पर रोक लगाने के लिए एसडीएम धरमजयगढ़ को नगर पंचायत उपाध्यक्ष टारजन भारती एवं युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शशि पटेल के नेतृत्व में भाजपा ने ज्ञापन सौंपा था, पर भाजपा नेताओं के सौंपे गए ज्ञपन पर स्थानीय प्रशासन को कोई फर्क नहीं पड़ा जिसके कारण ओवर लोड फ्लाईएश वाहन आज भी बेलगाम सड़क पर दौड़ ही रही है। सर्व आदिवासी सामज धरमजयगढ़ द्वारा एसडीएम धरमजयगढ़ को ज्ञापन सौंपकर सड़कों पर दौड़ रही ओवरलोड एवं तेज रफ्तार वाहनों पर कार्यवाही करते हुए रोक लगाने की मांग की गई थी, अगर 4 जुलाई तक तेज रफ्तार एवं ओवरलोड वाहनों पर रोक नहीं लगती है तो 5 जुलाई को चक्का जाम करने का लिखित आवेदन दिया था, सर्व आदिवासी सामज की चक्का जमा की चेतवानी के बाद जिला प्रशासन द्वारा यातायत एवं आरटीओ के अधिकारियों को कार्यवाही करने धरमजयगढ़ भेजा था, लेकिन कार्यवाही करने रायगढ़ से आए अधिकारियों ने मात्र कुछ गाडियों पर कार्यवाही कर चलते बने। दो चार दिन सड़क पर ओवरलोड वाहन नहीं दिखे, लेकिन एक बार फिर धरमजयगढ़ की सड़कों पर ओवरलोड फ्लाईएश की गाडिया फिर बेलगाम होकर दौड़ रही है। बार-बार स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर निवेदन करने के बाद भी सड़क पर दौड बेलगाम फ्लाईएश की गाडिया सड़क पर दौड रही है। अगर जल्द ही स्थानीय प्रशासन तेज रफ्तार एवं ओवर लोड वाहनों पर रोक नहीं लगाती है तो कई संगठन मिलकर आंदोलन की बात कर रहे हैं, क्योंकि इन ट्रांसपोर्टरों की लापरवाही से स्थानीय निवासियों को सड़क पर चलना दुभर हो गया है, सड़क पर चलते समय अगर कोई बड़ी गाड़ी आपके आगे चले तो आप इनके पिछे मोटरसायकल तो क्या पैदल भी नहीं चल सकते क्योंकि इतना अधिक मात्रा में फ्लाईएश की डस्ट सड़क पर उड़ता है। स्कूली समय पर भी फ्लाईएश की गाडिया शहर अंदर से बहुत अधिक तेज रफ्तार से दौड़ता रहता है, स्थानीय प्रशासन इन बेलगाम वाहनों पर कार्यवाही करने के बजाए चुप्पी साधे बैंठे हैं। जिससे नाराज लोगों द्वारा आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं इनका कहना है कि अगर जल्द ही इन बेलगाम वाहनों पर प्रशासन कार्रवाई करते हुए रोक नहीं लगाते हैं तो आंदोलन करेंगे। अब देखना है कि प्रशासन बेलगाम दौड़ रही वाहनों पर रोक लगाती है कि नहीं?

# वेबिनार के आयोजन से शिक्षा सप्ताह की शुरुआत की गई

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पूरे राज्य के साथ 22जुलाई से 28 जुलाई तक चलने वाली शिक्षा सप्ताह की शुरूवात आज बिलासपुर जिले में भी की गई इसके पहले 21 जुलाई को जिला कार्यालय से वेबिनार आयोजित करके सभी शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं के शिक्षकों को प्रशिक्षित की गई, वेबीनार के माध्यम से जिला जिला शिक्षा अधिकारी टी आर साहू एवम् जिला मिशन समनवयक मती अनुपमा राजवाड़े ने शिक्षा सप्ताह के उचित क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस पर आज 22जुलाई को टी एल एम दिवस के रूप में मनाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को स्थानीय सामग्री के प्रदर्शन एवम् कक्षा में इनके उपयोग हेतु प्रोत्साहित करना था,, इस अवसर पर स्कूल स्तर पर टी एल एम के स्टाल लगाकर प्रदर्शन किया गया, इस कार्यक्रम में अलग-अलग शालाओं में स्तारानुरूप आंगनबाड़ी, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक हाई एवम् हायर सेकंडरी के बच्चों के लिए टी एल एम सामग्री बनाई गई, पढ़ाई तिहार के अंतर्गत माताओं एवम् बच्चों के साथ विभिन्न कौशलो के विकास हेतु भी सहायक सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया , साथ ही जादुई पिटारा एवम् ई जादुई पिटारा का उपयोग पालकों को सिखाया गया,, एवं मोबाइल फेन पर इ जादुई पिटारा एप डाउनलोड कराया गया। इसके अलावा सीखने के अन्य माध्यमों जैसे मुखौटा निर्माण, कठपुतली, खिलौना कार्नर ,टॉय पेड़ागोगी आदि का भी प्रदर्शन किया गया,, अंत में शिक्षकों द्वारा ये सुनिश्चित किया गया कि प्रतिदिन वे अपनी कक्षा को रोचक बनाने विभिन्न प्रभावी सहायक शिक्षण सामग्रियो, गणित विज्ञान किट आदि का उपयोग जरूर करेंगे।

# किराना दुकान में गांजा बेचते पकडाया आधा किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



किराना दुकान में गांजा बिक्री की मुखबिर से सूचना मिलने के बाद तमनार पुलिस ने दुकान पर छापा मारकर वहां से आधा किलो गांजा बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कल शाम थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर को मुखबीर से ग्राम बिजना का जाहीर खान अपने किराना दुकान में अवैध रूप से गांजा बिक्री करने की सूचना मिली। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर थाने से सहायक उप निरीक्षक नरसिंग यादव के हमराह स्टाफ कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम तत्काल ग्राम बिजना जाकर संदेही के दुकान पर रेड किया गया। जहां मौजूद मिले जाहीर खान को गांजा रेड की जानकारी देकर विधिवत संदेही की तलाशी लेकर फोर्स की तलाशी दी गई और दुकान की तलाशी लिया गया जिसमें किराना दुकान के पीछे दीवाल में बने गड्ढा में जाहीर खान द्वारा छुपा कर रखे प्लास्टिक पन्नी में मादक पदार्थ गांजा को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। जप्त गांजा का वजन 550 ग्राम कीमती 2700 का पाया गया। आरोपी द्वारा अवैध बिक्री के लिए गांजा रखना पाए जाने पर आरोपी जहीर खान पिता जाफर खान उम्र 20 साल निवासी ग्राम बिजना थाना तमनार के विरुद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। गांजा रेड की कार्यवाही में थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, सहायक उप निरीक्षक नरसिंग नाथ यादव, प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे, आरक्षक भीष्म देव सागर और सनंत कुमार शामिल थे।

# चेतना अभियान के तहत ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के में आयोजित की गई साईबर की पाठशाला

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा एवं नगर पुलिस अधीक्षक उमेश गुप्ता द्वारा साईबर अपराध के संबंध में स्कूल के बच्चों एवं फेकेल्टी टीचर को जानकारी दी गई। बिलासपुर पुलिस द्वारा लगातार लोगो को साईबर संबंधी अपराध के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। बिलासपुर पुलिस द्वारा "चेतना अभियान'' के तहत लगातार लोगो को नशे के विरूद्ध जानकारी, सडक सुरक्षा से संबंधित जानकारी एवं साईबर संबंधी अपराध से बचाव की जानकारी दी जा रही है जिसके तहत विगत दिनो से साईबर सुरक्षा के तहत अलग अलग स्कूल, कालेज एवं सार्वजनिक स्थानो पर साईबर की पाठशाला लगाकर साईबर संबंधी जानकारी दी जा रही है। इस अभियान के तहत सोमवार को थाना सरकंडा क्षेत्र के ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में चेतना अभियान के तहत साईबर की पाठशाला का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं नगर पुलिस अधीक्षक उमेश गुप्ता के द्वारा स्कूल में पढने वाले छात्र-छात्राओ तथा फेकेल्टी; टीचर को साईबर अपराध के संबंध में सूक्ष्म से सूक्ष्म जानकारी दी गई तथा छात्रो को यह भी समझाईश् दी गई कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत जानकारी नही देवे, मोबाईल् मे आए किसी भी लिंक को बिना जानकारी के ओपन नही करे तथा मोबाईल में आए ओटीपी को किसी अन्य व्यक्ति को न बताए। साईबर की पाठशाला में ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, प्रिंसिपल डायरेक्टर श्रुति गुप्ता, अन्य विभागाध्यक्ष, सदस्य, अन्य शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं छात्र -छात्राएँ, थाना प्रभारी निरीक्षक टोप सिंह उपस्थित रहे। ब्रिलियंट स्कूल प्रबंधन द्वारा बिलासपुर पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे चेतना-साईबर की पाठशाला की विशेष सराहना की गई।

# नवीन खण्ड चिकित्सा अधिकारी से अपनी समस्या को लेकर सौजन्य मुलाकात



पायनियर संवाददाता ‹ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

कर्मचारियो के समस्या के सम्बंध कर्मचारी संघ द्वारा बीएमओ डाक्टर उमाशंकर साहु सर से सौजन्य मुलाकात किया गया जिसमे सातवा वेतन मान का एरियर्स और सभी कर्मचारियों का ई यल स्वीकृति पर त्वरित निराकरण कर पेमेंट के सांथ जोड़वाने का आश्वाशन दिया गया और सभी कर्मचारियों का समयमान वेतन और सर्विसबुक वेरिफिकेशन हेतु तत्काल कार्यवाही करने का ठोस आश्वासन दिया गया है। जिसके फलस्वरूप आज दिनांक से सभी कर्मचारी से संघ निवेदन करता है आज से ही आनलाइन रिपोर्टिंग कार्य जो 11 जुलाई से बाधित किया गया था जिसको पुनः आज से रिपोर्टिंग कार्य करना सुनिश्चित करें, और संघ द्वारा दिनांक 29 जुलाई को होने वाला एक दिवसीय हड़ताल को स्थगित किया जाता है,, आशातीत परिणाम न मिलने पर कभी भी संघ फिर से कार्य को बाधित कर सकता है।

# कॉल सेंटर की मदद से तत्काल धुंआ से छुटकारा मिल गया

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के ग्राम पुरान की रहने वाली हितग्राही पुनिया बाई यादव को जिला प्रशासन द्वारा संचालित कॉल सेंटर की मदद से तत्काल धुंआ से छुटकारा मिल गया। हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करने के मात्र तीन दिवस के भीतर ही उन्हें प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत् गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया। बता दें कि पुनिया बाई योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन के लिए छह माह पहले आवेदन की थी। जिसके बाद कई बार एजेंसी का चक्कर भी लगा चुकी थी। फिर भी उन्हें गैस कनेक्शन प्राप्त नहीं हुआ था। तब उन्होंने अपनी इस समस्या के समाधान के लिए कॉल सेंटर के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया। जिसके पश्चात मात्र तीन दिवस के भीतर ही उन्हें संबंधित विभाग से पात्रतानुसार गैस कनेक्शन प्राप्त हो गया। जिला प्रशासन की इस त्वरित पहल से पुनिया बाई काफी खुश है। उन्हानें कहा कि पहले चूल्हा से खाना बनाने के समय धुंआ के कारण आंखों में काफी जलन होती थी। लेकिन गैस कनेक्शन मिलने से अब धुंआ से छुटकारा मिल गया। अब आंखों को बहुत आराम है और भोजन भी आसानी से बन जाता है। इसके लिए उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। गौरतलब है कि कॉल सेंटर की मदद से लोग घर बैठे अपनी समस्याओं एवं मांगो को जिला प्रशासन तक असानी पहुंचा पा रहे हैं। वहीं कई लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान भी हो रहा है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में संचालित इस कॉल सेंटर के माध्यम से लोग घर बैठे शासन की योजनाओ एवं कार्यक्रमों से जुड़े समस्याओं का समाधान प्राप्त कर रहे है। कॉल सेंटर के हेल्पलाइन नंबर 9406275513, 9406275514, 9406275534 और 8641002203 पर कोई भी व्यक्ति संपर्क कर अपनी समस्या का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# दो बाईक की आमने-सामने भिड़ंत, पंचायत सचिव की मौत, एक अन्य गंभीर, धरमजयगढ़ के चाल्हा गांव के पास हुई दुर्घटना



पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में रविवार की सुबह दो बाईक की आमने-सामने भिड़त की घटना में एक पंचायत सचिव की मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। उक्त घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चाल्हा गांव के पास दो मोटर सायकल की आमने सामने भिड़त हो गई। इस दुर्घटना में ग्राम पंचायत पुटूकछार सचिव पियरसाय खल्खो की मोटर सायकल को बकालो गांव का रहने वाले एक अन्य बाईक चालक ने जोरदार ठोकर मार दी।

जिससे घटना स्थल पर ही पंचायत सचिव पियरसाय खल्खो की सिर में गंभीर चोट के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक अन्य युवक घायल हो गया है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि मृतक पंचायत सचिव पियरसाय खल्खो अपने गृह निवास कामोशिनडांड से खम्हार की ओर आ रहा था। बाईक सवार पंचायत सचिव जब धरमजयगढ़ से कापू मुख्य मार्ग के ग्राम चाल्हा के पास पहुंचा ही थी कि यह घटना घटित हो गई। जिसके बाद मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने धरमजयगढ़ थाने एवं डायल 112 को घटना से अवगत कराते हुए गंभीर रूप से घायल युवक को धरमजयगढ़ अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है।

# पिकअप पलटने से आधे दर्जन से अधिक महिलाएं को आई चोट

## शादी समारोह से लौटते समय हुआ हादसा, घायलों का चल रहा उपचार



पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में रविवार की रात पिकअप पलटने की घटना में आधे दर्जन से भी अधिक महिलाएं को चोट आई है। घायलों महिलाओं को धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिसिरिंगा के पास रविवार की रात सवारियों से भरी पिकअप पलटने की घटना से 8 से अधिक महिलाओं को चोट आई है। बताया जा रहा है कि सभी महिलाएं एक शादी समारोह में शामिल होनें रैरूमा से सिथरा गए हुए थे जहां वापसी के दौरान यह घटना घटित हो गई। घायल महिलाओं ने यह भी बताया कि पिकअप चालक शराब के नशे में धुत्त से इस वजह से उसके लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से यह घटना हुई है। पिकअप पलटने की घटना के बाद मौके पर घायलों की चीख पुकार मच गई। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने डायल 112 के अलावा धरमजयगढ़ पुलिस को घटना से अवगत कराते हुए घायलों को निजी वाहन के जरिये धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है।

## साक्ष्य अधिनियम में हटाये गये एवं नवीन रूप से जोडे गए कानून की भी विस्तार से जानकारी प्रदान किये

# तीन नये कानून के संबंध में प्रशिक्षण–कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



उच्च न्यायालय छत्तीसगढ बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं चन्द्र कुमार अजगल्ले, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुंगेली के मार्गदर्शन में जिला एवं सत्र न्यायालय मुंगेली द्वारा 21 जुलाई को कलेटोरेट स्थित जनदर्शन सभा कक्ष में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में जिला के शासकीय अभिभाषक एवं अधिवक्तागण के लिए प्रशिक्षण/कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नीरज शर्मा जिला एवं प्रथम सत्र न्यायाधीश द्वारा नवीन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की, प्रशिक्षण के दौरान उन्होने बताया कि नवीन कानून के अनुसार यदि कोई घोषित अपराधी मुकदमे से बचने के लिए फरार हो गया है और उसे गिरफ्तार करने की तत्काल संभावना नही है, तो उसकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलाया जा सकता है और फैसला सुनाया जा सकता है। संहिता में अब बहुत से मजिस्ट्रेट ट्रायल मामलों को सेशन ट्रायल मामला किये जाने सहित विस्तार से जानकारी दिये। बलराम कुमार देवांगन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा द्वारा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के वर्तमान परिपेक्ष्य में आवश्यकता, उद्देश्य एवं उसकी प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से जानकारी दिये। साक्ष्य अधिनियम में हटाये गये एवं नवीन रूप से जोडे गए कानून की भी विस्तार से जानकारी प्रदान किये। अधिनियम में प्रमुख रूप से जुडे प्रावधान इलेक्ट्रानिक रिकार्ड एवं डिजिटल रिकार्ड क्या होता है, कौन पेश कर सकता है और उसकी सुसंगता का क्या प्रावधान है, के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किये। इलेक्ट्रानिक रिकार्ड, डिजिटल रिकार्ड के धारक सहित विशेषज्ञ द्वारा प्रमाण-पत्र दिये जाने एवं उसके प्रारूप के बारे में भी जानकारी दिये। रेशमा बैरागी पटेल, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 में नवीन रूप से जोडे गये कानूनों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किये। प्रशिक्षण में उपस्थित मुंगेली तथा लोरमी के अभिभाषकगण उत्सुकता एवं उत्साहपूर्वक उक्त प्रशिक्षण के दौरान प्रश्न भी किये, जिसका न्यायाधीशों द्वारा विस्तृत रूप में व्याख्यान कर संतोषजनक उत्तर भी दिये। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार अजगल्ले, जिला एवं प्रथम सत्र न्यायाधीश नीरज शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बलराम कुमार देवांगन, माननीया व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रेशमा बैरागी पटेल, प्रशिक्षु व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कु. नारायणी कच्छप, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष टीकम चन्द्राकर, अधिवक्ता संघ से सचिव प्रकाश गंधर्व सहित मुंगेली एवं लोरमी के अधिवक्तागण उक्त कार्यशाला/प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

# आरा की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

पायनियर संवाददाता ‹ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिर्रा निवासी भुरु यादव उम्र लगभग 36 वर्ष जो की आरा मशीन में काम करता था लेकिन लकड़ी चिराई करते हुए लकड़ी टेढ़े होने से आरा टूट गया जिससे वह सीने में जा धसा जिसकी वजह से घटना को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में लाया गया भुरु यादव को प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है । अभी उनकी हालत अधिक खून बहाव होने से उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है अंदरुनी चोट होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार किया गया।

## प्रवेश हेतु विद्यार्थियों से 16 सितंबर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**मुंगेली ।** जिले के दाबो में संचालित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 06वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों से 16 सितंबर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसके लिए जिले के शासकीय व शासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालय से शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 05वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी निर्धारित प्रारूप में वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

# ब्लैक मार्केटिंग यूरिया और ग्रोमोर में... ग्रामीण क्षेत्र की दुकानों की मनमानी

पायनियर संवाददाता ≺ भाटापारा
www.dailypioneer.com




सख्त नजर। किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। प्रशासन के यह शब्द, बेमतलब का मानता है उर्वरक बाजार। तभी तो उसने एक बार फिर से ग्रोमोर और यूरिया जैसी अहम उर्वरक अपनी कीमत पर बेचना शुरू कर दिया है। छिटपुट हो रही बारिश और सिंचाई साधन वाले किसानों ने पौधों की बढ़वार को देखते हुए रोपाई और बियासी का काम चालू कर दिया है लेकिन खुले बाजार से उर्वरक की खरीदी बेहद महंगी पड़ने लगी है क्योंकि ग्रोमोर और यूरिया की जो कीमत ली जा रही है वह असाधारण रूप से बहुत ज्यादा है लेकिन विवशता में किसान दोनों उर्वरक की खरीदी बढ़ी हुई कीमत पर कर रहें हैं।

### पहली जरूरत 30 से 50 रुपए ज्यादा

रोपाई और बियासी। दोनों में ग्रोमोर जैसे उर्वरक की सबसे पहली जरूरत होती है। खुले बाजार पहुंच रहे किसानों के होश उड़ा रही है इसकी कीमत। 1700 रुपए प्रति बोरी वाला ग्रोमोर, शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्र की दुकानें 1730 रुपए और दूरी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में 1750 रुपए प्रति बोरी जैसी मनमानी कीमत पर बेच रहीं हैं। विवशता में किसान ग्रोमोर की खरीदी कर रहे हैं।

### इसमें सबसे ज्यादा

यूरिया। हर फसल के लिए अहम है। संभावित कमी जैसी आशंका के बीच किसान इसकी खरीदी खुले बाजार से करने लगे हैं लेकिन 266 रुपए 50 पैसे वाली यूरिया की प्रति बोरी 350 रुपए में खरीदने के लिए विवश है किसान। यानी प्रति बोरी लगभग 83 रुपए अधिक ले रहा है उर्वरक बाजार। जरूरत है इसलिए किसान यह कीमत भी मंजूर कर रहे हैं।

### यह कहना है उर्वरक बाजार का

एमआरपी से अधिक मूल्य पर उर्वरक बाजार का कहना है कि खुले बाजार के लिए जारी उर्वरक की मात्रा जरूरत के हिसाब से महज 25 फ़ीसदी ही है। इसके अलावा कंपनियां 'लादन' के रूप में अतिरिक्त सामग्री की अनिवार्यता रखती है। इसकी कीमत उर्वरक के ऑर्डर के दौरान ही ले ली जाती है। दिक्क त तब आती है, जब किसान लादन की खरीदी से इंकार करता है। इसकी भरपाई अधिक मूल्य में वि य करके की जा रही है।

ग्रोमोर और यूरिया की जो कीमत खुले बाजार में ली जा रही है, वह नियम विरुद्ध है। मैं खुद जांच के लिए निकल रहा हूं।
**दीपक कुमार नायक, उपसंचालक, कृषि, बलौदा बाजार**

# साय सरकार की निर्णय से भूमि त्रुटि सुधार हुआ आसान : प्रमोद सागर

पायनियर संवाददाता ≺ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भाजपा मण्डल के महामंत्री प्रमोद कुमार सागर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि भूपेश बघेल सरकार द्वारा राजस्व विभाग के आयुक्त भू अभिलेख में भुइयां सॉफ्टवेयर को लेकर बड़ा बदलाव किया जिससे किसान अपनी भूमि संबंधित किसी भी तरह के त्रुटि सुधार हेतु तहसीलदार की जगह एसडीएम को आवेदन दिया जा रहा था। जिससे किसानों को भारी परेशानी एवं कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था जिसे छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भूमि स्वामी की परेशानी व कार्य में अधिक कठिनाई एवं समस्याओं को देखते हुए छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता 1959 (क्र. 20 सन 1959) की धारा 24 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार द्वारा एतद् द्वारा उक्त संहिता की धारा 115 के अधीन तहसीलदार को उक्त शक्तियां प्रदत्त करती है। प्रमोद कुमार सागर ने कहा कि तहसीलदार को निम्न शक्तियां दिया है, जिससे भूमि स्वामी/उसके पिता/पति के नाम/उपनाम, जाति, पते में लिपिकीय त्रुटि सुधार करना, कैफियत कॉलम में की गई त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में सुधार करना. त्रुटिवश जोड़े गये खसरों को पृथक करना/भूमि के सिंचित/असिंचित होने संबंधी प्रविष्टि में सुधार करना भूमि के एक फसली/बहु फसली की प्रविष्टि में त्रुटि सुधार करना. अब रकबा, खसरा या फसल संशोधन जैसे छोटे-छोटे कार्यों का त्रुटि सुधार कराना आसान होगा।

आगे सागर ने कहा कि पहले छोटा सा सभी त्रुटि सुधार के लिए भूमि स्वामियों को अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन देना पड़ता था फिर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा ज्ञापन तहसीलदार के नाम से जारी होता था और तहसीलदार द्वारा पटवारी को ज्ञापन जारी होता था उसके बाद पटवारी द्वारा जांच कर प्रतिवेदन तहसीलदार कार्यालय में जमा करते थे फिर तहसीलदार कार्यालय से अनुविभागीय अधिकारी को अपना प्रतिवेदन भेजते थे उसके बाद अनुविभागीय अधिकारी द्वारा आदेश जारी होता था उसके बाद ही छोटा सा भी त्रुटि सुधार हो पाता था जिसमें 1 से 2 माह का समय लगता था। छत्तीसगढ़ राजपत्र के अधिसूचना से अब सप्ताह भर में सभी कार्य हो जायेगा. भूमि स्वामियों के त्रुटि सुधार का कार्य सरलता से हो जिसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं लोकप्रिय राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया!

# जिला एवं सत्र न्यायालय में नवीन कानूनों पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला एवं सत्र न्यायालय बेमेतरा में छ.ग. राज्य न्यायिक अकादमी बिलासपुर के निर्देशन में 21 जुलाई 2024 को प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में नवीन कानूनों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्याशाला का शुभारंभ देवेन्द्र कुमार प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उमेश कुमार उपाध्याय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं बार अध्यक्ष प्रणीश कुमार चौबे के द्वारा माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कार्यशाला के विषय को आलोकित करते हुए अपने विषय उद्बोधन में भारतीय न्याय संहिता 2023 के दण्ड के प्रवाधानों को विस्तार से समझाया और उन्होंने बताया कि अब नये कानून में कारावास के दण्ड के अतिरिक्त नवीन कानूनों में कुछ अपराधों के लिए दण्ड स्वरूप सामुदायिक सेवा का भी उपबंध किया गया है, जो न्यायालय द्वारा सजा के रूप में किसी भी अभियुक्त को प्रकरण के अनुसार दिया जा सकता है एवं नवीन कानून में जम्मू कश्मिर को सम्मिलित करते हुये अब नया कानून पुरे भारत वर्ष में लागू होगा। उमेश कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के विषय पर कहा कि अब नये कानून के हत प्रथम सूचना रिपोर्ट ऑनलाईन के माध्यम से कोई भी कर सकता है और सूचना देने वाले को 3 दिवस के भीतर आकर प्रथम सूचना रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करना होगा। जो भी पुलिस द्वारा कार्यवाही किया जायेगा उसकी विडियोग्राफी किया जायेगा। पुलिस थाना के भारसाधक अधिकारी को इत्तिला प्राप्त होने पर उस अपराध की रिपोर्ट उस मजिस्ट्रेट को तत्काल भेजा जायेगा और यदि आवश्यक हो तो अपराधी का पता चलने और उसकी गिरफ?तारी के उपाय करने के उस स्थान पर स्वयं जायेगा या किसी अधिनस्त अधिकारियों को भेजेगा। कानूनों में परिवर्तन एक प्रगतीशील समाज का परिचायक है, जो यह बताता है, कि एक राष्ट्र का निर्माण समग्र रुप से न्यायिक धुरी पर चारों ओर हो रहा है। उनके द्वारा प्रक्रियात्मक विधियों में आये नवीन परिवर्तन व दण्ड प्रक्रिया संहिता (सीआर.पी.सी.) के प्रावधानों का तुलनात्मक व्याख्यान करते हुए प्रक्रिया को विस्तृत रुप से प्रतिभागियों के समक्ष रखा। और अधिवक्तागण से रुबरु होते हुए प्रतिभागियों के द्वारा पुछे गये समस्त प्रश्नों को भी बखुबी विस्तार पूर्वक समझाया गया और उन्होंने यह भी कहा कि उपस्थित न्यायाधीशों अधिवक्ताओं एवं अभियोजन अधिकारियों के माध्यम से यह लाभ आम जनता तक पहुंचेगा। द्वितीय सत्र का प्रारंभ भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के विषय में गुलापन राम यादव, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं मोहम्मद जहाँगीर तिगाला व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के द्वारा किया गया।

# बालोद में आफत की बारिश, स्कूलो में भरा पानी, कई गावो का ब्लॉक मुख्यालयों से टूटा संपर्क

## बालोद नगरपालिका के कई वार्ड की गलियों और घरो में भरा पानी, ड्रेनेज सिस्टम ने तोड़ा दम










पायनियर संवाददाता ≺ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। जहाँ बारिश ने फिर एक युवक की जान ले ली। ग्राम मुल्लेगुड़ा में तांदुला जलाशय में नहाने गए युवक की जान पानी के तेज बहाव में चली है। जहा 17 वर्षीय युवक गुलेश्वर निषाद जो की गुरुर ब्लॉक के ग्राम मरकाटोला का रहने वाला है। वो अपने रिश्तेदार के यहा ग्राम मुल्लेगुड़ा आया हुआ था, जो तांदुला जलाशय के सूखा नदी के पास नहाने गया और तेज बहाव में बह गया। जिसकी उसकी मौत हो गई। बालोद थाना पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। वही जिले में पिछले 48 घँटे में हो रही मूसलाधार बारिश ने तबाही मचा दी है। जहां किसानों के लिए यह राहत की बारिश है तो अन्य लोगों के लिए आफत की बारिश। जिले के छोटे छोटे नाले उफान पर है, तो खेतो में लबालब पानी भरा हुआ है। वही कई गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया है। जिले के कई स्कूलों व आंगनबाड़ियों में पानी भरा हुआ है। तो जिला मुख्यालय का बस स्टैंड तालाब में तब्दील हो गया है। गुरूर ब्लॉक के कई गांव का संपर्क ब्लॉक मुख्यालय से टूट गया है। कुछ गांव तो ऐसे है जहां के ग्रामीण घरों में कैद होकर रह गए है।

### मुख्यमार्गों में पानी गावो का सम्पर्क टूटा-

बालोद जिले के येलो अलर्ट में रखा गया है। जहाँ गुरुर ब्लाक के गांव अकलवारा, फगुन्दाह, दियाबाती सहित दर्जनों गांव का मार्ग जलमग्न हो गया है। वही बालोद ब्लाक का सेमरिया नाला उफान पर है। जिस वजह से ग्रामीणों को आवागमन में दिक्क त हो रही है, तो मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया है। बालोद ब्लाक के ही ग्राम कोहंगाटोला के प्राथमिक स्कूल समेत कई स्कूल ऐसे है जहां पानी भर गया है, इस आफत की बारिश तेज पानी के बहाव में 2 युवकों की जान भी अलग अलग घटनाओ में जा चुकी है।

### बालोद शहर के घरों में घुसा पानी

आफत की बारिश ने बालोद नगरपालिका में निकाय प्रशासन के दावों की पोल खोल दी हैं। नगर में कई वार्ड और गलियों में बारिश का पानी भर गया है, यहां तक कुछ घरो और कमरों में भी पानी घुस गया है, वार्ड जलमग्न हो गए है, वही नगरपालिका सीएमओ सौरभ शर्मा समेत पालिका के अन्य कर्मचारियो ने मोर्चा सम्भाला हुआ है, बारिश से प्रभावित वार्ड व घरो में पहुच व्यवस्थाओ का जायजा ले रहे हैं। वही जिला मुख्यालय बालोद का बस स्टैंड तालाब बन गया है तो कई वार्डो के घरों में पानी घुस गया है। पालिका का ड्रेनेज सिस्टम ने दम तोड़ दिया हैं। बालोद जिला मुख्यालय का बस स्टैंड बारिश के कारण तालाब में तब्दील हो गया है, जिससे यहां के व्यापारियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है बसों से यात्रियों को उतरने चढ़ने में दिक्कत हो रही है। उनके कपड़े और पास में रखे समान के बैग भीग जा रहे है। नेशनल हाइवे सड़क निर्माण के समय पानी निकासी को लेकर बनाये नाली में हुई लापरवाही से बस स्टैंड में पानी भर जा रहा है। जिससे बस स्टैंड के व्यापारियों सहित यात्रियों को समस्या हो रही है। वही रेलवे कालोनी सहित कई वार्डो में घर में पानी घुस रहा है। जहाँ पालिका का ड्रेनेज सिस्टम दम तोड़ते हुए नजर आ रहा है। पानी निकासी की उचित व्यवस्था नही होने से दिक्क तों का सामना अब नगर वासियो को करना पड़ रहा है।

### औसत से ज्यादा बारिश की गई दर्ज

बालोद जिले में अब तक 510.8 मिली मीटर पानी दर्ज किया गया है, जो कि अब तक सबसे ज्यादा है। पिछले बार अब तक का 440.6 मिली मीटर पानी दर्ज किया गया था। वही सोमवार सुबह 8 बजे तक बालोद ब्लाक में 14.8 मिलीलीटर, गुरुर में 56.6, गुंडरदेही में 53.7, डौंडी में 50.7, डौंडीलोहारा में 18.3, अर्जुन्दा में 89.9 और देवरी में 34.9 मिलीमीटर पानी दर्ज किया गया, जो कि आंकड़ा और बढ़ सकता है।

जिले में अच्छी बारिश हो रही है, जलाशयों का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। बारिश से कई जगह कटाव भी हुआ है, आवागमन के मार्ग भी अवरुद्ध हुए है, राजस्व विभाग, मेडिकल सभी विभागों को अलर्ट रहने को कहा गया है। लोगो से भी कहा गया है, तेज बहाव वाले क्षेत्र में न जाये पूरी निगरानी की जा रही है।
**इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, कलेक्टर, बालोद**

# कमार छात्रा दुर्गा को मुआवजा दिलाने एवं जर्जर क्षतिग्रस्त स्कूलों का नवनिर्माण करने एनएसयूआई ने सौपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ≺ धमतरी
www.dailypioneer.com

विगत दिनों धमतरी जिले के सिहावा नगरी क्षेत्र के छुरियारापारा मे शुक्रवार दोपहर एक पुराने स्कुल की बाउंड्रीवाल अचानक लोहे के गेट के साथ गिर गई, जिसके नीचे गिरने से खेल रही मासूम कमार छात्रा दुर्गा पिता बिसाहू कमार वार्ड क्रमांक 02 निवासी की सांसे थम गई यह बहुत ही दु:खद घटना है। राष्ट्रपति के दत्तक कमार जाति है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिख कर कमार बेटी दुर्गा पिता बिसाहू कमार को मुआवजा प्रदान करने एवं जिले मे ऐसी घटनाओ की पुर्नावृत्ति ना हो इसके लिए जिले मे ऐसे जर्जर स्कूल भवन, कक्षाएं संचालित हो रही है व कुछ स्कूल परिसर मे अनुपयोगी जर्जर भवनो का विधिवत डिसमेंटल करने एवं नवनिर्माण करने शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने की मांग की साथ ही जल्द से जल्द नवनिर्माण करने आग्रह किया। ज्ञात हो की जिले मे लगभग 57 ऐसे विद्यालय है जो काफी जर्जर एवं क्षतिग्रस्त है जिससे छात्र छात्राओं के ऊपर खतरा मंडराते रहता है एनएसयूआई छात्रहित मे हमेशा हर परिस्थिति मे छात्रों के साथ है।

# अनएकेडमी ने बिलासपुर में अनसेट 2024 के शुभारंभ की घोषणा की



पायनियर संवाददाता ≺ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े शिक्षण मंच अनएकेडमी ने अनएकेडमी नेशनल स्कॉलरशिप एंड एप्टीट्यूड टेस्ट (अनसेट) के चौथे संस्करण की घोषणा की, जो आईआईटी जेईई और नीट यूजी शिक्षार्थियों की बढ़ती आकांक्षाओं का समर्थन करने वाला इसका सबसे बड़ा छात्रवृत्ति परीक्षण है। अनसेट असाधारण शिक्षा, शीर्ष-स्तरीय शिक्षकों और भारत के कुछ सबसे प्रतिभाशाली दिमागों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका देने वाला एक प्रवेश द्वार है। इसकी शुरुआत 20 जुलाई को बिलासपुर में हुई, जिससे छात्रों को नीट और जेईई पास करने के अपने करियर के सपनों को पूरा करने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम में डीएल ध्रुव प्रिंसिपल, सेकेंडरी रेलवे स्कूल और डॉ. तारिक अहमद, सहायक अभियंता, सीएसईबी स्टेट बोर्ड की उपस्थिति रही, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

# पारंपरिक शिल्प तथा विविध कला प्रशिक्षण शिविर आकार का शुभारंभ





पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

20 जुलाई को शाम 5:00 बजे संचालक संस्कृति राजभाषा एवं पुरातत्व के संचालक विवेक आचार्य के द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं छत्तीसगढ़ महतारी के फोटो में माल्यार्पण कर पारंपरिक शिल्प तथा विविध कला प्रशिक्षण शिविर आकार 2024 का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अलग-अलग क्षेत्र से आए हुए शिल्प कला गुरूओं का सम्मान किया गया और बहुत से छात्र-छात्राएँ एवं उनके परिजन भी उपस्थित थे। बारसात के समय में तथा स्कूल खुलने के बावजूद भी अधिक संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्व आकार में प्रशिक्षण हेतु अपना पंजीयन कराया, इस बार आकार में भरथरी गायन और बस्तर के प्रसिद्ध नृत्य ककसार, गौर नृत्य एवं अन्य आदिवासी नृत्य मुख्य आकर्षण है। अन्य पारंपरिक विधाएं जैसे- म्यूरल आर्ट, पेपरमेसी, क्ले आर्ट, चित्रकला, मधुबनी आर्ट, पटचित्र, बस्तर आर्ट, ग्लास पेंटिंग, गोदना आर्ट, जूट ज्वेलरी शिल्प, वुडन ट्रॉयबल आर्ट, स्केचिंग कैनवास पेंटिंग, लिप्पन आर्ट/मंडाला आर्ट, पैरा आर्ट, बांस आर्ट आदि यहां पर बच्चों को सिखाया जाएगा। विकलांग एवं अनाथ बच्चों हेतु पंजीयन निःशुल्क है और आयु का कोई बंधन नहीं है। भरथरी गायन में प्रशिक्षण लेने के लिए रायगढ़ एवं बालोद जिले से भी लोग सीखने के लिए यहां पर आए है।

# शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया





पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में दिनांक 22.7.2024 दिन सोमवार से गुरु पूर्णिमा मनाया गया गया इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश गुप्ता जी द्वारा वीणा वादिनी मां सरस्वती दीप प्रज्लन व फूल माला अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया तथा बच्चो के द्वारा सरस्वती वंदना किया गया मुकेश गुप्ता ने बताया की हमारे जीवन में गुरु का विशेष महत्व है भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से भी बढ़कर माना जाता है संस्कृत में गू का अर्थ होता है अंधकार आज्ञा का अर्थ होता है प्रकाश ज्ञान गुरु हमें अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते हैं गुरु को महत्व देने के लिए ही महान गुरु वेदव्यास जी की जयंती पर गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है यह संदेश देते हुए शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर महोदय जी द्वारा बहुत ही अच्छे तरीके से गुरु महत्व बताया गया कार्यक्रम का संचालन अनामिका साहू द्वारा किया गया प्रार्थना सभा के पश्चात प्रार्थना स्थल पर शिक्षकों द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरु शिष्य संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए प्राचीन काल में प्रचलित गुरुकुल व्यवस्था एवं उनका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव पर निबंध लेख 12वीं की छात्रा सृष्टि प्रजापति के द्वारा गुरु और शिष्य के महत्व को बताते हुए और सभी विद्यार्थियों द्वारा गुरुजनों एवं शिक्षकों का सम्मान किया गया और शिक्षकों तथा विद्यार्थी द्वारा गुरु संस्करण पर भाषण दिया गया जिसमें शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य द्वारा गुरु का सम्मन और बच्चो की उज्वल भविष्य की कामना की जिसमे समस्त शिक्षकगन गेंदलाल देवांगन , तूलिका ,मनीष दुबे ,शालिनी शर्मा ,प्रगति शर्मा ,माया शुक्ला, प्रीति रानी, प्रभा यादव ,दिव्या साहू , रूमा सिंह ,ममता रेड्डी व छात्र छात्राएं द्वारा सम्मान किया गया ।

# गुरु पूर्णिमा पर श्री लोहाणा महिला मंडल द्वारा महाजन वाडी में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री लोहाणा महिला मंडल रायपुर द्वारा फाफाडीह स्थित महाजन वाडी में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नन्हे नन्हे बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया । मंडल की अध्यक्ष मीनाबेन पुजारा ने बताया कि निर्णायक द्वारा प्रतियोगिता के विजेता घोषित किया गया जिसमें 0 वर्ष - 3 वर्ष के श्रेणी विजेता रहे साची अग्रवाल, आर्यन राणा , काशवी मानेक एवं ऋतिका सोमैय्या और 3 वर्ष 7 वर्ष के श्रेणी में प्रथम स्थान आराध्या मानेक, द्वितीय स्थान तरुष सोमैय्या, तृतीय स्थान दक्ष लंधाणी चौथे स्थान रूद्र पारेख एवं 8-वर्ष से13 वर्ष कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानवी ठक्कर , द्वितीय स्थान तृषा सोमैय्या , तृतीय स्थान मानव ठक्कर चौथे स्थान जीविन मानेक विजेता रहे । इस प्रतियोगिता में हमारे सभी समाज के आदरणीय, और कमेटी के सभी सदस्यों उपस्थित थे।

# प्रशांत कुमार को दी गई डॉक्टरेट की उपाधि

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रशांत कुमार को भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में महिला कैदियों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं और संबद्ध यातनाएं: एक चिकित्सीय-वैधानिक विश्लेषण शीर्षक वाले शोध प्रबंध के लिए विधि में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। प्रशांत कुमार, उदय कुमार के पुत्र, को मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा विधि में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। । उन्होंने 25 जून 2024 को मैट्स लॉ स्कूल, आरंग, रायपुर में ÷भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में महिला कैदियों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं और संबद्ध यातनाएं: एक चिकित्सीय-वैधानिक विश्लेषण÷ शीर्षक अपने पीएचडी शोध प्रबंध का सफलतापूर्वक बचाव किया। उनके शोध के पर्यवेक्षक डॉ. शिवकांत प्रजापति, सहायक प्रोफेसर, विधि, मैट्स विश्वविद्यालय, और सह-पर्यवेक्षक डॉ. राणा नवनीत रॉय, एसोसिएट प्रोफेसर, हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय थे। प्रशांत का शोध महिला कैदियों द्वारा सामना की जाने वाली मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और भारत की व्यापक आपराधिक न्याय प्रणाली के बीच जटिल संबंधों की गहराई से जांच करता है। उन्होंने प्रतिष्ठित स्कोपस-सूचीबद्ध और यूजीसी केयर-सूचीबद्ध पत्रिकाओं में तीन शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और इन सम्मानित मंचों के माध्यम से अपने निष्कर्षों को सफलतापूर्वक साझा किया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार शिवरीनारायण**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्र./ /वा./तह./2019 शिवरीनारायण दिनांक 09/07/2024

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सचेन्द्र साहू पिता राम प्रसाद जाति साहू ग्राम केरा तहसील शि.ना. जिला जांजगीर चांपा छ.ग. द्वारा अपने पिता रामप्रसाद पिता बुद्धू राम के जन्म/मृत्यु दिनांक 16/12/96 के जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 29/7/24 को नियत की गई है। जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अभिभाषक के द्वारा नियत तिथि को आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि बाद प्राप्त आपत्ति विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 09/07/24 को मेरे सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**शिवरीनारायण**

**कार्यालय, जनपद पंचायत डोंगरगांव**
**जिला-राजनांदगांव**

**// नीलामी सूचना //**

क्रमांक/958/ज.पं./स्था./2024-25 डोंगरगांव, दिनांक 22/07/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत व्यवसायिक परिसर (नव निर्मित दुकान) की नीलामी दिनांक 07/08/2024 दिन बुधवार को दोपहर 12:00 बजें से जनपद पंचायत सभाकक्ष में किया जाना है।

इच्छुक उम्मीदवार उक्त नीलामी के पूर्व 12,500/- अक्षरी बारह हजार पांच सौ रूपयें मात्र जमा करने पर नीलामी में भाग ले सकेगें। अन्य शर्ते एवं जानकारी जनपद पंचायत डोंगरगांव में कार्यालयीन समय में अवलोकन किया जा सकता है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत डोंगरगांव**

# फॉर्च्यूनर पार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, धमतरी में मिला वाहन

## बसंतपुर पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दबोचा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



ट्रांसपोर्टर की पॉश गाड़ी चुराने वाले दो आरोपियों को बसंतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शहर के नीलगिरी पार्क से चोरों ने फॉर्च्यूनर कार पार की थी। चोरी गई गाड़ी धमतरी में बस स्टैंड के पास से बरामद की गई है। आरोपी ओमप्रकाश देवांगन और उसके साथी गोविंद सरोज ऊर्फराहुल के साथ चोरी करना स्वीकार किया है। जैसे ही चोरी की जानकारी पुलिस को मिली थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन टीम के साथ खोजबीन के लिए रवाना हुए थे। उन्होंने बताया कि, दुर्ग-भिलाई की ओर जाने के बाद आरोपी की जानकारी धमतरी की ओर जाने की मिली। पुलिस टीम ने उसे कांकेर, केशकाल और कोंडागांव तक देर रात तक तलाश किया। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि कड़ी जांच-पड़ताल के बाद कार सुरक्षित मिल गई है। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक ट्रांसपोर्टर मनदीप सिंह की फॉर्च्यूनर कार की दिनदहाड़े शनिवार सुबह अज्ञात चोर घात लगाकर कार को लेकर रफूचक्कर हो गया था। कार मालिक ने उसका पीछा भी किया। ठाकुरटोला स्थित टोलप्लाजा तक पीछा करने के बावजूद अज्ञात चोर नजर नहीं आया। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी शुरू की। बताया जा रहा है कि पुलिस को धमतरी क्षेत्र में कार के होने की जानकारी मिली। इसके बाद धमतरी-जगदलपुर हाईवे के टोल बेरियर की जांच की गई। पुलिस को धमतरी शहर के बस स्टैंड के नजदीक शराब दुकान के पास कार खड़ी होने की जानकारी मिली। इसके बाद कार समेत आरोपी देवांगन को गिरफ्तार किया गया। कार चुराने की अलग-अलग वजह बताते हुए आरोपी पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था। बताया जा रहा है कि आरोपी भिलाई का रहने वाला है। वर्तमान में वह स्थानीय ममता नगर में अस्थाई रूप से निवासरत है। पुलिस को कार की खोजबीन के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। आरोपी ने कार क्यूं चुराई ये अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

## आज से शुरु होगी परीक्षाएं, नोडल ने ली बैठक

**मोहला।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड कक्षा द्वितीय अवसर मुख्य परीक्षा आयोजित किया जा रहा है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं 23 जुलाई से 12 अगस्त तक संचालित होगी। इस संबंध में परीक्षा के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी अविनाश ठाकुर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियो की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सुचारु रुप से पारदर्शिता पूर्वक परीक्षा आयोजन करने कहा है। जिले में 3 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। तीनों परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्षों व जिला उडनदस्ता को परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए निर्देशित किया गया है। बैठक में सभी केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा से संबंधी सभी व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही सभी केंद्राध्यक्षों को विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत परीक्षा में उपस्थिति सुनिश्चित कराने निर्देशित किया गया है। जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी में परीक्षा संचालन हेतु तीन परीक्षा केन्द्र सेजेस मोहला, सेजेस मानपुर एवं सेजेस अं.चौकी बनाया गया है।

# रिमझिम बारिश के बीच निकली पालकी यात्रा





पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सावन के पहले सोमवार शिवालयों में श्रद्धालुओं को तांता लगा रहा। पौ फ्टते ही शिवाभिषेक का क्रम शुरु हुआ। विशेषकर महिलाएं इस अवसर पर उत्साहित नज़र आई। दूसरी ओर पहले सोमवार को भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा निकली। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सभी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ और आयोजन भव्य रुप से संपन्न हुआ। वहीं सुबह शिवनाथ से जल लेकर कांवड़िए भी बागेश्वर धाम और सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर में अभिषेक के लिए पहुंचते रहे। इधर, आषाढ़ के आखिर में लगातार बारिश के बाद सावन के पहले दिन बारिश थमी रही।

## विभिन्न कोर्स में नि :शुल्क प्रशिक्षण के लिए 26 तक पंजीयन

**राजनांदगांव।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं को विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण 3 से 4 माह का होगा एवं दिग्विजय स्टेडियम कक्ष भदौरिया चौक राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण अंतर्गत घरेलू आईटी हेल्पडेस्क अटेंडेंट, सहायक इलेक्ट्रीशियन, मेसन जनरल, सोलर पीवी इंस्टॉलर (सूर्यमित्र) सहित अन्य कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक हितग्राही 26 जुलाई 2024 तक अपना पंजीयन जिला कौशल विकास प्राधिकरण संयुक्त कार्यालय के सामने कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में अपना पंजीयन करा सकते है।

## जिले में अब तक औसत 429.9 मिमी वर्षा दर्ज राजनांदगांव तहसील में हुई सर्वाधिक 50.7 मिमी वर्षा

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 429.9 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 20.5 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 50.7 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 9 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 7.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 50.7 मिमी, घुमका तहसील में 23.5 मिमी, छुरिया तहसील में 23.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 11.4 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 18 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# क्षतिग्रस्त हुए डस्टबीन किसी काम के नहीं नये डस्टबीन लगाने की आवश्यकता

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



स्वच्छ भारत अभियान के तहत घर घर एक नीला और एक हरा डस्टबीन बांटे गये थे और चौक चौराहों पर भी ऐसे ही दो बड़े-बड़े डस्टबीन स्टैंड पर लगाये गये थे। जहां नगरवासी अपना गीला और सूखा कचरा डालें और नगर को स्वच्छ बनाने में भरपूर सहयोग प्रदान करें। अब घरों में बांटे गये दो डस्टबीनों में से सिर्फ एक ही डस्टबीन का उपयोग हो रहा है। कुछ लोगों ने तो डस्टबीन के छेद को बंद करके बाल्टी जैसे पानी भरने का उपयोग करने में लगा दिया है। पुराने और टूटे डस्टबीनों को फिर से बदलकर दूसरा देने की व्यवस्था है या नहीं इसकी कोई जानकारी नहीं हैं। चौक चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे हुये बड़े साईज के डस्टबीन का हाल भी बुरा है। कई जगहों पर सिर्फलोहे का स्टैंड भर बचा है। दोनों डस्टबीन नष्ट हो चुके हैं, कई स्थानों पर डस्टबीन टूट चुके है तो कई जगहों से गायब हैं। बसस्टैंड के भी डस्टबीन खराब हो चुके हैं। चौक चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे डस्टबीन के न होने से लोग कूड़ा कहीं भी फेंक रहे हैं जिससे नगर की स्वच्छता को पलीता लग रहा है।

# सर्व आदिवासी समाज ने मांगी एसआईटी की जांच

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पुलिस की गिरफ्तारी के बाद निजी अस्पताल में बगैर पुलिस की गैरमौजूदगी में युवक की मौत के मामले में सर्व आदिवासी समाज ने मोर्चा खोल दिया है। समाज ने सोमवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए इस मामले में एसआईटी की मांग की है।

आरोप लगाया जा रहा है कि डोंगरगढ़ के बेलगांव में टाकेश्वर कंवर की पुलिस थाना में पूछताछ के नाम पर कथित प्रताड़ना के मौत हुई। सोमवार को छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज की ओर से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। समाज का आरोप है कि युवक की मौत के जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई हो। साथ ही मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता मुआवजा देने की भी मांग की है। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि टाकेश्वर कंवर ग्राम बेलगांव की मौत के जिम्मेदार नामजद आरोपी, पुलिस प्रशासन के कर्मचारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ के अधिकारी, मेडिकल कॉलेज पेंड्री राजनांदगांव के अधिकारियों पर एसआईटी गठित कर जांच कर दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति/मुआवजा राशि 50 लख रुपए एवं परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देना सुनिश्चित करने के संबंध में उक्त घटना को लेकर 21 जुलाई को सर्व आदिवासी समाज की बैठक कर सर्वसम्मति से समाज द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया है।

# राम वाटिका में शिव मंदिर के लिए हुआ भूमि पूजन



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

न्यू खंडेलवाल कॉलोनी, ममता नगर वार्ड क्रमांक 18 में निर्मित राम वाटिका में शिव मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन संपन्न हुआ। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को पार्षद संतोष पिल्ले ने मंदिर निर्माण का संकल्प लिया । वार्ड क्रमांक 18 न्यू खंडेलवाल कॉलोनी , ममता नगर वासियों को जल्द ही भोले भंडारी का मंदिर परिवार सहित मिलने जा रहा है । इस हेतु वार्ड पार्षद संतोष पिल्ले ने शुभ मुहूर्त में वार्ड वासियों के साथ भूमि पूजन किया। पार्षद पिल्ले ने कहा कि यथा संभव मंदिर का निर्माण श्रावण मास में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। भूमि पूजन में शामिल श्रद्धालु महिलाओं एवं पुरषों ने हर - हर महादेव के जयकारे के साथ मंदिर निर्माण के लिए संकल्पित पार्षद का धन्यवाद किया।

## अतिथि व्याख्याता के लिए 25 तक आवेदन आमंत्रित

**खैरागढ़।** स्व. देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गडई में अतिथि व्याख्याता पद के लिए 25 जुलाई को शाम 5 बजे तक आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र व आवश्यक दस्तावेज के साथ केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं वाहक के माध्यम से कार्यालय से पावती प्राप्त कर प्रस्तुत कर सकते हैं। संपूर्ण योग्यता व चयन प्रक्रिया के अतिथि व्याख्याता नीति 2024 के परिपालन में किया जाएगा। अतिथि व्याख्याता नीति 2024 का अध्ययन महाविद्यालय की सूचना पटल अथवा वेबसाइट www.govtcollecgegandai.com से किया जा सकता है। इसमें रिक्त पद अंग्रेजी, राजनीति विज्ञानं, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र, गणित, वाणिज्य, कंप्यूटर साइंस, इतिहास सभी के लिए एक पद स्वीकृत किया गया है।

## प्लेसमेंट कैम्प में 51 आवेदकों का हुआ प्रारंभिक चयन

**राजनांदगांव।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्पों के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी तारतम्बय में आज जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट कैम्प में पांच नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों के लिए 51 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। प्लेसमेंट कैम्प में 386 आवेदकों ने विभिन्न पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

# ट्रक से टकराई बाईक, 2 युवाओं की दर्दनाक मौत

## मोहड़ चौक समीप हादसा, युवाओं की हुई शिनाख्ति



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के आउटर में मोहड़ चौक समीप रविवार रात्रि में स्टेटहाइवे किनारे में खड़े ट्रक से टकराने से बाइक सवार 2 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना लगभग शाम 8 बजे की बताई गई है। दोनों युवा मृतकों की देर रात्रि तक कोमल नायक 22 वर्ष एवं नागेश फरदिया 25 वर्ष, मुचेदण्ड निवासी बतौर पहचान होने की खबर है। दरअसल रविवार रात्रि लगभग 8 बजे एक ट्रक सीजी 08 एसी 8558 मानपुर क्षेत्र से रायपुर की ओर जाते हुए मोहड़ चौक समीप खराबी आने से किनारे में खड़ा था। तभी मार्ग से गुजर रही बाइक सीजी 04 केटी 4236 खड़े ट्रक से जा टकराये। इस घटना में बाइक सवार कोमल 22 वर्ष व नागेश 25 वर्ष साकिन मुचेदण्ड को गहरी चोटें आई।

दोनों की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पहुंचते तक मौत हो जाने की खबर है। पुलिस विवेचना कर रही है।

# गुरु कुम्हार, सुनार, लोहार की तरह व्यक्ति को गढ़ने का कार्य करते है : स्वामी आनंद चैतन्य

■ गुरु शिष्य को ब्रह्म का साक्षात्कार कराते है

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा आयोजित गुरु पूजन कार्यक्रम अग्रसेन भवन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति का गुरु के बिना भवसागर से पार पाना असंभव है। उन्होंने कहा कि गुरु व्यक्ति को मनुष्य बनाता है, जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी को आकार देकर घड़ा इत्यादि का स्वरूप देता है, सुनार सोने को आकार देता है अथवा लोहार लोहे को आकार देता है, उसी प्रकार गुरु व्यक्ति को गुरु मंत्र देकर नया जीवन देते है। उन्होंने आगे कहा कि, जीवन में पैसा सबकुछ नहीं है, पैसे से जीवन नहीं खरीदा जा सकता। इसे हमने पिछले कोरेना काल के समय अनुभव किया है। एक उदाहरण के माध्यम से स्वामी जी ने कहा कि जिस प्रकार गीले कपड़े को उतारने में श्रम अधिक लगता है, किंतु सूखे कपड़े को उतरना सरल होता है क्योंकि सुखा कपड़ा उपासना, साधना है जिससे उसका वजन हल्का हो जाता है। मानस के दृष्टांत को बताते हुए स्वामी जी ने कहा कि बिना गुरु के जीवन का कोई महत्व नहीं है। व्यक्ति को भवसागर के पार पहुंचने के लिए गुरु दीक्षा लेना आवश्यक है। गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा आयोजित गुरु पूजन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालने के पश्चात पूज्य स्वामी द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य एवम सदगुरुदेव भगवान का विधि विधान से पूजन किया गया।

# शिक्षा सप्ताह अंतर्गत शिक्षण सामग्री की प्रदर्शनी गुरुपूर्णिमा महोत्सव में बताया टीएलएम का महत्व

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



अंचल के प्राथमिक शाला चिचदो में सोमवार को गुरुपूर्णिमा महोत्सव और शिक्षा सप्ताह दिवस का आयोजित हुआ। इस दरम्यान सहायक शिक्षण सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई गई। विद्यार्थियों को गुरु का महत्व बताया गया। इस दौरान प्रबंधन समिति सहित ग्रामीणों को टीएलएम के महत्व एवं उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत के शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने शाला परिसर में पौधारोपण किया। उक्त आयोजन में कोर ग्रुप के नोडल व एबीईओ जयंत साहू, राहुल जैन, शिक्षिका कोनिका सोनी एवं बीआरसी अरविंद रत्नाकर, प्रधानपाठक आरडी साहू, रूपेंद्र देवांगन, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेश्वरी कंवर एवं पालक समिति के सदस्य व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## लंबित वेतन वृद्धि की मांग, एनएचएम कर्मी सामूहिक अवकाश पर, नांदगांव से रायपुर पहुंचे चार दर्जनकर्मी

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के जिलेभर के 4 दर्जन कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर हैं। एनएचएम कर्मचारी 23 जुलाई को भी अवकाश पर रहेंगे। एनएचएम कर्मचारी संघ के अखिलेश सिंह ने बताया कि विधानसभा सत्र 2023 के अनुपूरक बजट में राज्य के 37 हजार संविदा कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री ने 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की थी, जो कई विभागों को प्राप्त हो चुका है, किन्तु प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और एड्स नियंत्रण कार्य म के कर्मचारी आज लगभग एक साल बीत जाने के पश्चात भी इससे वंचित हैं। उन्होंने बताया कि, कर्मचारी हित में 18 सूत्रीय मांग जो लंबे समय से लंबित हैं, कि संबंध में 8 जुलाई 2024 तक मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री सहित अन्य मंत्रीगणों, सांसदों और विधायकों को 8 जुलाई 2024 तक 24 बार भेंटकर ज्ञापन दिया जा चुका है।

## कुंभकर्णी नींद में सोई है साय सरकार : छन्नी साहू



**राजनांदगांव।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मती छन्नी चंदू साहू ने साय सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि साय सरकार को आठ महीना पूरा होने को है लेकिन जनता के हितों की चिंता ही नहीं है केवल भ्रष्टाचार की कीर्तिमान बना रही है। प्रदेश की भोली-भाली जनता से झूठे वादे कर सत्ता हथियाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के आठ महीने की कार्यकाल को जनता भलीभांति भांप चुकी है। गारंटियों को आखिर कब पूरा किया जाएगा। गली गली पर्ची बांटने वाले आठ महीने बाद भी क्षेत्र व प्रदेश में एक भी निर्माण कार्यों की भूमि पूजन शुरुआत भी नहीं हुई है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुए निर्माण कार्यों की घूम-घूम कर जनप्रतिनिधि फीता काट रहे हैं। लेकिन एक भी योजनाओं की आधारशिला धरातल पर नजर नहीं आ रही है। भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधि गारंटी तो नहीं पूरा कर पाए लेकिन गली-गली गांव-गांव हर चौक चौराहों पर अवैध शराब, जुआ, सट्टा,आदि अवैध कार्यों की गारंटी बांटी हुई है।

## पार्षदों के साथ युवा कांग्रेस- एनएसयूआई ने जिलाधीश से मुलाकात की

# जिला अस्पताल पहुंचने नाव चलाने की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पार्षदों और युवा कांग्रेस व एनएसयूआई ने जिला अस्पताल पहुंचने के लिए नाव चलाने की मांग की है। नगर निगम राजनांदगांव के पार्षद चंपू गुप्ता, ऋषि शास्त्री ने जिला अस्पताल राजीव नगर एवं इंदिरा नगर में बरसात में हो रहे जल भराव की समस्या को लेकर जिलाधीश को मुलाकात कर समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान युवा कांग्रेस सहित एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष गुरभेज सिंह मखीजा एवं अमर झा की मौजूदगी में ज्ञापन सौंपा। शास्त्री ने बताया कि लगातार बरसात के दिनों में आधे घंटे पानी बरसने पर जिला अस्पताल राजीव नगर और इंदिरा नगर की सड़कों में पानी भर जाता है। इसे लेकर पूर्व में भी संबंधित अधिकारी से शिकायत की गई थी। बावजूद समस्या का हल नहीं किया गया इससे नाराज होकर के युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के संयुक्त रूप से जिलाधीश की अगुवाई में नगर निगम क्षेत्र में जहां भी जल भरा होता है वहां नौका की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई है। वरिष्ठ पार्षद राजेश गुप्ता ने बताया कि हॉस्पिटल कॉलोनी एवं इंदिरा नगर में चार दिनों में रोजाना घरों तक पानी घुस रहा था। जो नाला 32 फिट हुआ करता था उसे निजी व्यक्ति द्वारा मात्र 5 से 7 फिट कर दिया गया है परंतु उनकी इन बातों पर सुनवाई नहीं हुई जिसका खामियाजा आज आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। अगर 7 दिन में समस्या नहीं सुलझी तो वह अनशन में बैठने को तैयार हैं जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। युवा कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष गुरवेज माखिजा एवं एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अमर झा बताया कि अगर प्रशासन शहर की जल भराव की समस्या को दूर नहीं करेगी तो इस पर आज हमने नौका संचालित करने की नसीहत दी है। इस अवसर पर एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव, आदित्य वैष्णव, उज्वल निर्मलकर, शुभम प्रजापति, युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



## मिथिलाधाम मंदिर में गुरूपूजन संपन्न

**राजनांदगांव।** गुरूपूर्णिमा के अवसर पर मिथिलाधाम मंदिर राजनांदगांव में गुरूपूजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिवशक्ति यज्ञ का पूर्णाहूति राम नाम संकीर्तन का सम्पन्न तथा रामायण नवान्ह पाठ का समापन हुआ। गुरूपूजन के पश्चात मौनी बाबा का भंडारा हुआ। सभी आगन्तुक भक्त गण प्रसाद प्राप्त कर गुरूदेव के साथ अयोध्या धाम दल्ली राजहरा के लिए रवाना हो गए। गुरूदेव मौनीबाबा श्रावण मास मे शिव अभिषेक करेंगे। मिथिला धाम मंदिर मे उग्र नारायण महाराज के द्वारा मंदिर प्रांगण मे स्थापित बाबा वैद्यनाथ शिव लिंग का पूजन अभिषेक यजमान मनोज चौधरी के द्वारा संपन्न होगा।

# सो रहे भाई-बहन को सांप ने डसा, दोनों की मौत

## अस्पताल पहुंचाया पर नहीं बच सकी जान

**राजनांदगांव।** सर्पदंश की घटना के बाद छुरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए गए दो मासूम भाई-बहन की मौत हो गई। घटना दामाबंजारी की है। यहां शनिवार की देर रात मां के साथ सो रहे दो बच्चों को देर रात सांप ने डस लिया था। परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि, दामाबंजारी में शनिवार की रात यह घटना घटी। 5 साल का रूद्र ताम्रकार और 2 साल की गरिमा ताम्रकार अपनी मां सोनी ताम्रकार के साथ सोए हुए थे। आधी रात बच्चे उठकर दर्द से कराहने लगे तो मां की नींद खुली। तभी उसने सांप को पलंग से नीचे की ओर जाते देखा। वो समझ चुकी थी कि, बच्चों को सांप ने डस लिया है। रात लगभग डेढ़ बजे धीरे-धीरे सांप के जहर से बच्चे बेहोश होने लगे। किसी तरह मां ने अपने ससुर को घटना की जानकारी दी। आनन-फानन में डायल-112 को बुलाया गया। गाड़ी से छुरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दोनों बच्चों की मौत होने की जानकारी चिकित्सकों ने दी। बताया जा रहा है कि मासूम बच्चों का पिता डिलेश्वर ताम्रकार मजदूरी करने के लिए बाहर गया हुआ है। उसे भी घटना की जानकारी दे दी गई है। बताया जा रहा है कि मासूम बच्चों की बड़ी बहन दूसरे पलंग पर सोई हुई थी, सौभाग्यवश वह बच गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना से परिजन सदमे में है। छुरिया थाना प्रभारी अविनाश वास ने बताया कि सांप के डसने से बच्चों की मौत हुई है। मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

# एसपी सिंह की कड़ी चेतावनी-सेटिंगबाज अफसरों की खैर नहीं अवैध धंधे में संलिप्त पाए जाने पर किसी को बख्शा नहीं जाएगा

## अपराध समीक्षा पर एसपी सिंह ने अनुविभागवार ली बैठक,विवेचकों को सचेत किया

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

रविवार को एसपी शशि मोहन सिंह ने अपराध समीक्षा बैठक लिया जिसमें समस्त राजपत्रित अधिकारी सहित थाना/चौकी प्रभारी सभी शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। उन्होंने अनुविभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एसपी सख्त तेवर में भी नजर आए। उन्होंने दो टूक कहा, किसी अवैध धंधे में संलिप्त अफसरों को बख्शा नहीं जाएगा वे नप जाएंगे।

**आवारा पशुओं पर हिदायत**-मुख्य सचिव ने मीटिंग लेकर आवारा पशुओं के संबंध में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है इस पर पुलिस अधीक्षक ने संबंधितों को अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर तत्काल कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही कोलाहल अधिनियम् के तहत् भी नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने निर्देषित किया गया।



**कड़े शब्दों में चेतावनी** -पुलिस अधीक्षक ने मीटिंग में उपस्थित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध गतिविधियों में किसी तरह की संलिप्तता पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। पुराने लंबित अपराधों की प्रत्येक थानावार समीक्षा की गई एवं शीघ्र निराकरण के लिए दिशा-निर्देश दिए।

**पेंडेंसी 10 प्रतिशत से नीचे लाएं**-इस बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थानों के आकड़ों का अनुविभागवार निरीक्षण किया, सभी थाना/चौकी के विवेचकों से उनके पास लंबित अपराध, मर्ग, चालान एवं 01 माह से अधिक समय से लंबित वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त शिकायतों पत्रों के बारे मे जानकारी ली एवं यथाशीघ्र निराकरण के लिए निर्देषित किया है। क्राईम पेंडेंसी की मौजूदा दर को 10 प्रतिशत के भी नीचे लाने के लिए निर्देशित किया गया है।

**फरियादियों से अच्छा व्यहार करें**- पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक थाना/चौकी प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक स्वयं गणना लेंगे साथ ही शिकायत के सम्बन्ध मे कोई भी व्यक्ति थाना/चौकी से निराश होकर न लौटे, सभी के साथ शालीनता एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें एवं सभी की शिकायतों पर निष्पक्ष जांच हो, साथ ही विभिन्न घटित अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए।

**ये रहें उपस्थित** -उक्त अपराध समीक्षा बैठक में एएसपी अनिल कुमार सोनी, एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, एसडीओपी कुनकुरी विनोद कुमार मंडावी, एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल, एसडीओपी बगीचा निमिषा पाण्डेय, उप पुलिस अधीक्षक विजय सिंह राजपूत, उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं कार्यालयीन शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

## जलस्त्रोतों में समय-समय पर करते रहें क्लोरोनाईजेशन



■ मौसमी, जल जनित, डायरिया और मलेरिया से बचाव के लिए रहें जागरूक : कलेक्टर नम्रता गांधी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बारसात के मौसम में मौसमी बीमारियों, मलेरिया और डायरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रहने कहा। साथ ही डायरिया से बचाव और सावधानी के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने लक्षण मिलने पर स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही वनांचल क्षेत्र सहित मैदानी क्षेत्रों और ग्रामीण अंचलों में डायरिया से बचाव के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के टीम को कार्य करने के निर्देश दिए है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल कौशिक ने मलेरिया और डायरिया से बचाव के लिए जिले में दीवार लेखन के जरिए लोगों को जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही मितानिनों के माध्यम से घर-घर जाकर जिंक और ओआरएस के पैकेट मुहैय्या कराई जा रहीं हैं। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में मलेरिया के बहुत कम मरीज मिल रहे हैं। इसके लिए सावधानी बरतते हुए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित् की गई है। इसके साथ ही मलेरिया की रोकथाम के लिए मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण किया गया है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर गांधी ने कचरा कलेक्शन, अपशिष्ट पृथक्करण, यूजर चार्जेस और साफ -सफाई वांछित प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने जलस्त्रोतों का क्लोरोनाईजेशन समय-समय पर करते रहने कहा। कलेक्टर ने कहा कि आश्रम, छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों की मासिक स्वास्थ्य जांच की जाए। किसी बच्चे की अगर तबियत खराब होती है, तो पहले उसका इलाज कराएं, उसके बाद ही उक्त विद्यार्थी को घर भेजें। साथ ही सभी आश्रम-छात्रावासों में बच्चों का स्वास्थ्य कार्ड बनाने के भी निर्देश कलेक्टर ने दिए।

# गुरु पूर्णिमा पर साई बाबा पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com




गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर साई बाबा पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा.राकेश गुप्ता शामिल हुए और उन्होंने उपस्थित जनों को गुरु के महत्व को समझाया। उन्होंने ने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान नहीं मिलता और बिना ज्ञान के जीवन बेहतर नहीं हो सकता है इसीलिए उन गुरुओं को हमेशा याद रखे जिनकी वजह से हम अपने जीवन के हर कठिनाई से लड़ कर आगे बढ़ जाते हैं। उन्होनें कहा कि माता पिता पहले गुरु होते हैं,फिर शिक्षक और उसके बाद आध्यात्मिक गुरू होते हैं। हमे अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञ रहना है,क्योंकि उनके द्वारा दिए गए ज्ञान के आधार पर ही हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आयोजित कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य मनोज कुमार,शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में रितेश कुमार तिवारी रेखा विश्वास तनय वर दुर्गा यादव संजीव जायसवाल ओमप्रकाश निशांत राजू लता कुमारी पिंकी पाल प्रिया वंदना राज रोशन कविता विश्वास साबरीन खान सबीना परवीन रखी कुमार भारती निर्मला सिंह समीता कुजुर सुरेन्द्र मिज राजकुमारी भास्कर गायत्री गुप्ता सरिता अनामिका रजक प्रीती गुप्ता अंजना टोप्पो ज्योति दयाल सदानंद कुमार तौहीद मंजर रिसीका हलदार उपस्थित रहे।

# रामानुजगंज भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक सपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

भाजपा मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता के नेतृत्व में कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं प्रभारी के रूप में कृष्णा गुप्ता ने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ता आपस में मिलकर कार्य करें और सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में मदद करें। व्ही बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मण्डल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है। हम सभी कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी ऊर्जा के साथ बूथ को जिताना है। क्योंकि बूथ जीता तो चुनाव जीता इस लक्ष्य




को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को कार्य करना है। वरिष्ठ भाजपा नेताओं में कन्हैया लाल अग्रवाल ओम प्रकाश सोनी अनूप तिवारी अरूण केशरी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जन जन तक पहुंचाने के लिए हर कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्य करे। इस अवसर पर तारावती सिंह, इरफान अंसारी,अशर्फी यादव,ललन यादव,संजय गुप्ता,दयाल विश्वास सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण भरी संख्या में उपस्थित थे।

# बदलावः नए पुलिस अधीक्षक ने संभाला पदभार



पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिले के नए पुलिस अधीक्षक का पदभार राजेश अग्रवाल ने सोमवार दोपहर 12:00 बजे के बाद संभाला और अधिकारियों से फीड बैक लिया। इसके अलावा जिले की भौगोलिक व क्राइम की स्थितियों के बारे में भी गहनता से चर्चा की। अपराध का तुलनात्मक रूप से एनालिसिस भी किया। इसके साथ ही उन्होंने महकमे को एक बेहतर पुलिसिंग का संदेश भी दिया। एसपी ने बताया कि जल्द ही जिले की थाना, चौकियों का निरीक्षण व अधिकारियों से मिलने के बाद और स्थितियां स्पष्ट होगी।

# फसल की बीमा के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई तक



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

खरीफ वर्ष-2024 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत बीमा के लिए 31 जुलाई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के लिए धान सिंचित, धान असिंचित, सोयाबीन, अरहर (तुअर), कोदो, कुटकी, रागी, मक्का, मूंग, उड़द एवं मूंगफली फसल अधिसूचित है। उन्होंने बताया धान सिंचित के लिए 1200 रूपए, धान असिंचित के लिए 860 रूपए, सोयाबीन के लिए 820 रूपए, अरहर (तुअर) के लिए 700 रूपए, मक्का के लिए 720 रूपए, उड़द एवं मूंग के लिए 440 रूपए, मूंगफली के लिए 840 रूपए, कोदो के लिए 320 रूपए, कुटकी के लिए 340 रूपए एवं रागी के लिए 300 रूपए प्रति हेक्टयर कृषक अंशराशि निर्धारित है। अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी अऋणी कृषक को फसल बुआई प्रमाण पत्र अथवा फसल बोने का स्वघोषणा पत्र, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2), बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड की छायाप्रति देना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि कृषक फसल बीमा के अंतिम तिथि के पूर्व निकटतम बैंक शाखा, ग्रामीण बैंक, सहकारी समिति, लोक सेवा केन्द्र, भारत सरकार की बीमा पोर्टल के माध्यम से बीमा करा सकते हैं। जिले में योजना का क्रियान्वयन एचडीएफसी इरगो जनरल इंश्योरेंश कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फलस बीमा के लिए आज जिला स्तर पर कार्यशाला का भी अयोजन किया गया है। जिसमें मैदानी अमले को ग्राम पंचायतस्तर पर प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# मनरेगा के तहत बना कुआं दिव्यांग प्रग्नील ज्वेल की बदली तकदीर

■ कुआं के पानी से ले रहे दो फसलों का लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

आज भी गांव में कुंआ का कितना महत्व है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पुराने लोग सैकड़ों वर्ष पहले जब भी कभी कोई नई बस्ती या गांव बसाते थे तो सबसे पहले देखते थे कि आसपास जमीन में मीठा पीने योग्य पानी है कि नहीं ? लोग पशुओं और अपने नहाने धोने के लिए तालाब या कुआं निर्माण अवश्य करते थे। ग्रामीण क्षेत्रों में साफ पानी व निस्तार सुविधा के लिए कुंआ पर आश्रित रहते थे। गांव में जल आपूर्ति का एकमात्र स्रोत अगर है तो वह है कुआं। कुआं एक ऐसी संरचना है जिसे जमीन को खोदकर बनाई जाती है और एक बड़ा भू-जल को प्राप्त करते हैं। 1990 दशक के आसपास इन कुओं में जलपंप से खेतों की सिंचाई भी करते थे। ग्रामीण



क्षेत्र में आज भी कुंआ का अपना सामाजिक महत्व है। जिले के मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत सिंगपुर निवासी प्रग्नील ज्वेल जो अस्थि बाधित दिव्यांग हैं जिनका जॉब कार्ड नंबर 09.004.060.001/49 है। वर्ष 2020-21 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कुंआ निर्माण के लिए जिला कार्यालय से राशि 2 लाख 57 हजार रुपए की स्वीकृति मिली थी जिसे वित्तीय वर्ष - 2023-24 में पूर्ण किया। कुंआ निर्माण की जानकारी श्री प्रग्नील ज्वेल को जनपद पंचायत मगरलोड के माध्यम से प्राप्त हुआ। कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद भी रबी फसल का लाभ मिलेगा नहीं ले पाते थे। दलहन तिलहन के लिए भी पानी की समस्या हमेशा ही बना रहता था। लेकिन महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कुंआ निर्माण होने से सिंचाई सुविधा में आ रही सारी समस्या का समाधान हो गया। इस संबंध में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि जिले महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं अजजा, अजा, अन्य पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता देते हुए उनकी आजीविका में बढ़ोतरी हेतु बाड़ी एवं सिंचाई सुविधा के लिए जिले के योजनांतर्गत 15 हितग्राहियों को व्यक्तिगत कुंआ निर्माण के लिए राशि - 39 लाख 6 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। कुंआ निर्माण से लाभान्वित हितग्राही आर्थिक रूप से सक्षम होकर पारिवारिक जीवन की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं।

# संकुल केन्द्र डौड़काचौरा के शासकीय आदर्श उच्च.माध्यमिक विद्यालय में गुरू पूर्णिमा उत्सव औरप्रदर्शनी का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सोमवार का संकुल केंद्र डोडकाचौरा के शा. आदर्श उ.मा. वि.डोडकाचौरा के शाला परिसर में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्राचार्य कमला केरकेट्टा, डी.पी. सारथी (सेवानिवृत्त शिक्षक), एल.डी.चौहान (सेवानिवृत्त प्रधान पाठक) संस्था के सभी शिक्षकों के द्वारा माता सरस्वती के प्रतिमा में द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य ग्लोरिया लकड़ा, संकुल समन्वयक अमित अम्बष्ट और छात्रो के द्वारा किया गया। उसके बाद सभी शिक्षकों का भी स्वागत छात्रों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा गुरू वंदना प्रस्तुत कर सबको मोह लिया गया ÷अम्ब विमल मति दे÷ कि झंकार ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आर्शीवचन में अतिथियों व प्राचार्य



के द्वारा गुरु महिमा पर प्रकाश डाला गया। छात्रों को कच्ची मिट्टी व शिक्षक को कुम्हार के रूप में प्रदर्शित किया गया । सभी शिक्षकों ने गुरु के महत्व पर अपना उद्बोधन देकर समा बांध दिया। इस प्रकार प्रथम पहर में बच्चों ने अपने जीवन मे गुरू के महत्व को जाना तथा दूसरे पहर में नेप 2020 की चौथी वर्षगाँठ में शिक्षा सप्ताह मनाने के निर्दशानुसार प्रथम दिवस में टीएलएम के प्रयोग से सीखना-सिखाना कितना आसान और रोचक हो जाता है इस विषय में बच्चों को बताया गया। बच्चों ने विज्ञान और गणित के शिक्षा के प्रति रोचकता उत्पन्न करने के लिएशिक्षकों के द्वारा मानव पाचन तंत्र, उत्सर्जन तंत्र साथ इकाई दहाई संकल्पना पर आधारित एव्म अन्य विषयों पर ॠरू प्रदर्शनी लगाई गई ।साथ ही राज्य शासन के निर्दशानुसार गुरू पूर्णिमा के उप्लक्षय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन स्वेता दुबे के द्वारा किया गया साथ ही संस्था की प्राचार्या ग्लोरिया लकड़ा, संकुल समन्यक अमित अम्बस्ट और संस्था के सभी शिक्षकों, छात्रो ने अपना अमूल्य योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## राय ने विधानसभा घेराव के कांग्रेस के ऐलान को कोरी सियासी ड्रामेबाजी बताया

# कृष्ण कुमार राय ने पूछा-कांग्रेस आज किस मुँह से कानून-व्यवस्था के नाम पर विधवा-प्रलाप कर रही है?

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने छत्तीसगढ़ की कानून-व्यवस्था को लेकर कांग्रेस द्वारा विधानसभा के घेराव के ऐलान को कोरी सियासी ड्रामेबाजी बताते हुए कहा है कि प्रदेश में अपराधों की रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार सतत ठोस कदम उठा रही है और मुद्दाविहीन हो चली कांग्रेस इसमें ओछी राजनीति कर रही है। राय ने कहा कि दरअसल कांग्रेस नेताओं को अपने पिछले शासनकाल के आईने में अपने नाकारापन की सच्चाई देखना चाहिए, जब पूरा प्रदेश अपराधगढ़ बन गया था। भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि आज भाजपा सरकार न केवल अपराधों की रोकथाम के लिए सतत प्रयत्नशील है, अपितु प्रदेश को नक्सलियों के आतंक से मुक्त करने की दिशा में तेजी और सख्ती से



पहल कर रही है। राय ने कहा कि बीजापुर का कांग्रेसी नेता तेलंगाना में हार्डकोर नक्सली के साथ पकड़ा गया था और यहां भूपेश सरकार के मंत्री उसके अपहरण की कहानी सुना रहे थे! कांग्रेस के शासन में छत्तीसगढ़ में एक साल में दस भाजपा पदाधिकारियों की टारगेट किलिंग भूपेश बघेल सहित चार तत्कालीन मंत्री अपने जिले को नहीं संभाल पा रहे थे। कांग्रेस के शासनकाल में न केवल माफिया राज, गुंडागर्दी बढ़ी, बल्कि प्रदेश के नागरिकों का आत्म-सम्मान के साथ सुरक्षित जीना तक दूभर हो गया था। हर तरह के अपराधों की तो बाढ़ आ गई थी। भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री राय ने कहा कि जिस कांग्रेस के राज में छतीसगढ़ का कवर्धा साम्प्रदायिक दंगे की आग में झुलस गया, जिस कांग्रेस के राज में जबरिया धर्मांतरण के चलते आदिवासियों में वर्ग-संघर्ष के खतरनाक हालात पैदा हो गए थे, जिस कांग्रेस के राज में 'हिन्दुस्तान जिंदाबाद' कहने पर भिलाई में एक सिख युवक की सरेआम हत्या करके उसके शव के साथ तक बदसलूकी की गई, जिस कांग्रेस के राज में रक्षाबंधन के दिन दो बहनों के साथ दरिंदगी हुई और उसके आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण देने के लिए कांग्रेस के लोग हाथ-पैर मारते देखे गए, जिस कांग्रेस के राज में शिक्षक दिवस के दिन एक आदिवासी शिक्षिका सामूहिक यौन दुष्कर्म की शिकार हुई, जिसमें एक आरोपी कांग्रेस का नेता था, जिस कांग्रेस के राज में महिला दिवस के दिन राजधानी में महिलाओं पर अत्याचार की पराकाष्ठा की गई, जिस कांग्रेस राज में जशपुर के दिव्यांग छात्रावास में छात्राओं के साथ अनाचार किया गया, वह कांग्रेस आज किस मुँह से कानून-व्यवस्था के नाम पर विधवा-प्रलाप कर रही है? राय ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में तो पुलिस इंस्पेक्टर बालिका छात्रावास में घुसकर मारपीट और गाली-गलौज करते थे। कई संगीन अपराधों में कांग्रेस नेता या उनके परिजनों की संलिप्तता को प्रदेश भूला नहीं है। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि सत्ता के नशे में कांग्रेसी इतने चूर हो गए थे कि कानून हाथ में लेने में भी उन्हें कोई संकोच नहीं रह गया था। कांग्रेस सरकार के समय ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे ने एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। तत्कालीन कांग्रेस विधायक बृहस्पति सिंह एक बैंक कर्मचारी को थप्पड़ मारते एक वायरल वीडियो में दिखाई दिए। रेत माफिआओं ने भाजपा पदाधिकारी के पैर पर गंभीर वार कर तोड़ दिए थे। राजधानी रायपुर में तो सरेराह खून से लथपथ एक नाबालिग युवती के बाल खींचते हुए हाथ में कटार लिए अधेड़ घूमता रहा। राय ने कहा कि हालात इतने बदतर हो चले थे कि भूपेश सरकार को रासुका लगाने जैसा पाखंड करना पड़ा? रासुका लगाकर कांग्रेस सरकार खुद भी यह मान चुकी थी कि प्रदेश की कानून-व्यस्था उसके नियंत्रण से बाहर चली गई है और लॉ एंड आर्डर मेंटेन रखने के अपने मूल दायित्व को निभाने में सरकार विफल हुई थी। दरअसल, बलौदाबाजार में जातीय विद्वेष फैलाने के षड्यंत्र में अपनी भूमिका पर उठती जाँच की आँच से बेचैन कांग्रेसी कानून-व्यवस्था के नाम पर मगरमच्छ के आँसू बहाकर प्रदेश को भरमाने में लगे हैं।

# सीएचसी कासाबेल में में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांसाबेल में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एस. तिर्की के मार्गदर्शन तथा दिशा निर्देश पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 70 यूनिट ब्लड प्राप्त हुआ। शिविर में कांसाबेल एवं सरईपानी के युवाओं,थाना कांसाबेल तथा समस्त सी एच सी कांसाबेल स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। रक्तदान एक महादान है जो कई मरीजों की जान बचाने में मददगार साबित होगा और जरूरतमंद लोगों को समय पर ब्लड प्राप्त हो सकेगा।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव की संवेदनशील पहल

## छत्तीसगढ़ की पबिया, पविया, पवीया जाति को अनुसूचित जनजातियों की सूची में पाव जाति के साथ शामिल करने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्षो से अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र प्राप्त करने की बाट जोह रही छत्तीसगढ़ की पबिया, पविया, पवीया जाति को अनुसूचित जनजातियों की सूची में पाव जाति के साथ शामिल करने के लिए संवेदनशील पहल की है। मुख्यमंत्री ने इन जातियों का नृजातीय अध्ययन प्रतिवेदन अनुशंसा सहित भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय को आगे की कार्यवाही के लिए भेजा है। प्रदेश भर से आए पाव, पबिया, पविया, पवीया जाति के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक रामकुमार यादव के नेतृत्व में आज विधानसभा के समिति कक्ष में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उनकी इस संवेदनशील पहल के लिए आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री साय ने प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों की लंबे समय से अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल होने की मांग थी। राज्य शासन द्वारा अनुशंसा सहित प्रतिवेदन भारत सरकार को भेजा गया है। उम्मीद है इसका सकारात्मक परिणाम आएगा। उन्होंने बारिश के मौसम में प्रदेश भर से रायपुर आने के लिए प्रतिनिधि मंडल को धन्यवाद दिया। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि मध्यप्रदेश के समय उन लोगों के अनुसूचित जनजाति के प्रमाण पत्र बन रहे थे, लेकिन मात्रात्मक त्रुटि के कारण पिछले 22 वर्षों से प्रमाण पत्र बनना बंद हो गया है, इसकी वजह से हमारे बच्चों को अनुसूचित जनजाति वर्ग को मिलने वाले लाभ नहीं मिल पा रहे हैं। हमारे बच्चे पढ़ाई-लिखाई में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री साय द्वारा भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय को अनुशंसा सहित प्रतिवेदन भेजने के लिए धन्यवाद दिया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पूरे प्रदेश में इन जातियों की जनसंख्या लगभग 22 हजार है। यूं तो ये लोग पूरे प्रदेश में पाए जाते हैं लेकिन प्रमुख रूप से चंद्रपुर, रायगढ़, लैलूंगा, खरसिया, पेंड्रा, मरवाही और जशपुर में रहते हैं। छत्तीसगढ़ के आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पाव, पबिया, पविया, पवीया जाति का नृजातीय अध्ययन करने के बाद प्रतिवेदन तैयार किया है, जिसमें इन जातियों को लक्षणों के आधार पर अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की अनुशंसा की गई है। विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री साय संवेदनशील मुख्यमंत्री हैं। आज उपस्थित जाति के लोग वास्तव में आदिवासी हैं, लेकिन उन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा है। इनके हित में मुख्यमंत्री ने अच्छी पहल की है। उन्होंने समाज के सामाजिक भवन के लिए रायपुर में जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

### मुख्यमंत्री ने नजदीक से महसूस किया है जनजातियों का दर्द

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं भी अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं। उन्होंने बिरहोर, पहाड़ी कोरवा सहित अनुसूचित जनजातियों के लिए अपने सार्वजनिक जीवन के प्रारंभ से काम किया है, इसलिए वे जनजातियों का दर्द अच्छे से जानते हैं।

# सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने देर रात तक चलाए जा रहे हैं मुहिम

## कलेक्टर लंगेह के सख्त निर्देश का दिख रहा असर

पायनियर संवाददाता < कोरिया
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में सड़कों पर आवारा मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए विगत दिनों नगरीय निकाय, पशुपालन विभाग, जनपद पंचायतों और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त सघन मुहिम चलाने के निर्देश दिए थे। निर्देश का असर दिखने लगा है। जनपद पंचायत बैकुंठपुर व सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकाय शिवपुर-चरचा, बैकुंठपुर के अधिकारी, पशुपालन विभाग के अमले लगातार सड़को से आवारा मवेशियों, पशुपालन को हटाने देर रात तक मुहिम चला रहे हैं, वहीं आवारा मवेशियों को गौठान में भेज रहे हैं। बैकुंठपुर, पटना, कटगोड़ी, सोनहत, नगर, बचरा (पोड़ी)आदि स्थानों से लगातार देर रात तक मवेशियों को हटाने का मुहिम चलाया जा रहा है। जिले के राज्य और राष्ट्रीय मार्गो पर विचरण और बैठने वाले सभी आवारा मवेशियों को हटाने के लिए संयुक्त अभियान चलाए जा रहे हैं। कलेक्टर लंगेह ने आवारा मवेशियों को हटाने में लगे अमले को प्रोत्साहित किया साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि सड़कों से गुजरते समय आवारा मवेशियों को जरूर हटाने में मदद करें ताकि किसी भी तरह की सड़क दुर्घटना न हो। साथ लंगेह ने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि सड़कों पर बैठे मवेशियों के मालिकों का चिन्हांकन कर उन पर आर्थिक दंड लगाया जाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि ऐसे पशुपालकों को भविष्य में मवेशियों को सड़कों पर न छोड़ने की सख्त हिदायत दी जाए। कलेक्टर ने पशुपालकों से अपील की कि वे मवेशियों को सड़कों पर न छोड़ें, क्योंकि इससे जान-माल का खतरा बना रहता है। आम जनता से अपील करते हुए कहा कि सड़कों से मवेशियों को हटाने में प्रशासन की इस मुहिम को सहयोग करें।

# अब तय नहीं करनी होगी लंबी दूरी, पहाड़ी कोरवाओं को नजदीक के दुकानों में मिलेगी राशन

## कोरबा के छह दूरस्थ गांव के ग्रामीणों का सहारा बना पीडीएस

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



बेहतर वितरण प्रणाली से देश-विदेश में अपनी पहचान साबित कर चुकी छत्तीसगढ की सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस ) सही मायने में ग्रामीणों के लिये वरदान साबित हो रही है। दूरस्थ अंचल तक शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित होनें से पहाडी व सरहदी इलाकों में बसने वाले ग्रामीणों को सहूलियते बढ गई है साथ ही सैकड़ों गरीब परिवारों को समय पर खाद्यान्न मिलने की गारंटी भी हो गई है। राज्य में ऐसे कई ग्राम पंचायत है जो दूरस्थ क्षेत्र में होने के साथ ही मजरा टोले एवं पारा से जुड़े है और इन ग्रामों की आबादी न तो घनी है है और न ही अधिकांश घर आस पास है। विषम परिस्थितियों के बीच बसर करने वाले ग्रामीणों का शासकीय उचित मूल्य की दुकान खाद्यान्न सहायता योजना अंतर्गत मिल रही खाद्यान्न ही एकमात्र सहारा है, जहां इन्हें प्रत्येक माह चावल समेत दूसरी सामग्री मिलने की गारंटी होती है। कोरबा जिले के सुदूर वनांचल लामपहाड़ सहित बगदरीडांड, परसाखोला, बहेरा, खोरी भावना,सरडीह के कार्डधारियों को पहले अपने ग्राम पंचायत में 12 से 17 किलोमीटर तक की दूरी तय कर खाद्यान्न लाना पड़ता था। इस दौरान उन्हें खाद्यान्न लाने के लिए किराए का वाहन तक भी लेना पड़ता था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुशार कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग ने राशन दुकान से बहुत दूर आश्रित ग्रामों के कार्डधारियों को नजदीक के राशन दुकानों में खाद्यान्न लेने की व्यवस्था की है। इस व्यवस्था से सबसे ज्यादा दूरस्थ क्षेत्र लाम पहाड, सरडीह, बगदरीडांड में रहने वाले पहाड़ी कोरवा लाभन्वित हुए हैं। कोरबा विकासखंड से लगभग 80 किलोमीटर दूर ग्राम लामपहाड में बड़ी संख्या में पहाड़ी कोरवा निवास करते हैं। लामपहाड़ ग्राम पंचायत बड़गांव का आश्रित ग्राम है। जो कि बड़गांव से 12 किलोमीटर दूर है।

# बस्तर विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को सीधा प्रवेश

**रायपुर।** शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर द्वारा पहली बार अपने विश्वविद्यालय के विभागों में सत्र 2024-25 से बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम., एम.ए., एम.एस.सी. और एम.कॉम. में सीधा प्रवेश दिया जा रहा है। इच्छुक छात्र-छात्राएं सीधे विश्वविद्यालय जाकर 31 जुलाई तक प्रवेश ले सकते है। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https// smkvbastar.ac.in पर उपलब्ध है। विश्वविद्यालय कैम्पस में छात्र-छात्राओं के लिए पृथक-पृथक हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है। बस्तर विश्वविद्यालय में ग्रेजुएशन के छात्रों के लिए शुल्क 975 रुपये और पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए 3 हजार 650 रुपये के शुल्क निर्धारित है। विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के पढ़ने के लिए 24 घंटे लाइब्रेरी की सुविधा भी उपलब्ध है। प्रवेश संबंधी अन्य जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 8712227321, 8712229289 पर संपर्क कर सकते हैं।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403